www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
20 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 69, 14 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

नवजोत सिंह सिद्धू लंबे अरसे बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे P-12



संयुक्त राष्ट्र का तपती धरती पर रेड अलर्ट

# ग्लोबल वार्मिंग ने लक्ष्मण रेखा लांघी

**खतरे में धरती | 1 |**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। ग्लोबल वॉर्मिंग को 1.5 डिग्री के नीचे रखने की कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के 12 महीनों के दौरान वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव, एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि हमारा ग्रह खत्म होने की कगार पर है।

विश्व मौसम विज्ञान संस्थान (डब्ल्यूएमओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, ना केवल बीता वर्ष बल्कि बीता पूरा दशक भी धरती पर अब तक का सबसे गर्म रहा। संस्थान ने चेताया है कि वर्ष 2024 भी गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ेगा।

**सालभर के औसत स्तर से आगे :** यूरोपीय संघ की कॉपरनिकस क्लाइमेट सर्विस के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में तापमान 1.5 डिग्री से ठीक नीचे 1.48 पर था, लेकिन इस वर्ष की रिकॉर्ड गर्म शुरुआत ने 12 माह के औसत को उस स्तर से आगे बढ़ा दिया।

**इन मुद्दों पर चिंता :** डब्ल्यूएमओ की वैश्विक जलवायु रिपोर्ट में वर्ष 2023 में ग्रीनहाउस गैसों, भूमि, पानी के तापमान, ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का भी हवाला दिया गया। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब सरकारें और विशेषज्ञ ग्लोबल वार्मिंग रोकने के उपायों पर चर्चा के लिए 21-22 मार्च को कोपेनहेगन में मंथन के लिए जुटेंगे।

**1.5** डिग्री तक वैश्विक तापमान को सीमित करना है पेरिस समझौते का लक्ष्य

**1.48** डिग्री रहा 2023 का तापमान, मगर इस साल की गर्म शुरुआत के चलते औसत ताप 1.5 डिग्री को लांघ गया

### खतरे की घंटी

रिपोर्ट में समुद्री स्तर के अचानक बढ़ने को भी खतरे की घंटी बताया गया है। डब्लूएमओ के अनुसार, पिछले एक दशक (2014-2023) में समुद्र का जलस्तर पूर्व के दशक की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इस तरह के जलवायु परिवर्तन से दुनिया भर में परेशानियां हो रही हैं।



"हमारे पास अब भी मौका है कि हम दीर्घकाल में ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री की सीमा के नीचे रख पाएं। और हम जानते हैं कि ये कैसे हो सकता है।
-एंटोनियो गुतारेस, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

## भारत तीसरा सबसे प्रदूषित देश

**खतरे में धरती | 2 |**

- आईक्यू एयर की ताजा रिपोर्ट में हुआ खुलासा
- खराब हवा मामले में दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारत वर्ष 2023 में दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित देश रहा। स्विस संगठन आईक्यू एयर की रिपोर्ट में यह दावा किया गया।

संगठन ने दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों और राजधानियों की सूची जारी की है। देश श्रेणी में बांग्लादेश पहले और पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। राजधानी की श्रेणी में दिल्ली सबसे प्रदूषित रही। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में पीएम 2.5 के स्तर में विशेष रूप से चिंताजनक वृद्धि देखी गई। अध्ययन के दौरान पाया गया कि यह 10% तक बढ़ गई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि जीवाश्म ईंधन जलाना प्रदूषण के बड़े कारणों में से है। ›भारत के नौ शहर P14

## केजरीवाल समन पर हाईकोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब तक नौ समन भेज चुकी है। इस मामले में केजरीवाल ने ईडी के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। हाईकोर्ट 20 मार्च को मामले में सुनवाई करेगा। ›गिरफ्तारी की साजिश P02


## शरद खेमे को नया चुनाव चिह्न मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को आगामी चुनावों में इस नाम का उपयोग करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की पीठ ने शरद पवार गुट को 'तुरही बजाता आदमी' को चुनाव चिह्न के रूप में इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी। ›ब्योरा P07

# ऐलान : तीस लाख नौकरियों के साथ कांग्रेस की 25 गारंटी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में घोषित पांच न्याय और 25 गारंटियों पर मुहर लगा दी है। इसमें 30 लाख नौकरियों देने का वादा प्रमुख है। कांग्रेस ने मंगलवार को घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने और इसे जारी करने की तिथि तय करने के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अधिकृत किया। घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' करार देते हुए पार्टी ने कहा कि यह देश को राह दिखाएगा।

चुनाव घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने के लिए हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि करीब तीन घंटे तक घोषणा पत्र पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की प्रशंसा की गई। घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम ने 43 पेज के इस दस्तावेज को पढ़कर सुनाया। सूत्रों के मुताबिक, कई सदस्यों ने देश के हालात पर चिंता जताते हुए नफरत फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के वादे का सुझाव दिया। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस न्याय पत्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के साथ लद्दाख को विशेष दर्जा देने और महिलाओं को नौकरियों में 50% आरक्षण का वादा भी कर सकती है। › 85 सीट पर चर्चा P07



- बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की प्रशंसा की गई

### राष्ट्रव्यापी ओपीएस पर चर्चा

केंद्र के राज्यों से रिश्ते बेहतर बनाने के साथ सीडब्ल्यूसी में जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने के लिए जरूरी कानून बनाने का भी सुझाव आया। पार्टी राष्ट्रव्यापी ओल्ड पेंशन योजना लागू करने के साथ संविधान संशोधन कर एससी/एसटी/ओबीसी के लिए 50 फीसदी की आरक्षण सीमा खत्म करने का वादा करने की तैयारी कर रही है।

## सीएए पर तुरंत रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- शीर्ष अदालत ने केंद्र से तीन सप्ताह में जवाब मांगा
- मामले की अगली सुनवाई अब 9 अप्रैल को होगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) पर तुरंत रोक लगाने से इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मांग को लेकर दाखिल 20 अर्जियों पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का वक्त दिया है। इसके साथ ही पीठ ने मामले की सुनवाई 9 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि 'हम पहली नजर में इस मसले पर अपना कोई विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। हमें याचिकाकर्ताओं और दूसरे पक्ष यानी सरकार को भी सुनना है, इसलिए किसी तरह का कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जरनल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता है। उन्होंने कहा कि कानून पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जियों पर हमें जवाब के लिए वक्त दिया जाए। ›वक्त मांगा P13

## महुआ के खिलाफ होगी सीबीआई जांच : लोकपाल

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा की मुश्किलें फिर बढ़ सकती हैं। पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में लोकपाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को मोइत्रा के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया है।

हालांकि, सीबीआई की ओर से इस मामले में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। लोकपाल ने सीबीआई को छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया है। साथ ही अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद संपूर्ण जानकारी का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने के बाद इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता है कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। खासकर उनके पद को देखते हुए। इस कारण सत्य को स्थापित करने के लिए गहन जांच जरूरी है।

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बोले, सत्यमेव जयते

लोकपाल के आदेश का हवाला देते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, सत्यमेव जयते। मेरी शिकायत को सही मानते हुए लोकपाल ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया।

## प्रमुख पांच

### जन्मभूमि विवाद में याचिका का निपटारा

1 शीर्ष अदालत ने शाही ईदगाह मसाजिद प्रबंध समिति को हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर आदेश वापस लेने की मांग करने की स्वतंत्रता दी है। P05

### निवेशकों के 4.86 लाख करोड़ डूबे

2 शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। P11

### चीन के दावे को भारत ने बेतुका करार दिया

3 अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की बेतुकी टिप्पणियों को भारत ने खारिज करते हुए निराधार बताया है। P13

### भाइयों की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

4 बदायूं में दो सगे भाइयों की गला रेतकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। P13

### नकली दवाओं का हो असली इलाज

5 बाजार में नकली या घटिया दवाओं की हिस्सेदारी 35 से 40 प्रतिशत तक बताई जाती है। यह गंभीर चिंता का विषय है। नकली दवा कारोबारियों पर तत्काल नकेल कसनी चाहिए।



चंद्रकांत लहारिया P08

## बांके बिहारी मंदिर में भीड़ के चलते एक श्रद्धालु की मौत

- पुलिस ने कहा, हृदयाघात की वजह से हुई 68 वर्षीय बुजुर्ग की मौत
- दिल्ली निवासी एक अन्य श्रद्धालु बेहोश, अस्पताल में भर्ती कराया

**वृंदावन, हिन्दुस्तान संवाद।** बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार को बुजुर्ग की मौत हो गई। एसएसपी ने मौत की वजह हार्ट अटैक बताई है।

मुंबई में सांई कोलीबाड़ा निवासी 68 वर्षीय सुनील किशोरीलाल मंगो 40 श्रद्धालुओं के दल के साथ 17 मार्च को ब्रज क्षेत्र पहुंचे थे। सुबह करीब 11 बजे बिहारीजी के मंदिर में दर्शन के बाद सुनील की तबीयत खराब हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बेचैनी की हालत में वह गेट नंबर एक से निकलकर चबूतरे पर आए और वहीं गिर पड़े। लोग उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, एसएसपी मथुरा शैलेष पांडे ने बताया कि मुंबई निवासी सुनील बांकेबिहारी के दर्शन के बाद वह बाहर निकले तो उन्हें हार्टअटैक आया। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मंदिर के अंदर दम घुटने से मौत की सूचना गलत है।

बुजुर्ग की मौत के कुछ देर बाद मंदिर के पास सांस लेने में तकलीफ और भीड़ का दबाव सहन न करने पर ईस्ट दिल्ली निवासी किन्नर 22 वर्षीय विशाल बेहोश हो गया। साथी उसे सौ शैय्या अस्पताल ले गए, जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

## सख्तीः रामदेव को कोर्ट में पेश होने का आदेश

**नई दिल्ली, वि.सं.।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों को लेकर भ्रामक विज्ञापन देने से जुड़े अवमानना के मामले में जवाब दाखिल न करने पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक रामदेव व कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। ›कड़ी आपत्ति P13

## नियुक्ति : संजय मुखर्जी बंगाल के नए डीजीपी बने

**कोलकाता, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने 24 घंटे में दूसरी बार पश्चिम बंगाल का डीजीपी बदला है। आयोग ने मंगलवार को संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का नया डीजीपी नियुक्त किया। आयोग का यह फैसला राजीव कुमार के स्थान पर विवेक सहाय को डीजीपी नियुक्त करने के एक दिन बाद आया है। › सवाल उठाए P07

## फैसला : यूपीएससी प्री परीक्षा चुनाव के चलते स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के कारण यूपीएससी प्रीलिम्स की परीक्षा टाल दी गई है। अब यह परीक्षा 26 मई को नहीं बल्कि 16 जून को कराई जाएगी। उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड परीक्षा से कुछ दिन पूर्व ऑनलाइन माध्यम से जारी कर दिए जाएंगे। इससे संबंधित जानकारी आयोग ने अपनी वेबसाइट पर जारी की है।






चुनाव आयोग से

# कौन है प्रत्याशी और कहां मतदान केंद्र, ऐप करेगा राह आसान

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। आयोग ने इस बार मतदाताओं और उम्मीदवारों से लेकर चुनाव आचार संहिता में जनभागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कई ऐप बनाए हैं। मतदाता घर बैठे वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र से लेकर प्रत्याशियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, उम्मीदवारों को चुनाव आयोग से मंजूरी पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे...

### सी विजिल : इस पर सीधे शिकायत होगी

आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती होती है। इस ऐप के माध्यम से लोग चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में आयोग को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। इस पर उल्लंघन संबंधित वीडियो और फोटो भी अपलोड किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें आपको लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि आयोग का यह ऐप खुद ही उस जगह की पहचान कर लेगा। इससे कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत बिना कहीं जाए की जा सकती है।



### वोटर हेल्पलाइन

इस मोबाइल ऐप पर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता के लिए उपलब्ध सभी सेवाएं मिलती हैं। आप मतदाता सूची में नाम देखने से लेकर पोलिंग स्टेशन तक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है या किसी कारण कट गया है तो इस ऐप से मतदाता सूची में फार्म-6 के जरिए नाम जोड़ने के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

### वोटर टर्नआउट

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिए यह ऐप बनाया है। इसमें देश की हर लोकसभा सीट के नतीजों की जानकारी घर बैठे मिलेगी।

### सुविधा-कैंडिडेट

राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए चुनाव अधिकारियों के यहां जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इस ऐप के जरिए ही आवेदन करेंगे।

### केवाईसी (नो योर कैंडिडेट)

अभी आप जिस संसदीय क्षेत्र के मतदाता हैं वहां के उम्मीदवारों की जानकारी लेने के लिए आपके पास कोई आसान साधन नहीं था। अब चुनाव आयोग ने केवाईसी ऐप तैयार किया है। इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व संपत्ति की जानकारी भी देख सकते हैं।

### सक्षम-ईसीआई

दिव्यांग मतदाता इस पर अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। केंद्र की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। व्हील चेयर चाहिए तो इस ऐप पर अपनी बुकिंग कर सकते हैं।

### चुनाव प्रबंधन के लिए तीन ऐप

इनकोर (ईएनसीओआरई) ऐप पर चुनाव प्रबंधन की कोर टीम से जुड़े लोग होंगे। वहीं, ईएसएमएस (चुनाव जब्ती प्रबंधन) ऐप के जरिए चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कार्रवाई की जानकारी अपडेट की जाएगी। तीसरा ऑब्जर्वर ऐप है, जिसमें पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट देंगे।

भाजपा, आप और कांग्रेस से कई नेताओं ने पाला बदला, कोई उम्मीदवार से नाराज तो किसी को भविष्य की चिंता

# गठबंधन से समीकरण बदले तो दलबदलू भी बढ़े

आयाराम-गयाराम

■ बृजेश सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच सीधी लड़ाई है। दो चुनाव से सातों सीट पर काबिज भाजपा के सामने इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक साथ आई हैं, लेकिन गठबंधन से जीत की आस में साथ आईं दोनों पार्टियों के नाराज नेता दल बदलकर सियासी समीकरण बिगाड़ सकते हैं।

दिल्ली में अब तक गठबंधन में शामिल दोनों पार्टियों के पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद समेत कुछ अन्य नेता दूसरे दलों में शामिल हो चुके हैं, क्योंकि उन्हें अपने भविष्य की चिंता सता रही है। इस फेरबदल से स्थानीय स्तर पर राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं और दलबदलुओं की संख्या बढ़ रही है।

चुनाव से पहले टिकट की आस में नेता दल बदलते हैं, परंतु दिल्ली में स्थिति विपरीत है। गठबंधन और टिकट की घोषणा के साथ अपने चहेतों को समर्थन के लिए दल बदला जा रहा है। गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर टिकट की घोषणा की तो पश्चिमी दिल्ली से 2019 में आप के लोकसभा उम्मीदवार ने भाजपा के साथ जाने का फैसला कर लिया। वह पश्चिमी दिल्ली में टिकट के चयन से नाराज बताए जा रहे थे। अभी यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि दक्षिणी दिल्ली से आप के पूर्व विधायक नारायण दत्त शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में उतर गए हैं।

यह सिलसिला यही नहीं थमा, दक्षिणी दिल्ली से कांग्रेस से पूर्व विधायक बलराम तंवर ने भी हाथ का साथ छोड़कर कमल के फूल को अपना लिया है। इसके अलावा आप के ही एक पूर्व पार्षद रमेश अम्बावत भी भाजपा के साथ हो गए हैं। कांग्रेस के स्थानीय स्तर पर कई नेताओं ने टिकट घोषणा के बाद दल बदल लिया है। भाजपा से पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर टिकट की घोषणा के बाद वहां से युवा मोर्चा प्रदेश के पदाधिकारी व पूर्व में डूसू पदाधिकारी रहे दीपक बंसल भी भाजपा का साथ छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। उनके साथ भाजपा के एससी मोर्चा के पदाधिकारी ने आप में शामिल हो गए।

**आप में शामिल हुए वकील :** दिल्ली के जिला न्यायालयों व हाईकोर्ट के कई वकीलों ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ। आप मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आप नेता व दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी व लोकसभा उम्मीदवार सोमनाथ भारती की मौजूदगी में वकीलों ने आप की सदस्यता ली। इसमें कई वकील बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। आप में शामिल होने वाले वकीलों ने कहा कि वह केजरीवाल सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर इस राजनीतिक दल में शामिल हुए हैं।

| नेता | पहले | अब |
|---|---|---|
| बलराम तंवर | कांग्रेस | भाजपा |
| नारायण दत्त शर्मा | आप | भाजपा |
| बलबीर सिंह जाखड़ | आप | भाजपा |
| दीपक बंसल | भाजपा | आप |
| जगदीश यादव | आप | भाजपा |
| रमेश अम्बावत | आप | भाजपा |
| अश्विनी बागड़ी | आप | कहीं नहीं |



**20** से ज्यादा नेताओं ने पिछले एक माह में पाला बदला

### कुछ हद तक बदल सकती है स्थिति

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि इस आवागमन से दिल्ली में कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन वह जिस क्षेत्र में सक्रिय हैं, जिस संसदीय सीट के अंतर्गत आते हैं, वहां पर उसका असर जरूर पड़ता है। कुछ हजार वोट भी प्रभावित किया तो स्थानीय स्तर पर राजनीति समीकरण बदल सकते हैं।

### ये नेता भी इधर से उधर गए

दल बदलने वालों में सिर्फ पूर्व विधायक व पूर्व पार्षद नहीं हैं। कई अन्य पदाधिकारी या दूसरे दलों में शीर्ष नेतृत्व के नजदीक रहे लोगों ने भी आप व कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। इनमें जगदीश यादव, अश्विनी बागड़ी जैसे लोग भी शामिल हैं, जो अपने मौजूदा दल को छोड़ चुके हैं। यादव भाजपा में गए हैं, जबकि बागड़ी ने अभी किसी दल में जाने की घोषणा नहीं की है।

### पूर्व पार्षद समेत कई नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व निगम पार्षद सत्यवती चौहान और रमेश चौहान ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी फलजीत बेगम, आरती युवराज सिंह, आम आदमी पार्टी के पूर्व निगम प्रत्याशी सुमित शौकीन समेत कई नेता थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर इन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया है।

## शहर 30s



दिल्ली स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को प्रेसवार्ता कर चुनाव की रणनीति बताते प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली व अन्य नेता। • एजेंसी

### 'भाजपा के खिलाफ आरोप पत्र लाएंगे'

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सांसदों के खिलाफ कांग्रेस आरोप पत्र लाएगी। इसमें उनके झूठ, दिल्ली में विकास की अनदेखी और लोगों के कल्याण के सांसद निधि का पैसा नहीं लगाने के लिए आरोप लगाए जाएंगे। दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि बीते दस साल में उसके सांसदों ने क्या काम किया है।

### विशेष मशीन से सूक्ष्म बीमारियों का पता लगेगा

**नई दिल्ली।** एम्स मस्तिष्क संबंधित सूक्ष्म बीमारियों की पहचान के लिए 7 टेस्ला एमआरआई स्कैनर मशीन के इस्तेमाल करने की तैयारी में है, ताकि सूक्ष्म बीमारी की जल्द पहचान हो सके। मौजूदा समय में 1.5 से तीन टेस्ला एमआरआई स्कैनर मशीन उपलब्ध है। 7 टेस्ला एमआरआई स्कैनर मशीन में सूक्ष्म न्यूरोइमेजिंग क्षमता और उच्च शक्ति वाली चुंबकीय क्षेत्र होगा।

### भीकाजी कामा प्लेस में पार्किंग बन रही

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के भीकाजी कामा प्लेस में लोगों को नई मल्टीलेवल कार पार्किंग की सुविधा मिलेगी। डीडीए ने इस वर्ष सितंबर तक इस पार्किंग को तैयार करने की नीति बनाई है। इसे लेकर डीडीए के अधिकारियों की कई समीक्षा बैठकें भी हो चुकी हैं। इस पार्किंग के निर्माण में 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें 400 से अधिक कारों को खड़े करने की जगह होगी। इसमें इलेक्ट्रिक कारों को चार्ज करने के लिए भी जगह बनेगी। जिससे पार्किंग के बनने के बाद वहां पर ईवी कारों को चार्ज करने की सुविधा भी विकसित हो जाए।

### 'तीन लाख पौधे लगाने के लक्ष्य का विवरण दें'

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से इस साल राष्ट्रीय राजधानी में तीन लाख पेड़ लगाने के अपने प्रस्ताव का विवरण जमा करने को कहा। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ वृक्षारोपण के एक मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ ने विभाग से अगले दो महीनों के लिए अपनी कार्ययोजना का संकेत देते हुए एक हलफनामा दायर करने को कहा है।

### दाखिले के लिए 18 अप्रैल से आवेदन होंगे

**नई दिल्ली।** गैर योजना के तहत सरकारी स्कूलों में दसवीं और 12वीं में दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म 18 अप्रैल से मिलेंगे। छात्र 29 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलेगा। इसके लिए छह मई को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे और 9 मई को परीक्षा होगी। इसका परिणाम 14 मई को घोषित किया जाएगा।

# सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 अप्रैल तक बढ़ी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि 6 अप्रैल तक बढ़ा दी है। ईडी की तरफ से दर्ज धनशोधन मामले में सिसोदिया की पेशी अदालत में हुई।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल की अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि छह अप्रैल तक बढ़ाने के आदेश के साथ ही मुख्य मामले पर सुनवाई के लिए भी छह अप्रैल की तारीख तय की है।

**कविता ने शीर्ष कोर्ट से याचिका वापस ली :** बीआरएस नेता के. कविता ने ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली। कविता के वकील ने पीठ के समक्ष कहा कि वे ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका वापस ले रहे हैं।

# 'सीएम को गिरफ्तार करने की साजिश'

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश करने का आरोप लगाया है। आप नेताओं के मुताबिक, 100 करोड़ के कथित घोटाले का मामला सिर्फ बहस करने के लिए है, उनके पास इसका कोई सबूत नहीं है।

आप नेताओं ने मंगलवार को अलग-अलग पत्रकारवार्ता कर भाजपा पर निशाना साधा। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने पार्टी कार्यालय में कहा कि ईडी भाजपा का राजनीतिक हथियार बन चुकी है। ईडी अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए झूठे आरोप लगा रही है। ऐसे आरोप जिसका प्रमाण नहीं होने के कारण सुप्रीम कोर्ट तक उसे खारिज कर चुका है।

**गोपाल राय बोले- भाजपा को अब ईडी पर भरोसा नहीं :** आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने ईडी के आरोपों पर कहा कि कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी भाजपा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की साजिश में जुटी है। भाजपा को अब भरोसा नहीं रहा कि ईडी के नौ समन के बाद भी केजरीवाल की गिरफ्तारी हो सकती है। इसलिए उसने नया समन भिजवाया है। सोमवार को उसी साजिश के तहत ईडी से प्रेस रिलीज जारी करके नया आरोप लगाया।

**भारद्वाज ने भी निशाना साधा :** आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा का तथाकथित हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला घटते-घटते अब 100 करोड़ पर आ गया है। शराब घोटाले में पैसों का लेनदेन केवल एक बहस का विषय है।



आमने-सामने

# 'केजरीवाल कानून से नहीं बच सकते'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने ईडी के कई समन की तामील नहीं करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के हाथों से बच नहीं सकते हैं।

भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी 'आप' की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है। पात्रा ने कहा कि राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं।

भाजपा की यह प्रतिक्रिया 'आप' द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी।

**भ्रष्टाचार पर वार से घबराई आप :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कानून का फंदा कसता हुआ देखकर बौखला गए हैं। वे भूल गए हैं कि हाई प्रोफाइल केस की महत्वपूर्ण तिथियों पर जांच एजेंसी प्रेस वक्तव्य जारी करती है। सीएम जांच का सामना करने से बच रहे हैं और आप नेता बेवजह के आरोप लगाने में जुटे हैं।

# शराब नीति केस की सुनवाई जस्टिस बावेजा करेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उबर बलात्कार मामले के आरोपी को दोषी ठहराने वाली और आठ साल पहले उम्रकैद की सजा सुनाने वाली जस्टिस कावेरी बावेजा अब राउज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति और अन्य मामलों की सुनवाई करेंगी।

विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल दिल्ली राउज एवेन्यू में एमपी-एमएलए कोर्ट में मामलों की सुनवाई कर रहे थे, उन्हें तीस हजारी में जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक) के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया है। सोमवार को उन्होंने इस केस में बीआरएस एमएलसी के. कविता को ईडी को सात दिन की रिमांड दी। बावेजा अभी तक तीस हजारी कोर्ट में जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक) के रूप में कार्यरत थीं।

# गिरफ्तारी से पहले समन नहीं मिला : संजय सिंह



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह की मौजूदगी में मंगलवार को शपथ ग्रहण करते आप सांसद संजय सिंह। • एजेंसी

**नई दिल्ली, वि.सं.।** आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जेल में बंद आप सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि गिरफ्तार किए जाने से पहले प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें कोई समन जारी नहीं किया था।

आप नेता की ओर से शीर्ष अदालत को बताया गया कि ईडी के गवाह दिनेश अरोड़ा द्वारा जुलाई 2023 में उनके खिलाफ दी गई गवाही के बाद उन्हें गिरफ्तार किया।

### राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को आप नेता संजय सिंह को उच्च सदन के दूसरे कार्यकाल की शपथ दिलाई। संजय सिंह को दिल्ली से राज्यसभा सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। इस दौरान उनका परिवार भी मौजूद रहा।

### टीएचजेड उपकरण बनाया

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ताओं ने 6जी संचार प्रौद्योगिकी से भी तेज चलने वाले तकनीकी उपकरण विकसित किया है। शोधकर्ताओं ने बताया कि इस उपकरण के माध्यम से मौजूदा 6जी संचार प्रौद्योगिकियों की क्षमताओं को भी बेहतर करने में सहयोग मिलेगा।

# बार के चुनाव एक ही दिन में होंगे:कोर्ट

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि राजधानी में सभी बार एसोसिएशन के चुनाव दो साल के समान कार्यकाल के लिए एक ही दिन होंगे। कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवार एक से अधिक बार एसोसिएशन के लिए चुनाव नहीं लड़ सकता है। भले ही वह कई अदालतों में वकालत करता हो। दिल्ली में छह जिला अदालत हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन, न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने आदेश में कहा कि चुनावों में शुचिता सुनिश्चित करने और धनबल के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए यह अदालत चुनावी पार्टी की मेजबानी, पोस्टर छापने और होर्डिंग लगाने पर रोक लगाती है। कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था कि क्या विभिन्न बार एसोसिएशन की कार्यकारी समितियों के चुनाव एक साथ होने चाहिए और क्या ऐसी समितियों का कार्यकाल एक समान अवधि का होना चाहिए।

**पीठ ने कहा- 19 अक्तूबर तक चुनाव कराना उचित होगा :** यह भी मुद्दा उठाया गया था कि क्या सभी वकीलों को पहचान/प्रॉक्सिमिटी कार्ड और रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान टैग/स्टिकर (आरएफआईडी) अनिवार्य रूप से जारी किए जाने चाहिए। ये किसके द्वारा जारी किए जाने चाहिए। पीठ ने कहा कि सभी बार एसोसिएशन का कार्यकाल सितंबर में समाप्त हो रहा है। इसलिए 19 अक्तूबर को चुनाव कराना उचित होगा।


**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

ई-निविदा सूचना सं: एस/आरडब्लूपी/ई/49/2023-24, दिनांक: 16.03.2024, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन (ई-खुली निविदा) आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। क्र.सं. (1) निविदा नं.: 01241140, सामग्री का संक्षिप्त विवरण: MS pipe, मात्रा: 15000MTR, निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि: 15.04.2024 को 14:00 बजे। 1. वेबसाइट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, www.ireps.gov.in है। 2. बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों/बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाइट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगी।

कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, रेपका, बेला
आरडब्लूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2023-24/120

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/यांत्रिक (समाडि)/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या या/समाडि/10/2023-24 दिनांक 16-03-2024 के माध्यम से एक पैकेट सिस्टम पर आधारित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** गाजीपुर स्टेशन-टर्न की आधार पर 03 साल के एएमओसी के साथ 100 केएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का डिजाइन, डेवलेपमेंट, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमिशनिंग का कार्य। कार्य की अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,07,93,210.13 (रूपये एक करोड़ सात लाख तिरानवे हजार दो सौ दस व तेरह पैसे मात्र), बिड सिक्योरिटी राशि: ₹ 2,04,000/- (रूपये दो लाख चार हजार मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य (प्राधिकार एसजीसीसी- वर्क्स, अपैल-2022, (रेलवे बोर्ड द्वारा अपने पत्रांक 2022/सीई-I/सीटी/जीसीसी-2022/पालिसी नयी दिल्ली दिनांक 27-04-2022 के माध्यम से जारी), कार्य की अवधि: सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग आफ मशीन आन टर्नकी बेसिस के लिये-स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिन। वारंटी अवधि: कमीशनिंग तिथि से न्यूनतम दो वर्ष। एएमओसी आफ प्लांट: वारंटी अवधि के समाप्ति के उपरान्त से 03 वर्ष तक।
• ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: दिनांक 15-04-2024 को समय 14:30 बजे।
• ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 15-04-2024 को समय 15:00 बजे।
• निविदाकार निविदा को दिनांक 15-04-2024 को समय 14:30 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें।

वमयाइ/समाडि/वाराणसी
मुजाधि/यांत्रिक-138

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग निर्माण शाखा
खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली)
ई-निविदा क्रमांक डिप्टी सी.ई.सी.1रीवा - 03. 2024 दिनांक 15/03/2024

उप- मुख्य इंजीनियर (निर्माण)। पश्चिम मध्य रेल, रीवा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी सी.ई.सी.1रीवा-1/2024, दिनांक-15/03/2024 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बंद होने की तारीख 15.04.2024 एवं समय 15:30 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्रमांक** - डिप्टी.सी.ई.सी-1/रीवा-03-2024 **दिनांक** 15/03/2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- रीवा-सीधी नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में सीधी में विभिन्न सेवा भवनों जैसे अधिकारी विश्राम गृह (ओआरएच) उप-समन्वय विश्राम गृह (एसआरएच) निर्माण शिविर कार्यालय एईएन/एईई कार्यालय, पीडब्ल्यूआई/आईओडब्ल्यू कार्यालय आदि के निर्माण के लिए निविदा। **निविदा का अनुमानित मूल्य- रू- 139886665.49, निविदा फर्म की (कीमत रूपये)- 0.00, बयाना राशि (रूपये में) - 849400.00, कार्य समापन अवधि (माह)- 12 माह मानसून सहित, ई-निविदा बंद होने की ओर खुलने की तिथि एवं समय** - दिनांक 15.04.2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https:www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेण्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

मुख्य इंजीनियर (निर्माण)
पश्चिम मध्य रेलवे, रीवा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल**
**फ्रेईट रखरखाव के लिये ईन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के संबंध में विभिन्न कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. सीपीएम/जीएस/एडीआई/एसबीआई/08.** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य इंजीनियर (गति शक्ति), पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद निम्नानुसार कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं : **(1) कार्य का नाम उसके स्थान सहित: ई-निविदा सं. सीपीएम/जीएस/एडीआई/एसबीआई/08.** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मण्डल के साबरमती यार्ड अंतर्गत फ्रेईट रखरखाव के लिये ईन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के संबंध में साबरमती यार्ड और पालनपुर अंतर्गत वर्तमान के यार्ड कार्यालय में वृद्धि, शेड के वर्तमान और नये फ्लोरींग के उपर कॉंक्रिट हार्डनर टोपींग सहित CC फ्लॉरींग का प्रावधान, नये एवं पुराने दोंनो ORH शेड में वृद्धि, वर्तमान के हवामान शेड का विस्तार, RCC पाथ वे फ्लॉरींग का प्रावधान, रोलींग शटर, MS टाई बार फेन्सींग, स्टोर भवन में एपोक्षी फ्लॉरींग, कृत्रिम सीलींग, कवर सहित ओपन ड्रेन, अंडर ग्राउंड ड्रेनेज पाईप लाईन नेटवर्क, पानी की आपूर्ति की पाईप लाईन, पानी के संचयन, अंडर ग्राउंड सम्प्स का प्रावधान करने का और आवश्यक्ता अनुसार संबंधित आकस्मिक कार्य करने का कार्य। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 24,77,09,936.35 **(3) जमा कराने की बयाना राशी:** ₹ 13,88,600.00 **(4) निविदा प्रपत्र शुल्क:** नि:शुल्क **(5) कार्य की समापन अवधि:** 16 (सोलह) माह मानसुन सहित **(6) ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** दिनांक : 18/04/2024 समय: 15:00 बजे **(7) वेबसाईट विवरण एवं नोटीस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देख सकते हैं एवं कार्यालय का पता:** वेबसाईट www.ireps.gov.in मुख्य परियोजना प्रबंधक/ गति शक्ति का कार्यालय, "A" विंग, चौथा तल, निर्माण भवन, म.रे.प्र. कार्यालय के पास, पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद-382345
ADI-305

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**भारतीय कृषि बीमा कंपनी**
www.aicofindia.com
प्लेट बी एवं सी, 5वां तल, ब्लॉक 1,ईस्ट किदवई नगर , नई दिल्ली -110023
सीआईएन : U74999DL2002PLC118123

**निविदा सूचना**
(Ref: Estt/HO Delhi/Empanelment/1776/2024)

भारतीय कृषि बीमा कंपनी एनसीआर दिल्ली में स्थित कार्यालयों/गेस्ट हाउस/वरिष्ठ अधिकारियों के आवासों के लिए विभिन्न प्रकार की निम्नलिखित सेवाएं, कार्य और सामान प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों का एक पैनल बना रही है।
(1) देश के अलग-अलग हिस्सों में डाक और पार्सल की डिलीवरी के लिए कूरियर और डाक सेवाएं,
(2) वर्दी आपूर्ति हेतु,
(3) स्वच्छता और गहन सफाई सेवाएँ,
(4) कीट एवं कृंतक नियंत्रण सेवाएँ,
(5) फूलों की सजावट, इनडोर पौधों की आपूर्ति और रखरखाव सेवाओं के लिए,
(6) असबाब का सामान (décor / upholstery items), क्रॉकरी, डिनर सेट, चाय के सेट, कटलरी का सामान, हथकरघा का सामान (handloom items) आदि उपलब्ध कराने के लिए।
(7) एयर कंडीशनिंग/वीआरवी/वीआरएफ/एचवीएसी उपकरण के लिए एएमसी
(8) बायोमेट्रिक उपस्थिति उपकरण के लिए एएमसी

अधिक जानकारी के लिए, एआईसी की वेबसाइट **www.aicofindia.com** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in/** पर उपलब्ध विज्ञापन शीर्षक **"Tender Notice for empanelmet of various agencies /विभिन्न एजेंसियों के पैनल बनाने हेतु निविदा सूचना"** देखें।

इच्छुक पात्र पार्टियां ई-बिडिंग पोर्टल **https://aicofindia.auctiontiger.net/EPROC/** के माध्यम से ऑनलाइन रूप से अपनी बोलियां / प्रस्ताव जमा कर सकती हैं।

**ध्यान दें:** जो बोलीदाता एक से अधिक श्रेणी की सेवाओं/कार्यों/वस्तुओं आदि के लिए पात्र हैं और एक से अधिक श्रेणी के पैनल के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं, तो उन्हें ऐसी श्रेणियों के लिए अलग से आवेदन करना होगा।

**प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 16-4-2024 सायं 4:00 बजे तक होगी।**
इस निविदा सूचना के बारे में किसी भी अपडेट के लिए कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट **www.aicofindia.com** देखें।

संपत्ति एवं सम्पदा विभाग
महाप्रबंधक
दिनांक : 20 मार्च 2024

नोट : किसी भी भ्रम की स्थिति में अंग्रेजी विज्ञापन को वरीयता दी जाएगी।

HO/23-24/2A/26

## काम की खबरें

**1**
### छात्रों को प्रैक्टिकल शुल्क नहीं देना होगा
सीबीएसई प्रैक्टिकल परीक्षा न देने वाले 12वीं कक्षा के सभी स्ट्रीम के छात्रों से प्रैक्टिकल शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रैक्टिकल की तिथि बढ़ा दी है। शिक्षा निदेशालय के पत्राचार विद्यालय ने सार्वजनिक सूचना जारी की है।

**2**
### सराय रोहिल्ला से मुंबई के लिए होली स्पेशल ट्रेन
सराय रोहिल्ला से मुंबई सेंट्रल के बीच होली स्पेशल गाड़ी चलेगी। गाड़ी संख्या 09003/04 मुंबई सेंट्रल से 22 मार्च और 29 मार्च को शाम 4 बजे चलेगी। वापसी में गाड़ी सराय रोहिल्ला से 23 और 30 मार्च को शाम 5:25 बजे चलकर अगले दिन दोपहर 3.25 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी।

**3**
### स्पोर्ट्स स्कूल में दाखिला आवेदन की तारीख बढ़ी
दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में दाखिले को लेकर ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। 24 मार्च तक **https://dss.dsu.ac.in/registration** लिंक पर जाकर कक्षा छठीं, सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा की खाली सीटों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे।

## आज का मौसम

33.0° अधिकतम | 13.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 06:26। सूर्यास्त: 18:31

**अनुमान**
दिल्ली-एनसीआर में मौसम साफ रहने की संभावना है।

## मुकद्दस रमजान



**इफ्तार (20 मार्च) बुधवार**

| सुन्नी: | शिया: |
|---|---|
| 06:34 बजे शाम | 06:43 बजे शाम |

**सहरी (21 मार्च) रोजा गुरुवार**

| सुन्नी: | शिया: |
|---|---|
| 05:06 बजे प्रात: | 04:55 बजे प्रात: |

(समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है)

# प्रगति मैदान टनल एक माह तक रात को बंद रहेगी

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** प्रगति मैदान टनल की मरम्मत का कार्य पीडब्ल्यूडी की ओर से अगले एक माह तक रात के समय किया जाएगा।

इसके चलते रात 12 से सुबह 6 बजे तक टनल 18 अप्रैल तक बंद रहेगी। इसके अलावा 24 मार्च, 31 मार्च और 7 अप्रैल को टनल दिनभर बंद रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को रिंग रोड, भैरों रोड और मथुरा रोड का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

**स्टार्टअप महाकुंभ आज :** प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से बुधवार को स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन होगा। इसके चलते प्रगति मैदान के आसपास यातायात प्रभावित रहने की आशंका है।




### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, सिंघु और टीकरी बॉर्डर पर आज मार्ग साफ होने की उम्मीद, अवरोधक तोड़े जा रहे

# राहत : राजधानी की सीमाओं से 37 दिन बाद बैरिकेड हटाए



@11 बजे सुबह : दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को गाजीपुर सीमा पर किसानों को रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड हटा दिए। इससे चालकों को राहत मिली। • एजेंसी



@11 बजे रात: गाजीपुर सीमा पर सीमेंट के बैरिकेड भी तोड़ दिए गए। इन्हें बुधवार तक साफ कर दिया जाएगा। इसके बाद सर्विस लेन खुल जाएगी। • हिन्दुस्तान

**नई दिल्ली/ट्रांस हिंडन, संवाददाता।** दिल्ली-एनसीआर वालों के लिए राहत भरी खबर है। किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए सीमा पर लगाए गए बैरिकेड हटने शुरू हो गए हैं। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, सिंघु और टीकरी सीमा पर रखे बैरिकेड 37वें दिन हटा लिए।

**तंबू और दीवार हटाने का काम भी शुरू:** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) और एनएच-नौ पर रखे बैरिकेड और तंबू आदि हटाने के साथ ही सर्विस लेन पर सीमेंट और सरियों की दीवार को तोड़ने का काम भी देर रात शुरू कर दिया गया। बुधवार सुबह तक रास्ता साफ होने की उम्मीद है। इससे दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा के साथ मेरठ के भी लाखों वाहनों चालकों को राहत मिलेगी। दिल्ली पुलिस के साथ गाजियाबाद पुलिस ने भी अधिकांश जवानों को यूपी गेट से हटा लिया। देर रात यहां इक्का-दुक्का पुलिसकर्मी ही दिखे।

**12 फरवरी को यूपी गेट पर सर्विस लेन हुई थी बंद :** किसानों को दिल्ली में घुसने से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने 12 फरवरी को यूपी गेट पर सर्विस लेन को पूरी तरह से बंद कर दिया था। सीमेंट के बैरिकेड के साथ दीवार खड़ी कर दी थी और इस पर भी कंटीले तार लगा दिए थे। आसपास काफी गहरा गड्ढा खोद दिया था। इसी तरह डीएमई और एनएच-नौ पर भी डेढ़ से दो लेन रोककर बैरिकेड रख दिए थे। ऊपर पुलिस के वाहन, कंटेनर आदि रखकर तंबू लगाकर कंट्रोल रूम बनाया गया था। तभी से वाहन चालकों को यूपी गेट पर जाम से जूझना पड़ रहा था। मंगलवार शाम बैरिकेड हटा लिए थे और देर रात सीमेंट की दीवार तोड़ने का काम भी शुरू कर दिया था।

**23** मार्च को बड़े कार्यक्रम की तैयारी में किसान

**13** फरवरी को दिल्ली कूच की घोषणा की गई थी

### वैशाली और मोहन नगर की तरफ जाना आसान

सर्विस रोड के खुलने से कौशांबी और वैशाली के लोगों के लिए बड़ी राहत है। यहां तक कि यूपी गेट से मोहन नगर की तरफ से जाने वालों को भी फायदा मिलेगा। रास्ता बंद होने से लोगों को सूर्य नगर, महाराजपुर और जीटी रोड की तरफ से जाना पड़ रहा है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने बैरिकेड आदि हटाने शुरू कर दिए हैं। पीएसी को पहले ही हटा लिया था और अब कुछ पुलिसकर्मी रास्ता साफ होने तक नजर रखेंगे।

### फ्लाईओवर अभी भी बंद

दिल्ली के सिंघु बॉर्डर और टीकरी बॉर्डर पर रखे गए बैरिकेड भी पुलिस ने हटा लिए हैं। हालांकि, सिंघु बॉर्डर पर फ्लाईओवर को अभी बंद रखा गया है। जानकारी के अनुसार, किसानों द्वारा बीते 13 फरवरी को दिल्ली कूच की घोषणा की गई थी। इसके चलते 10 फरवरी से ही हरियाणा से सटे दिल्ली के दो बॉर्डरों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। यहां पर न केवल सीमेंट कंक्रीट के बैरिकेड लगाए गए थे बल्कि पुलिस के बैरिकेड लगाकर भी रास्तों को बंद किया गया था।

### मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर अभी बैठे हैं किसान

पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर अभी काफी संख्या में किसान बैठे हैं। इस कारण वहां अभी पुलिसकर्मी भी डटे हैं। किसानों ने कहा है कि वे 23 मार्च को एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे पीछे नहीं हटेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर अस्थि कलश यात्रा निकाली जा रही है। मंगलवार से 2 दिन यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल यात्रा निकलेगी।






कश्मीर के अनंतनाग में दुष्कर्म के बाद दिल्ली पहुंची किशोरी ने किया खुलासा

# अवैध तरीके से लाई गईं रोहिंग्या युवतियों की घाटी में शादी कराई

**सनसनीखेज**

■ हेमंत कुमार पांडेय

**नई दिल्ली।** एक गिरोह बांग्लादेश स्थित कैंप में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थी युवतियों-किशोरियों की शादी कश्मीर के युवकों से कराने में लिप्त है। इसका खुलासा तब हुआ जब एक रोहिंग्या किशोरी ने कश्मीरी गेट थाने में दुष्कर्म की शिकायत दी। चूंकि, घटना कश्मीर के अनंतनाग में हुई थी, इसलिए पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को कश्मीर भेज दिया।

एफआईआर के अनुसार 16 वर्षीय किशोरी सना (परिवर्तित नाम) बांग्लादेश के कुतुपालंग कैंप में आठ भाई-बहनों और माता-पिता के साथ रह रही थी। वह स्थानीय स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ाई करती थी। कैंप के हालात बेहद खराब थे। वहां नूर हलीमा नाम की महिला आई और उसने सना को बताया कि वह कश्मीर आती-जाती रहती है। वहां युवतियां कम होने के कारण युवकों की शादी नहीं हो पा रही है। महिला ने सना को अच्छे जीवन का लालच देकर कश्मीर चलने के लिए राजी कर लिया।

पीड़िता ने बताया कि बीते साल दिसंबर में वह तीन और किशोरियों और नूर हलीमा के साथ कश्मीर के लिए रवाना हुई। उन्होंने चोरी छिपे बांग्लादेश बॉर्डर पार किया। इसके बाद कोलकाता पहुंचे। यहां ट्रेन से दिल्ली और फिर दिल्ली से अनंतनाग पहुंचे। पीड़िता ने बताया कि वहां पहुंचकर नूर हलीमा ने सना सहित तीन किशोरियों को स्थानीय महिला समशीरा के घर पर छोड़ दिया। रुपये लेकर वह वापस बांग्लादेश चली गई। उस दौरान तीनों किशोरियों की शादी वहां के स्थानीय युवकों से कर दी गई।



### 20 की शादी करा चुकी

किशोरी ने बताया कि हलीमा अक्सर कुतुपालंग कैंप सहित दूसरे कैंप में जाती रहती थी। वहां से किशोरियों की तस्करी कर कश्मीर में ले जाती। वहां इनको बेच दिया जाता था। इनसे शादी करने वाले भी हलीमा और समशीरा को रुपये देते थे। कुछ रुपये दुल्हन के परिजनों को देकर मामला रफा-दफा कर देते थे। हलीमा करीब 20 किशोरियों की शादी कश्मीर के अलग-अलग इलाको में करा चुकी है।

### 50 साल के शख्स से कराना था विवाह

समशीरा ने सना की शादी 50 साल के शख्स से तय की, लेकिन उसने मना कर दिया। इस पर महिला ने उसकी पिटाई की। फरवरी में समशीरा के भाई तारिक ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने महिला को बताया तो उसे घर से भगा दिया। फिर सना भटकते हुए जम्मू पहुंची। वहां बस से रविवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट बस अड्डे पर उतरी।

### बस अड्डे के पास घूमती मिली पीड़िता

किशोरी को समझ में नहीं आ रहा था कि कहां जाए और वह संदिग्ध हालत में बस अड्डे के पास घूमने लगी। इसी बीच पुलिस की नजर उस पर पड़ी और उससे पूछताछ शुरू की। महिला पुलिस की निगरानी में उसका मेडिकल हुआ। फिर डॉक्टर के सामने पीड़िता ने बयान दिया, जिसके बाद जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई। साथ ही मामला कश्मीर पुलिस को भेज दिया गया। अब कश्मीर पुलिस जांच करेगी।

# सट्टे और साइबर अपराध के लिए विदेश भेजे थे सिम

**फॉलोअप**

■ अमित झा

**नई दिल्ली।** विदेश में बैठे जालसाज और सट्टा चलाने वाले गैंग बड़ी संख्या में भारतीय सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहे हैं। बीते तीन माह में दिल्ली एयरपोर्ट के रास्ते सिम कार्ड ले जाने के तीन मामले पकड़े गए हैं। यह सिम कार्ड वियतनाम, दुबई और बैंकॉक ले जाए जा रहे थे।

खुफिया एजेंसियों का मानना है कि विदेश में बैठे जालसाज और सट्टेबाज भारतीय सिम कार्ड का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। इसे लेकर कई एजेंसियां छानबीन में जुट गई हैं। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बहुत ही संगठित तरीके से विदेश में बैठे जालसाज एवं सट्टेबाज भारतीय सिम कार्ड का इस्तेमाल अपराध के लिए कर रहे हैं।

इसके लिए उनके कई एजेंट भारत में सिम कार्ड एकत्रित करने का काम कर रहे हैं। इसके लिए गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। यह एजेंट लोगों को उनके दस्तावेज लेकर मुफ्त में सिम कार्ड एक माह तक इस्तेमाल करने के लिए दे रहे हैं। इसके बाद उनसे सिम कार्ड वापस ले लिया जाता है। इसे नष्ट करने की जगह आगे बेच दिया जाता है, ताकि उनका इस्तेमाल विदेशी धरती से भारत में आपराधिक गतिविधियां चलाने के लिए हो सके।

एयरपोर्ट पुलिस द्वारा बीते दिनों पकड़े गए दो मामलों में सहारनपुर और आगरा के मजदूरों के नाम पर सिम लेने की बात सामने आई है। उन्हें मुफ्त में यह सिम कार्ड दिया गया था।

### हाल में सामने आए केस

- दिसंबर 2023 : एयरपोर्ट से 67 भारतीय सिमकार्ड बैंकॉक ले जा रहे ताइवान नागरिक को सीआईएसएफ ने पकड़ा
- जनवरी 2024 : 90 भारतीय सिमकार्ड दुबई लेकर जा रहे सुहेल अंसारी, अमन और शोएब खान पकड़े गए
- मार्च 2024 : कार्गो के माध्यम से वियतनाम भेजे जा रहे 70 सिम कार्ड पकड़े गए, एयरपोर्ट पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

### जमानत अर्जी खारिज

बीते जनवरी में पकड़े गए गैंग से जुड़े पंकज गुप्ता ने हाल ही में अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई के दौरान पुलिस की तरफ से बताया गया कि विदेश से इन सिम कार्ड का इस्तेमाल साइबर ठगी और सट्टे के लिए किया जा रहा है। इतना ही नहीं आतंकी गतिविधियों में भी इनका इस्तेमाल होने की संभावना है। इस पर कोर्ट ने पंकज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

## शहर 30s



दिल्ली में आईटीओ के पास मंगलवार को स्मॉग की चादर नजर आई, इससे दृश्यता बेहद कम रही, जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई। ● सोनू मेहता

### दिल्ली की हवा फिर खराब श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली।** हवा की गति कम होने से राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में फिर से बढ़ोतरी हुई है। 18 दिन बाद हवा एक बार फिर से खराब श्रेणी में पहुंच गई। बुधवार को भी वायु गुणवत्ता की स्थिति कमोबेश ऐसी ही रहने का अनुमान है। इस बार जनवरी प्रदूषण वाला रहा था, लेकिन फरवरी के दूसरे पखवाड़े के बाद से दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से धीरे-धीरे राहत मिलने लगी। मार्च अभी तक काफी हद तक साफ-सुथरा रहा।

### यात्री सुविधा का बंदोबस्त करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ मंगलवार को संरक्षा बैठक की। इसमें महाप्रबंधक ने आगामी होली पर्व के दौरान स्टेशनों पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन और यात्री सुविधा का बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने होली स्पेशल रेलगाड़ियों के इंतजाम, स्वच्छता, प्लेटफार्मों पर पेय जल की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### कैंसर से बचाव पर विशेषज्ञों ने विचार रखे

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर में विश्व कैंसर कांग्रेस का आठवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इस बार विषय 'कैंसर का इलाज और उसका दर्द निवारण' है। डॉ. कृष्णा कैंसर हीलर सेंटर और अज्योंपा हेल्थकेयर के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेंटर के डॉ. तरंग कृष्णा ने बताया कि कैंसर सुनते ही लोगों के मन में डर पैदा हो जाता है।

### एम्स ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई

**नई दिल्ली।** एम्स के चिकित्सा सामाजिक कल्याण इकाई की ओर से मंगलवार को विश्व सामाजिक कार्य दिवस मनाया गया। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 57 बच्चों की इच्छाओं को पूरा कर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई गई। मोबाइल, टैबलेट, स्मार्ट घड़ियां, बैटरी चालित कार, साइकिलें, गुड़िया घर, क्रिकेट किट सहित कई चीजें उपहार के रूप में दी गईं।

### क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक मंगलवार को महाप्रबंधक शोभन चौधुरी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2022 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर रेलवे को प्रथम पुरस्कार के रूप में रेलमंत्री ने चुना है। रेल इंजन कारखाना (चारबाग लखनऊ) का आदर्श कारखाना के रूप में चयन हुआ है।

# मोबाइल टावर उपकरणों की चोरी में लिप्त गैंग पकड़े

**खुलासा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावर में लगने वाले रिमोट रेडियो यूनिट (आरआरयू) और अन्य उपकरणों की चोरी व खरीद-फरोख्त में लिप्त दो गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो सरगना समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 33 आरआरयू, 20 बीबीयू और अन्य उपकरण समेत बड़ी संख्या में चोरी का सामान बरामद हुआ है। उपकरणों की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस की मानें तो आरोपियों की गिरफ्तारी से दिल्ली-एनसीआर में गैंग के पकड़े जाने से आरआरयू चोरी के 63 मामले सुलझे हैं। आरोपियों में दिल्ली के रोहिणी निवासी नाजिम, सागरपुर निवासी सनी राजपूत, मुस्तफाबाद निवासी मो. नईम, इब्राहिमपुर निवासी मोरपाल, अमन विहार निवासी महेंद्र, समयपुर बादली निवासी इरफान, पुराना मुस्तफाबाद निवासी इज़हार, पुनीत कुमार उर्फ बॉम्बे, परवीन राणा उर्फ सोनू ठाकुर, सुमित राणा और सलमान, यूपी के मेरठ निवासी सलमान, दानिश, कासिम और यूपी के बुढाना निवासी नदीम शामिल हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी से कुल 33 आरआरयू (रेडियो रिमोट यूनिट जो एक महंगा उपकरण है), 20 बीबीयू, 15 जेआईओ बैटरी, दो आरएसपी कार्ड, 12 हाई-टेक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर टूल और 20 बंडल टावर केबल बरामद हुए। इसके अलावा 17 मामले दर्ज किए गए। फिलहाल पुलिस की टीमें आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

### यहां के इतने मामले सुलझे

| जगह | केस |
|---|---|
| दिल्ली | 48 |
| गुरुग्राम | 03 |
| फरीदाबाद | 04 |
| गाजियाबाद | 01 |
| नोएडा | 06 |
| तमिलनाडु | 01 |

### ऐसे शुरू हुई कार्रवाई

क्राइम ब्रांच के एडिशनल कमिश्नर संजय भाटिया ने बताया कि एयरटेल के राष्ट्रीय नोडल अधिकारी ने देश के विभिन्न इलाकों में मोबाइल टावर में लगे उपकरणों के बड़े पैमाने पर चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। उसमें बताया गया कि आरआरयू चोरी होने के कारण ग्राहकों को कॉल करने और इंटरनेट का उपयोग करने में परेशानी होती है। इसके बाद कई टीमों को जांच में लगाया गया।

# दक्षिणी दिल्ली में लोग ज्यादा सिग्नल तोड़ रहे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** इस वर्ष के शुरुआती 75 दिन में राजधानी की सड़कों पर रेडलाइट जंप के मामले तीन गुना बढ़ गए हैं।

दक्षिणी दिल्ली स्थित नौरौजी नगर, नारायणा, मूलचंद, भीकाजी कामा प्लेस, मोतीबाग, लाजपत नगर और एंड्रयूज गंज से सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं।

इन आंकड़ों ने यातायात पुलिस की भी चिंता बढ़ा दी है। इन्हें कम करने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, सड़क हादसों का एक बड़ा कारण यातायात नियमों का उल्लंघन है। इसमें रेडलाइट जंप के मामले भी शामिल हैं। इनकी वजह से यातायात भी प्रभावित होता है। रेडलाइट जंप करने वालों को नोटिस भेजने के लिए आरएलवीडी (3डी रेडार बेस्ड रेडलाइट वायलेशन डिटेक्शन) सिस्टम प्रमुख चौराहों पर लगे हुए हैं। ये कैमरे रेडलाइट जंप करने वालों की जानकारी कंट्रोल रूम को भेजते हैं, जहां से उन्हें चालान जारी होता है। पुलिस ने बताया कि इन कैमरों की मदद से वर्ष 2022 में 1 जनवरी से 15 मार्च तक कुल 59,937 नोटिस जारी किए गए थे।

वर्ष 2023 में उल्लंघन के मामलों में बड़ी कमी देखने को मिली। वर्ष 2023 में इस अवधि के दौरान कुल 21,089 नोटिस रेडलाइट जंप के जारी हुए, लेकिन वर्ष 2024 के आंकड़ों ने हैरान कर दिया।

वर्ष 2024 में इस दौरान रेडलाइट जंप के 69,296 नोटिस जारी हुए हैं। 2023 के मुकाबले यह तीन गुना से भी ज्यादा है।



### नियम तोड़ने से रोकने के लगातार प्रयास कर रही पुलिस

1. **निगरानी बढ़ाई :** रेडलाइट जंप रोकने के लिए उन जगहों को चिन्हित किया गया है, जहां ऐसे मामले ज्यादा हो रहे हैं। इन जगहों पर निगरानी बढ़ाई गई।
2. **जागरुकता अभियान :** वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सोशल मीडिया की भी मदद ली जा रही है।
3. **तकनीक का इस्तेमाल :** पुलिस यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए तकनीक का बेहतर इस्तेमाल कर रही है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म की भी मदद ली जा रही है।

## जेएनयू में संगठनों ने झोंकी ताकत

**नई दिल्ली (व.सं)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्रसंघ चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। छात्र संगठनों ने पूरी ताकत झोंक दी है और जुबानी हमले भी तेज कर दिए हैं।

एबीवीपी ने मंगलवार को पूर्ववर्ती छात्रसंघ के खिलाफ पांच बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया। जेएनयू में एबीवीपी के मंत्री विकास पटेल ने कहा कि आधारभूत समस्याओं का निवारण नहीं किया गया। वहीं, वामपंथी छात्र संगठनों ने एबीवीपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग छात्र हित के लिए कार्य नहीं करते हैं।

## एयरपोर्ट के रास्ते कनाडा भाग रहा एजेंट गिरफ्तार

**शिकंजा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** सर्बिया से डिपोर्ट किए गए यात्री को रोमानिया भेजने के लिए उसके पासपोर्ट के पेज बदल दिए गए, लेकिन इमिग्रेशन जांच के दौरान एयरपोर्ट पर उसका फर्जीवाड़ा पकड़ा गया।

इस मामले में दो साल से फरार चल रहे एजेंट गुरबज सिंह को पुलिस ने आईजीआई एयरपोर्ट से बीते सोमवार गिरफ्तार कर लिया गया है। वह कनाडा भागने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था।

डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि 5 नवंबर, 2022 को पटियाला निवासी जोबनप्रीत सिंह आईजीआई एयरपोर्ट से रोमानिया जा रहा था। इमीग्रेशन ने देखा कि उसके पासपोर्ट से पेज निकालकर दोबारा सिलाई की गई है। आरोपी फरवरी, 2022 में सर्बिया गया था, जहां से तीन दिन बाद उसे डिपोर्ट कर दिया गया था। इस बाबत पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## शरजील इमाम की याचिका का विरोध

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उच्च न्यायालय में मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत अर्जी का विरोध किया।

पुलिस ने इमाम के भाषणों को आधार बनाया, जिसमें कथित तौर पर उसने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संगठित किया। चक्का जाम को विरोध के तरीके के तौर पर प्रचारित किया जो शांतिपूर्ण विरोध का रास्ता नहीं था।


www.livehindustan.com

**टॉप ट्रेंडिंग खबरें**
www.livehindustan.com पर सबसे ज्यादा देखी-पढ़ी गई खबरों को पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

**टॉप वीडियो**
www.livehindustan.com पर जारी शीर्ष नवीनतम वीडियो को देखने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

**टॉप पॉडकास्ट**
www.livehindustan.com के शीर्ष नवीनतम पॉडकास्ट सुनने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।



**रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम, आरसीएफ द्वारा निम्नलिखित मदों के लिए ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. सं. | निविदा सं. एवं नियत तिथि | विवरण | मात्रा (नग/सेट) | धरोहर राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 14245006 08.04.2024 | प्रीमिक्स लेजर गैस | 4 नग | 80,520/- |
| 2. | 14231266A 08.04.2024 | एलएचबी चेयरकार कोचों के लिए पीयू पेन्ट्स | 113 सेट | 1,20,740/- |
| 3. | 14231268A 09.04.2024 | साउंड इंसूलेटिंग लकड़ी पैनल | 2209 नग | 1,96,070/- |
| 4. | 13235285C 09.04.2024 | विशिष्टि सं. Mech/M&P/3800/01 Rev.-04 के अनुसार कम्पैटिबल कम्यूनिकेशन सिस्टम सेंसर्स के साथ हाई राईज स्टैकर सिस्टम में वेयरहाउस मैनेजमेंट सिस्टम (सॉफ्टवेयर) को बदलना। [वारंटी अवधि : सुपुर्दगी की तिथि के पश्चात 30 माह] पीएल नं./आईटम कोड - 659016170012 | 01 नग | 2,24,810/- |
| 5. | 14231209B 09.04.2024 | चोप्ड स्ट्रैंड मैट | 26542 किग्रा. | 1,36,790/- |
| 6. | 01241025A 15.04.2024 | मेमू बोगियों के लिए लीवर का सेट | 96 सेट | 58,450/- |
| 7. | 02241093 12.04.2024 | हाई कैपेसिटी आई.वी. कपलर यूनिट | 39 सेट | 3,62,640/- |
| 8. | 02241071 03.04.2024 | कनैक्टर सहित जम्पर केबल | 1586 नग | 6,94,390/- |

**1.** विवरण और ऑनलाइन निविदाएँ प्रस्तुत करने के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in देखें। आरेखण/विशिष्टियाँ, जहाँ भी जरूरी होगा, आरसीएफ वेबसाइट http://www.rcf.indianrailways.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। ऑनलाइन बोली देने हेतु अपेक्षित श्रेणी III बी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट को http://www.cce.gov.in में सूचीबद्ध लाइसेंस प्राप्त प्रमाणित एजेंसियों से प्राप्त किया जा सकता है। **2.** निविदाएँ निर्धारित तिथि को 14.25 बजे बंद होंगी तथा 14.30 बजे खोली जाएंगी। क्र.सं. 1 से 5 तक की निविदाएँ आरसीएफ, कपूरथला में तथा क्र.सं. 6 से 8 तक की निविदाएँ तिलक ब्रिज, नई दिल्ली में खोली जायेंगी। **3.** पूछताछ के लिए संपर्क करें: आईआरईपीएस हेल्पडेस्क 011-24102855, 011-24105180 या आरसीएफ हेल्पडेस्क 011-23378658 में।

**टिप्पणी :** आरसीएफ का जीएसटी नम्बर 03AAAGM0289C1ZT है। सभी आपूर्तिकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि उनके द्वारा की गई आपूर्तियों हेतु प्रेषण दस्तावेजों में इसे उद्धृत करें। **पीसीएमएम**

**शुद्धि पत्र**

**निविदादाता निम्नलिखित संशोधन नोट करें - 1.** एलएचबी एसी 2टी एवं एसी 3टी कोचों हेतु जीपीएस लोकेशन आधारित पेपीज (PAPIS) हेतु निविदा सं. 02241056 के तहत नियत तिथि को 15.03.2024 के स्थान पर 15.04.2024 पढ़ें। **2.** हाई कैपेसिटी पेन्ट्री इक्विपमेंट हेतु निविदा सं. 02241063 के तहत नियत तिथि को 07.03.2024 के स्थान पर 22.03.2024 पढ़ें। **3.** एलएचबी एसी 3 टियर कोचों के लिए नॉन एसी एरिया सीलिंग अरेंजमेंट के प्रापण हेतु निविदा सं. 12231399 के तहत नियत तिथि को 15.03.2024 के स्थान पर 29.03.2024 पढ़ें। **4.** निविदा सं. 14231275A और 14231273 के तहत नियत तिथि को 18.03.2024 के स्थान पर 28.03.2024 पढ़ें। **5.** भारतीय रेल पर मौजूदा 3 फेज ईएमयू/मेमू रेकों में रेट्रोफिटमेंट आधार पर अलार्म प्रणाली सहित स्वचालित स्मोक/फायर डिटेक्शन की आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग हेतु निविदा सं. 17231475A के तहत नियत तिथि को 19.03.2024 के स्थान पर 02.04.2024 पढ़ें। **अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेंगी।** **पीसीएमएम**

आर.ओ. सं. 169-S/2023-24 दिनांक 19.03.2024


# साढ़ू से विवाद में साली की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** अलीपुर थाना पुलिस ने शनिवार को चाकू से गोदकर साली की हत्या करने के आरोपी को सोनीपत से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पूरण चंद ने बताया कि साली के पति से उसका विवाद चल रहा था। इस वजह से उसने हत्या कर दी।

शुक्रवार को सिंघु गांव में 32 वर्षीय रितु की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई थी। डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि रितु अपने पति खरजू के साथ किराए पर एक माह पहले रहने के लिए आई थी। फिर कुछ दिन बाद रितु की बहन मोनी भी पति पूरण के साथ यहां रहने आ गई थी।

पुलिस ने इंस्पेक्टर प्रदीप की देखरेख में एसआई सचिन की टीम गठित की। पुलिस ने आरोपी के फोन की लोकेशन के सहारे तलाश शुरू की। आरोपी ने सोनीपत में फोन खोला तो उसमें मैसेज आने से उसका ठिकाना पुलिस को मिल गया। इसके बाद आरोपी को दबोच लिया।

## महरौली में महिला बालकनी से कूदी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** महरौली स्थित फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में मंगलवार को संपत्ति विवाद में महिला ने बालकनी से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि मंगलवार दोपहर फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में एक महिला के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक जांच के दौरान पता चला कि महिला जगवीर सिंह की दूसरी पत्नी है। जगवीर सिंह और उनकी पहली पत्नी का देहांत हो चुका है। दूसरी पत्नी का संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/नई दिल्ली के अनुभाग में रेलवे स्टेशन डीएलटी कॉम्पलेक्स वॉशिंग लाइन 1, 2, 3, 4 5 और 6 के लिए कैटवॉक की मरम्मत, जिसमें कनेक्टिंग पाथवे की मरम्मत और खुली नाले पर ड्रेन कवर का प्रावधान और लीक हुए हाइड्रेट के प्रतिस्थापन सहित खराब जल आपूर्ति पाइप लाइनों का प्रतिस्थापन सहित खराब जल आपूर्ति पाइप लाइनों का प्रतिस्थापन और कैटवॉक की मरम्मत शामिल है। राजधानी कॉम्पलेक्स वॉशिंग लाइन 7, 8, 9, 10, 11 और 12 में कनेक्टिंग पाथवे की मरम्मत और लाइन 17.18 आदि को स्थिर करने के लिए खुले नाले पर ड्रेन कवर का प्रावधान और नई दिल्ली में लीक हो रहे हाइड्रेंट के प्रतिस्थान सहित खराब जल आपूर्ति पाइप लाइनों का प्रतिस्थापन शामिल है। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹4,19,76,719.94 (रुपये चार करोड़ उन्नीस लाख छिहत्तर हजार सात सौ उन्नीस और चौरानवे पैसे मात्र)। |
| बयाना राशि (₹) | ₹3,59,900/-(रुपये तीन लाख उनसठ हजार नौ सौ मात्र) |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 05.04.2024 को 15:00 बजे तक; निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) ₹ 0.00 |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/90/2023-24/W-3 दिनांक: 15.03.2024 866/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भ्रष्टाचार मामले में जीएसटी अफसर को बर्खास्त किया

**कलंक के खिलाफ**

■ रिफंड का गलत आदेश जारी करने पर करोड़ों का नुकसान हुआ था

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भ्रष्टाचार के मामले में एक जीएसटी अधिकारी को मुख्य सचिव ने बर्खास्त कर दिया। इस मामले में सतर्कता निदेशालय की रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई है।

आरोप है कि उक्त जीएसटी अधिकारी ने जुलाई 2021 से अक्तूबर 2021 के दौरान व्यापार एवं कर विभाग में तैनाती के दौरान लाभार्थियों को अवैध तौर पर रिफंड आदेश जारी किए थे। इससे सरकारी खजाने को चौदह करोड़ रुपये के लगभग का नुकसान पहुंचा है। आरोप है कि उक्त अधिकारी ने अवैध रूप से 122 रिफंड आदेश जारी किए। डीलरों की साख की पुष्टि किए बिना दो महीने की छोटी अवधि में ही यह आदेश जारी किए गए। अधिकारी ने आवेदन के उसी दिन सत्यापन के बिना ही पांच फर्मों के माइग्रेशन को भी मंजूरी दे दी।

सतर्कता विभाग की ओर से इस संबंध में विस्तृत जांच रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंपी गई थी।

## बदमाशों ने बुजुर्ग को गोली मारी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सीलमपुर इलाके में सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग को गोली मार दी। घायल 65 वर्षीय दिलेराम को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें जीटीबी रेफर कर दिया गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल बुजुर्ग दिलेराम अपने परिवार के साथ गली नंबर-3, गौतमपुरी में रहते हैं। इनके परिवार में पत्नी कमलेश के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा है। दिलेराम सामान ढोने वाला रिक्शा चलाते हैं। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि सोमवार रात वह अपनी ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। इस बीच वह जैसे ही पांडू शिला, जैन मंदिर के पास पहुंचे, अचानक पीछे से आए बदमाशों ने उन पर गोली चला दी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ राधु पुत्र रामशकल शर्मा निवासी म.नं. 197, सुल्तानपुरी गांव, माजरा, दिल्ली, राज पार्क** ने केस एफआईआर नं. **127/21 अन्तर्गत धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ राधु** मिल नहीं रहा है और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ राधु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **127/21 अन्तर्गत धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ राधु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**एब्बानी अग्रवाल**
महानगर दण्डाधिकारी (उ.प.)
कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/3178/OD/2024
(Court Matter)


# नेहरू नगर से अगवा बच्चा सकुशल बरामद

■ पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में आरोपी को दबोचा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दयालपुर थाना पुलिस ने 13 मार्च को फिरौती के लिए नेहरू नगर इलाके से अपहृत बच्चे को सकुशल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से मुक्त करा लिया। आरोपी 46 वर्षीय वीरेश उर्फ वीरु को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया 13 मार्च को दयालपुर थाने को सात वर्षीय बच्चे के अगवा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाई तो उसकी अंतिम लोकेशन बुलंदशहर जिले में गंगा किनारे मिली। वहां लोगों ने बच्चे की तस्वीर को पहचान लिया और उसकी लोकेशन राजघाट गांव के पास पता चली। संदिग्ध आरोपी अपहृत बच्चे के साथ रेलवे स्टेशन के पास छिपा हुआ था। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### रकम की हेराफेरी और प्रोजेक्ट पूरे नहीं करने पर हरेरा की कार्रवाई, पांच हजार खरीदारों की चिंता बढ़ी

# माहिरा की पांच आवासीय परियोजनाएं रद्द

**सख्ती**

**गुरुग्राम, कार्यालय संवाददाता।** हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा) ने मंगलवार को माहिरा समूह की पांच आवासीय परियोजनाओं का पंजीकरण रद्द कर दिया। आरोप है कि समूह अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी के तहत नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से लाइसेंस लेकर इन परियोजनाओं को पूरा करने में विफल रहा।

माहिरा ग्रुप ने वर्ष 2017 से लेकर 2020 तक सेक्टर-63ए, 68, 95, 103 और 104 में आवासीय परियोजनाओं के तहत आवेदन आमंत्रित किए थे। इनमें करीब पांच हजार खरीदारों ने फ्लैट बुक करवाए। गत 14 फरवरी को हरेरा अध्यक्ष अरुण कुमार ने इन परियोजनाओं का निरीक्षण किया तो सभी में निर्माण कार्य बंद मिले। हरेरा अध्यक्ष को इन परियोजनाओं में हरेरा अधिनियम 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन मिला। जांच में हरेरा ने पाया कि इस बिल्डर ने पांचों परियोजनाओं में फ्लैट खरीदारों की तरफ से जमा करवाई गई रकम गैरकानूनी तरीके से दूसरी जगह स्थानांतरित करा दी। इसके बाद अब पंजीकरण रद्द किया गया है।

हरेरा की तरफ से वेबसाइट पर माहिरा समूह का नाम डिफाल्टर की सूची में डाला जाएगा। परियोजनाओं से जुड़े बैंक खाते अगले आदेश तक फ्रीज रहेंगे। मामले में माहिरा समूह के प्रबंध निदेशक सिकंदर सिंह छोकर से बात करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। परियोजनाओं की एवज में माहिरा समूह इन परिवारों से करीब 407 करोड़ रुपये वसूल चुका है। खास बात यह है कि ग्रुप के अधिकांश बैंक खाते खाली है।

हरेरा अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि समूह आदेश पर भी परियोजनाओं का निर्माण शुरू नहीं कर रहा था। ऐसे में पंजीकरण रद्द किए गए।अब इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नए विकल्प तलाशे जाएंगे।



गुरुग्राम के सेक्टर-95 स्थित माहिरा होम्स की अधूरी पड़ी इस परियोजना का पंजीयन भी हरेरा ने रद्द कर दिया। इसका निर्माण वर्ष 2021 से बंद है। ● हिन्दुस्तान

## यूनिटेक से खाली जमीन लेने की तैयारी

**नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** यूनिटेक बिल्डर को करीब 14-15 वर्ष पहले दी गई जमीन का काफी हिस्सा अब भी खाली है। बिल्डर पर नोएडा प्राधिकरण का भी काफी बकाया है। ऐसे में प्राधिकरण ने बिना प्रयोग की जमीन को वापस लेने का निर्णय लिया। उच्चतम न्यायालय में रिपोर्ट जमा कर दी है। इस पर न्यायालय को फैसला लेना है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि काफी साल पहले यूनिटेक बिल्डर को सेक्टर-96, 97, 98, 113 और 117 में यूनिटेक बिल्डर को करीब 15 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित की गई थी। इसमें से यूनिटेक ने अब तक करीब साढ़े चार-पांच लाख वर्ग मीटर जमीन का ही इस्तेमाल किया है।

यहां पर भी अधूरे टावर खड़े हैं। इनमें साढ़े हजार फ्लैट और भूखंड बन चुके हैं या निर्माणाधीन हैं। यूनिटेक की संबंधित परियोजनाओं में करीब दस लाख वर्ग मीटर जमीन खाली पड़ी है।

## वेव समूह की दुकानों से सील हटेगी

**नोएडा, विशेष संवाददाता।** जिला प्रशासन ने वेव ग्रुप की 200 करोड़ से अधिक की आरसी रेरा को वापस लौटा दी। यह आरसी हाईकोर्ट के आदेश के बाद लौटाई गई हैं। वेव ग्रुप अब आरसी की रकम रेरा में ही जमा कराएगा।

ग्रुप ने अग्रिम तिथियों के चेक भी जमा करा दिए हैं। इन आरसी के वापस होने से ग्रुप की सेक्टर-18 स्थित 38 दुकानों पर लगी सील खुल जाएगी। उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद ने बताया कि आरसी को लेकर वेव ग्रुप हाईकोर्ट में गया था। यहां विभिन्न उपभोक्ताओं की ओर से भी अर्जी डाली गई थी।

सुनवाई के बाद ग्रुप ने रेरा में सीधा पैसा जमा कराने का प्रस्ताव दिया और उसने अग्रिम तिथियों के चेक भी हाईकोर्ट में जमा करे, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार कर आदेश दिया है। इसके अनुपालन में रेरा को वेव ग्रुप की करीब 200 करोड़ की आरसी वापस कर दी गई हैं, जिसमें कुछ पैसा वेव ग्रुप ने जमा का दिया है।

## बाल चिकित्सालय में नए कोर्स शुरू होंगे

**नोएडा।** बाल चिकित्सालय में डीएनबी और नर्सिंग कोर्स शुरू करने की तैयारी है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा मंगलवार को बाल चिकित्सालय पहुंचे।

सारथी सेन ने अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह और सभी चिकित्सकीय विभागों के प्रमुख के साथ बैठक की। अस्पताल में अगले सत्र से डिप्लोमैट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) और नर्सिंग के अलग-अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी है।

## छात्र-छात्रा ने फंदा लगाकर जान दी

**ग्रेटर नोएडा।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में बीसीए के छात्र और बीटेक की छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी ली।

आगरा निवासी विकास शाहबेरी गांव में रहकर बीसीए की पढ़ाई कर रहा था। वह कुछ दिन से तनाव में था। सोमवार को वह फंदे पर लटका मिला। सुसाइड नोट मिला है। वहीं, नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज की बीटेक छात्रा काम्या सिंह हॉस्टल में आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट मिला है।

## एनसीआर 30s

### ट्रेन के आगे कूद रही महिला को बचाया

**ट्रांस हिंडन।** साहिबाबाद रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरि एक्सप्रेस के आगे कूद रही महिला की सिपाही मनोज कुमार की तत्परता से जान बच गई। घटना सोमवार सुबह की है। जीआरपी ने पसौंडा निवासी महिला के परिजनों को बुलाया और महिला और उसके पति की कॉउंसिलिंग की। महिला ने बताया कि पति शराब पीकर झगड़ा करता है, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाने के बारे में सोचा।

### पिता ने नशे में बेटी पर तेजाब डाला

**ट्रांस हिंडन।** शालीमार गार्डन निवासी उदल सिंह ने शराब के नशे में नाबालिग बेटी के हाथ पर तेजाब डाल दिया। घटना मंगलवार शाम की है। आरोपी और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। पैसे न मिलने पर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।

### 12 हजार परिवार दूसरी जगह शिफ्ट किए जाएंगे

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के प्रथम चरण का काम पूरा होने वाला है। ऐसे में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने दूसरे चरण के कार्य को गति देने की तैयारी कर ली है। दूसरे चरण में प्राधिकरण तीन गांव की करीब 1365 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करेगा। यहां रह रहे 12 हजार परिवार को मॉडलपुर और फलैदा बांगर में बसाया जाएगा।



गाजियाबाद में सिटी फॉरेस्ट के पास कपड़े की कतरन के गोदाम में सोमवार देर रात आग लग गई। दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कतरन के कई बंडल जल गए।

### धार्मिक स्थल के लिए चंदा मांग रहे युवक को पीटा

**नोएडा।** सलारपुर गांव में नीरज भाटी ने शराब के नशे में धार्मिक स्थल के लिए चंदा मांगने आए अब्दुल अजीज को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने पीड़ित को आरोपी के चंगुल से बचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल कुछ समय पहले नोएडा आए थे। वह बिहार में खुले मदरसों के लिए संचालन के लिए चंदा जुटाने का काम करते हैं।

### 13 वर्षीय बच्ची से तीन महीने तक दुष्कर्म

**मुरादनगर।** नगर की एक कॉलोनी में कक्षा छह की 13 वर्षीय छात्रा से पड़ोसी आदिल तीन माह तक दुष्कर्म करता रहा। पेट में दर्द होने पर जब परिजनों ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया तो पता चला वह गर्भवती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बच्ची ने बताया कि आदिल तीन माह से दुष्कर्म कर रहा था। विरोध करने पर पिता को जान से मारने की धमकी देता था।

### विज्ञान का प्रश्नपत्र लीक होने से परीक्षा रद्द

**गुरुग्राम।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने गुरुग्राम में 10वीं कक्षा के विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र लीक होने पर केंद्र की परीक्षा को रद्द कर दिया। मंगलवार को जिले के 63 केंद्रों पर विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। गुरुग्राम के हरचंदपुर गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के केंद्र से प्रश्नपत्र लीक हुआ। उड़नदस्ता ने पेपर लीक करने वालों को धर-दबोचा।

## मेदांता प्रमुख के डीपफेक वीडियो पर मुकदमा दर्ज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम साइबर पुलिस ने मेदांता अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर नरेश त्रेहन के फर्जी दावे के साथ दवा के प्रचार वाली डीपफेक वीडियो को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है। वीडियो में मेदांता प्रमुख को एक टीवी शो में भाग लेते और मोटापा रोधी दवा का विज्ञापन करते हुए दिखाया गया है।

मेदांता अस्पताल के एवीपी-मार्केटिंग हरीश असवानी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर एक मनगढ़ंत वीडियो सामने आया है, जिसमें चिकित्सकीय उपचार के बारे में भ्रामक जानकारी दी गई है। इससे उन मरीजों में अनुचित संदेह और आशंका पैदा हो सकती है जो अपनी चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए सटीक जानकारी पर भरोसा करते हैं।

## गाजियाबाद में घर के पास युवक की पीटकर हत्या

- आसपास रहने वाले लोगों से हुआ था विवाद
- बुआ को एक आरोपी का नाम बताया था

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** कविनगर थानाक्षेत्र के विवेकानंद नगर में मंगलवार को युवक की घर के पास पीट-पीटकर हत्या कर दी। परिजन अभी कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से झारखंड के जिला गढ़वा का रहने वाला 32 वर्षीय जितेंद्र कविनगर थानाक्षेत्र के विवेकानंद फ्लाईओवर के पास झुग्गी-झोपड़ियों में परिवार के रहता था। जितेंद्र की पत्नी का देहांत हो चुका है। वह 13 वर्षीय बेटी गुड़िया और मां पार्वती के साथ रहता था। परिजनों का कहना है कि जितेंद्र पास की ही एक कंपनी में मजदूरी करके अपनी आजीविका चलाता था। मंगलवार दोपहर को वह लंच टाइम में घर आया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान आसपास में रहने वाले कुछ लोगों से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते, आरोपियों ने जितेंद्र को पीटना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हमलावर जितेंद्र को तब तक पीटते रहे, जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। शोर होने पर लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर फरार हो गए।

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि जितेंद्र के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी। उसने घर आकर बुआ को एक आरोपी का नाम बताया था। शाम करीब साढ़े पांच बजे जितेंद्र ने दम तोड़ दिया।

## महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख रुपये ऐंठे

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने पार्सल में ड्रग्स और संदिग्ध दस्तावेज भेजने के नाम पर ब्लैकमेल कर महिला से 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों ने इस दौरान खुद को मुंबई साइबर सेल से बताते हुए महिला का दाउद इब्राहिम के करीबी होने की बात भी कही। जेल भेजने की धमकी दी।

साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। अहिंसा खंड-एक के राजहंस अपार्टमेंट निवासी जयिता चक्रवर्ती ने बताया कि 14 मार्च को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने फेडेक्स कुरियर सर्विस मुंबई का कर्मचारी बताते हुए उसकेनाम से नशीले पदार्थ ताइवान भेजने की बात कही। डिजिटल अरेस्ट के दौरान अपराधी कॉल कर व्यक्ति को किसी भी अपराध में संलिप्त होने का आरोप लगाकर फंसाते हैं।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह से गिरफ्त में आया एल्विश




**नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** रेव पार्टी आयोजित कराने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह चलाया। इसके तहत अलग-अलग टीमें गठित की गईं और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत देशभर में दर्ज मामलों का अध्ययन किया गया।

पुलिस ने मामले में ईश्वर और विनय नाम के व्यक्ति को मंगलवार देर रात पूछताछ के लिए बुलाया। उनसे कई घंटे तक पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एल्विश यादव की गिरफ्तारी की पटकथा एक सप्ताह पहले लिखी गई। एफएसएल रिपोर्ट का भी बारीकी से अध्ययन किया गया। पुख्ता सबूत जुटाने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर, एल्विश की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हो सकती है।

### परिजन बोले-बेटा मशहूर है, इसलिए फंसाया गया

एल्विश यादव के परिजनों ने कहा कि उनका बेटा निर्दोष है। मशहूर होने के कारण एनजीओ वाले उसके पीछे पड़े हैं। एल्विश ने कोई गलत काम नहीं किया, न ही वह ऐसी पार्टियों में कभी गया। पिता का दावा है कि एल्विश ने अब तक कुछ भी कबूल नहीं किया।

## अपना देश

### बंबई हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, मुंबई में 2006 में हुई थी फर्जी मुठभेड़

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को फर्जी मुठभेड़ मामले में उम्रकैद की सजा

**फैसला**

**मुंबई, एजेंसी।** बंबई हाईकोर्ट ने पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को फर्जी मुठभेड़ मामले में मंगलवार को दोषी ठहराते हुए आजीवन कावारास की सजा सुनाई। साल 2006 में मुंबई में गैंगस्टर छोटा राजन के कथित करीबी सहयोगी राम नारायण गुप्ता को फर्जी मुठभेड़ मार दिया गया था।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की एक खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के एक सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को 'गलत' और 'नहीं टिकने लायक' करार देते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि निचली अदालत ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध पर्याप्त सबूतों को नजरअंदाज कर दिया। सबूत मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करते हैं। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराने और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाने को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया और उन्हें बरी कर दिया। मामले में 13 पुलिस वालों सहित 22 पर हत्या का आरोप लगाया गया था। मामले में अभियोजन पक्ष ने दलील दी थी कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण व हत्या का मुख्य साजिशकर्ता था। 11 नवंबर 2006 को, एक पुलिस दल ने गुप्ता उर्फ लखन भैया को पड़ोसी वाशी से इस संदेह पर पकड़ा था कि वह राजन गिरोह का सदस्य है। उसके साथ उसके दोस्त अनिल भेड़ा को भी पकड़ा गया था। गुप्ता को उसी शाम 'फर्जी' मुठभेड़ में मार दिया था।

### कानून के रक्षकों को अपराधी की तरह कार्य करने की इजाजत नहीं

हाईकोर्ट ने प्रदीप शर्मा को फर्जी मुठभेड़ मामले में उम्रकैद की सजा देते हुए कहा कि कानून के रक्षकों/संरक्षकों को वर्दी में अपराधियों के रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर इसकी अनुमति दी गई तो इससे समाज में अराजकता फैल जाएगी।



### मुकेश अंबानी मामले में आरोपी हैं शर्मा

शर्मा की कानूनी मुश्किलें यहीं खत्म नहीं होती हैं। शर्मा 2021 में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के बाहर जिलेटिन की छड़ की बरामदगी और व्यवसायी मनसुख हीरेन की हत्या से संबंधित एक अलग मामले में भी फंसे हुए हैं। इस मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

### ये लोग दोषी ठहराए गए

पूर्व पुलिसकर्मी नितिन सरतापे, संदीप सरकार, तानाजी देसाई, प्रदीप सूर्यवंशी, रत्नाकर कांबले, विनायक शिंदे, देवीदास सपकाल, अनंत पटाडे, दिलीप पलांडे, पांडुराग कोकम, गणेश हरपुडे, प्रकाश कदम और हितेश शामिल है।

### वे लोग जो बरी हुए

कोर्ट ने छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और उम्रकैद को रद्द कर दिया और उन्हें बरी कर दिया। मनोज मोहन राज, सुनील सोलंकी, मोहम्मद शेख, सुरेश शेट्टी, ए. खान और शैलेन्द्र पांडे को बरी कर दिया गया।

### भेडा के कातिलों का न पकड़ा जाना दुर्भाग्यपूर्ण

गुप्ता के सहयोगी अनिल भेडा दिसंबर 2006 में रिहा हो गया। हालांकि, जुलाई 2011 में, अदालत में गवाही देने से कुछ दिन पहले, भेडा का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया और उसकी हत्या कर दी गई। फिलहाल राज्य सीआईडी मामले की जांच कर रही है। भेडा के मामले पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि आज तक सीआईडी ने जांच पूरी करने और अपराधियों का पता लगाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। हाइकोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस मामले में एक प्रमुख प्रत्यक्षदर्शी की जान चली गई। यह न्याय का मखौल है। ऐसा न हो कि लोगों का व्यवस्था पर से विश्वास खत्म हो जाए।

## इरफान सोलंकी पर आरोप तय

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में 350 वर्ग गज जमीन की बाउंड्री तोड़कर उसे कब्जाने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी, नई सड़क हिंसा के आरोपी हाजी वसी और कमर आलम के खिलाफ मंगलवार को आरोप तय हो गए।

अब चार अप्रैल को तीनों के खिलाफ एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में गवाही और ट्रायल शुरू होगा। मंगलवार को जेल से इरफान को कोर्ट लाया गया था। वहीं, प्लॉट में आगजनी मामले में आने वाला फैसला एक बार फिर से टल गया।

## शाही ईदगाह विवाद पर याचिकाएं निपटाईं

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटे शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े 15 वाद को एकसाथ सुनवाई करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका का निपटारा कर दिया।

शीर्ष अदालत ने शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंध समिति को हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर आदेश वापस लेने की मांग करने की स्वतंत्रता दी है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि 'याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 11 जनवरी के फैसले को वापस लेने का आग्रह किया है। पीठ ने कहा कि हम मौजूदा विशेष अनुमति याचिका का निपटारा करते हैं और याचिकाकर्ता शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन समिति को हाईकोर्ट में दोबारा से याचिका दाखिल करने और आदेश वापस लेने की मांग करने की स्वतंत्रता देते हैं। समिति की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि 11 जनवरी के आदेश को वापस लेने का आवेदन हाईकोर्ट में लंबित है। उन्होंने पीठ से मांग की थी कि उस अर्जी पर सुनवाई की तारीख निश्चित करने का आदेश देने की मांग की। इसके बाद पीठ ने यह आदेश पारित किया।

### मस्जिद परिसर में सर्वे के आदेश पर याचिका लंबित

अदालत की निगरानी में मस्जिद परिसर में सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पिछली सुनवाई पर शीर्ष अदालत ने अगले आदेश तक के लिए सर्वेक्षण पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने मामले में हिंदू पक्षकारों यानी भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और अन्य को नोटिस जारी कर पक्ष रखने का निर्देश दिया था।

## पहला मंत्रिमंडल विस्तार, आठ विधायक मंत्री बने

**हरियाणा**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार ने मंगलवार को आठ विधायकों को मंत्री बनाकर पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया। सैनी और पांच मंत्रियों ने पिछले सप्ताह शपथ ली थी।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हिसार से भाजपा विधायक कमल गुप्ता ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद फरीदाबाद के बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा, अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल, महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी से विधायक अभय सिंह यादव, कुरुक्षेत्र के थानेसर से विधायक सुभाष सुधा, भिवानी के बवानी खेड़ा से विधायक बिशंबर सिंह वाल्मीकि और गुरुग्राम के सोहना से विधायक संजय सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। मंत्रिमंडल के विस्तार में पूर्व गृह मंत्री अनिल विज को जगह नहीं मिली है।

## तौकीर रजा को सरेंडर करने का निर्देश

**प्रयागराज, विधि संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 2010 में बरेली दंगे में अभियुक्त के तौर पर जारी समन के खिलाफ दाखिल मौलाना तौकीर रजा की याचिका पर सुनवाई में उसे ट्रायल कोर्ट में सरेंडर कर जमानत के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने तौकीर के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने तौकीर को जारी आदेश में ट्रायल कोर्ट जज द्वारा निजी अनुभव के आधार पर टिप्पणी करने की निंदा की है और उनके आदेश के पेज 6 के पैरा 8 को स्पंज कर दिया है। कोर्ट ने यह आदेश दोनों पक्षों को सुनने के बाद दिया। इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल के चीफ मौलाना तौकीर रजा पर बरेली में 2010 में हुए दंगे को भड़काने का आरोप है।




**अध्ययन** | ऑस्ट्रिया के कॉम्प्लेक्सिटी साइंस हब और कोलंबिया के ईएएफआईटी विश्वविद्यालय में हुआ शोध, दुनिया में परिवहन के लिए 51.4 % लोग कार का इस्तेमाल कर रहे

# दिल्ली-मुंबई सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल में आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल में मुंबई-दिल्ली के लोग देश और दुनिया के कई शहरों से आगे हैं। मुंबई में 52% और दिल्ली में 48% लोग सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते हैं। ऑस्ट्रिया के कॉम्प्लेक्सिटी साइंस हब व कोलंबिया के ईएएफआईटी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन से यह खुलासा हुआ है। अध्ययन के अनुसार दुनिया में 26.2 फीसदी लोग ही यात्रा के लिए सार्विजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते हैं। यह अध्ययन एनवायरनमेंट इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

### 61 देशों के 794 शहरों में परिवहन के साधनों पर अध्ययन

शोधकर्ताओं ने भारत सहित 61 देशों के 794 शहरों में परिवहन के साधनों पर अध्ययन किया। इन शहरों की कुल आबादी 85 करोड़ है। शोध में यह सामने आया कि लोग सबसे अधिक 51.4% लोग कार का इस्तेमाल करते हैं। दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में कार के इस्तेमाल का चलन भी अलग-अलग है। अमेरिका और कनाडा के शहरों में लगभग 92% यात्राओं के लिए लोग कार का उपयोग करते हैं। उत्तरी और दक्षिणी यूरोपीय शहरों में कार से यात्रा का प्रतिशत 50% से 75% तक है।

### सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल




लोग बाइक से और पैदल चलते हैं दिल्ली और मुंबई में

### भारत में लोग कैसे करते हैं यात्रा

| शहर | पब्लिक ट्रांसपोर्ट | कार | पैदल, बाइक या अन्य |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 48% | 19% | 33% |
| मुंबई | 52% | 15% | 33% |
| चेन्नई | 31% | 38% | 31% |
| बेंगलुरु | 28% | 36% | 37% |
| अहमदाबाद | 16% | 48% | 36% |
| विशाखापत्तनम | 19% | 26% | 55% |
| कोच्चि | 49% | 36% | 15% |
| शिमला | 49% | 8% | 43% |



**भारत में पैदल, बाइक या साइकिल का भी उपयोग** देश में बड़ी संख्या में लोग पैदल, बाइक या साइकिल चलाते हैं। मुंबई -दिल्ली में 33%इसका इस्तेमाल कर रहे। विशाखापत्तनम में 55% व शिमला में 43% लोग पैदल या साइकिल से चलते हैं।

**26%** लोग ही यात्रा के लिए सार्वजनिक परिवहन को चुन रहे दुनिया में अभी भी

**48%** लोग देश में सबसे अधिक कार का इस्तेमाल करते हैं अहमदाबाद में

भारत सहित 61 देशों के 794 शहरों में परिवहन साधनों पर अध्ययन

### धनी कर रहे कार का प्रयोग

जिन शहरों की प्रति व्यक्ति आय अधिक वहां कार से 37% अधिक यात्राएं की जा रही हैं। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया में अधिकांश लोग कारों पर निर्भर हैं। चाहे उनकी निजी कार हो या किराये की टैक्सी हो। जबकि यह कई बार सामने आ चुका है कि शहरों में कारों के उपयोग से प्रदूषण, शोर सहित कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं।

### सार्वजनिक परिवहन के लाभ

- कार रखने और चलाने की तुलना में सार्वजनिक परिवहन सस्ता
- भीड़-भाड़ के दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या से भी बचा जा सकता है
- सड़क पर कम कारों से प्रदूषण की समस्या में भी सुधार
- आर्थिक विकास को भी बढ़ावा,
- कार्बन उत्सर्जन को कम करता है, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने में कारगर

भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में, पार्टी ने यहां से राजकुमार सांगवान को चुनाव मैदान में उतारा

# चार दशक बाद चौधरी परिवार के बाहर का प्रत्याशी

वीआईपी सीट — बागपत

■ नाजिम आजाद

कुल मतदाता 16,46,378

पुरुष मतदाता 8,94,111

महिला मतदाता 7,52,178

नोट : आंकड़े वर्ष 2024 के अनुसार हैं।

**2019**

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. सत्यपाल सिंह | 5,25,789 |
| रालोद | जयंत चौधरी | 5,02,287 |

**2014**

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | डा. सत्यपाल सिंह | 4,23,475 |
| सपा | गुलाम मोहम्मद | 2,13,609 |
| रालोद | अजित सिंह | 1,99,516 |

### जयंत चौधरी की चुनौती

- भाजपा-रालोद गठबंधन में उनको दो सीट बिजनौर-बागपत मिली हैं
- अपने प्रत्याशी को जिताने के साथ जाट वोटों पर पकड़ साबित करनी है
- इन दोनों सीटों का ही परिणाम आगे की राजनीतिक दिशा तय करेगा

### कब कौन जीता

| वर्ष | विजेता प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| 2019 | डॉ. सत्यपाल सिंह | भाजपा |
| 2014 | डॉ. सत्यपाल सिंह | भाजपा |
| 2009 | अजित सिंह | रालोद |
| 2004 | अजित सिंह | रालोद |
| 1999 | अजित सिंह | रालोद |
| 1998 | सोमपाल | भाजपा |
| 1996 | अजित सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | अजित सिंह | जनता दल |
| 1989 | अजित सिंह | जनता दल |
| 1984 | चौ. चरणसिंह | लोकदल |
| 1980 | चौ. चरणसिंह | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1977 | चौ. चरणसिंह | बीएलडी |
| 1971 | रामचंद्र विकल | कांग्रेस |
| 1967 | रघुवीर सिंह शास्त्री | निर्दलीय |

विधानसभा सीटें 05



डॉ. राजकुमार सांगवान




### छात्र राजनीति से की शुरुआत

बागपत से भाजपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान 1982 में मेरठ में रालोद के जिला उपाध्यक्ष बने। 1986 में वे छात्र रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। 1995 में चौधरी अजित सिंह ने उन्हें झारखंड-बिहार के चुनाव का प्रदेश प्रभारी बनाया। इसके बाद वे रालोद में प्रदेश महामंत्री व प्रदेश महामंत्री सगंठन बने। सांगवान ने बागपत के माया त्यागी कांड से छात्र राजनीति में प्रवेश किया था।

### बागपत जिले की विशेषताएं

- 1997 में मेरठ से अलग होकर बागपत जिला बना
- बागपत महाभारतकालीन लाक्षागृह के लिए है प्रसिद्ध
- अपनी देशज भाषा, संस्कृति, खाप और परंपराओं के लिए जाना जाता है

### सियासत

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जाट राजनीति का केंद्र है
- यह चौधरी चरण सिंह परिवार का गढ़ माना जाता है
- परिसीमन, भाजपा और बसपा की एंट्री के बाद परिदृश्य बदला

### विकास

- दिल्ली-बागपत, मेरठ-बागपत नेशनल हाईवे
- ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे
- दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर बन रहा
- मितली गांव में 800 करोड़ की लागत से अमूल प्लांट जल्द शुरू होगा



प्रवीण बैंसला, बसपा प्रत्याशी

### बैंसला ने दिल्ली से शुरू की राजनीतिक पारी

बागपत से बसपा प्रत्याशी प्रवीण बैंसला वर्ष 2015 में दिल्ली विधानसभा की रोहताशनगर सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। प्रवीण दिल्ली हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं और वह 2007 से बसपा से जुड़े हुए हैं।

**बागपत।** चौधरी चरण सिंह के रूप में देश को गृह मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक देने वाली बागपत सीट को चौधरी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है, लेकिन इस चुनाव में इस सीट पर चौधरी परिवार से कोई भी प्रत्याशी नहीं है। इस बार भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने यहां से राजकुमार सांगवान को चुनाव मैदान में उतारा है। जयंत का यह फैसला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि करीब 47 साल बाद इस सीट पर चौधरी परिवार से बाहर का उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है।

पिछले दस वर्षों से चौधरी परिवार बागपत सीट से चुनाव नहीं जीत सका है। पिछले दो चुनावों में भाजपा नेता डॉ. सत्यपाल सिंह ने पहले छोटे चौधरी अजित सिंह और फिर उनके पुत्र जयंत चौधरी को हराकर नया इतिहास रच दिया था। इस बार लोकसभा चुनाव में राजग-रालोद गठबंधन से 34 वर्ष बाद भाजपा का यहां कोई प्रत्याशी नहीं है। बसपा ने बागपत सीट से प्रवीण बैंसला को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, सपा ने इस सीट से अभी प्रत्याशी नहीं उतारा है।

**जाटलैंड की सबसे अहम सीट :** बागपत पश्चिमी उत्तरप्रदेश के जाटलैंड की सबसे अहम सीट है। पंचायत, खापों और जाट मतदाताओं के कारण इस सीट पर सभी की निगाहें रहती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यह सीट काफी चर्चित रहती है। पहले यहां सुरक्षा के विशेष प्रबंध होते थे। इस सीट पर पहले कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन जब चौधरी चरण सिंह ने हाथ का साथ छोड़ा तो पार्टी जीत को तरस गई। 1991 में पहली बार भाजपा ने इस सीट पर किस्मत आजमाई थी। इसके बाद 1998 के आम चुनाव में सोमपाल शास्त्री ने चौधरी अजित सिंह को हराकर पहली बार यहां कमल खिलाया था। हालांकि सालभर बाद ही हुए चुनाव में छोटे चौधरी ने फिर बाजी पलट दी। इस सीट पर चौधरी चरण सिंह तीन बार और उनके पुत्र चौधरी अजित सिंह छह बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 1984 के चुनाव में चौधरी चरण सिंह के सामने राजनारायण सिंह ने पर्चा दाखिल कर मुकाबले को चर्चा में लाया था। यह भी दिलचस्प है 57 वर्षों में 14 बार हुए आम चुनावों में 13 बार जाट जाति के नेता ने ही जीत दर्ज की है।

**रघुवीर सिंह शास्त्री थे बागपत के पहले सांसद :** 1967 में बागपत सीट पर पहली बार हुए आम चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार रघुवीर सिंह शास्त्री पहले सांसद बने। उन्होंने कांग्रेस के केसी शर्मा को भारी वोटों से हराया था। शास्त्री 1,54,518 वोट पाकर जीते, वहीं केसी शर्मा 66,960 वोट अपने लिए जुटा पाए।

**डॉ. सत्यपाल ने अजित और जयंत दोनों को हराया :** 2014 में हुए आम चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर बाजी मारी थी। भाजपा ने मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर डॉ. सत्यपाल सिंह को यहां से उतारा। उन्होंने अजित सिंह को हराया।

इस चुनाव में चौधरी अजित सिंह तीसरे नंबर पर रहे। सपा से गुलाम मोहम्मद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, 2019 के चुनाव में जयंत चौधरी बागपत से चुनाव लड़े, मगर भाजपा के डा. सत्यपाल सिंह ने उनको हरा दिया।

वे दिन — किस्सा 1989 का

## सियासी अनबन के बीच सभा में हेलीकॉप्टर ने जुटाई भीड़

■ हरीश रावत की रैली में एनडी तिवारी के देरी से आने से लौट रही थी भीड़

**हल्द्वानी।** यह उन दिनों की बात है जब उत्तराखंड की अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट आरक्षित नहीं थी। 1989 के चुनाव में इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व केंद्रीय मंत्री बची सिंह रावत के बीच लड़ाई थी। तब दिग्गज कांग्रेस नेता एनडी तिवारी और हरीश रावत एक ही पार्टी में होने के बावजूद एक मंच पर कम दिखते थे। उस दौरान हरीश रावत के समर्थन में आयोजित सभा में एनडी तिवारी ने पहुंचने में जानबूझकर देर की और लोग निराश होकर लौटने लगे, लेकिन हाईकमान के निर्देश पर आखिरकार तिवारी को सभा में पहुंचना पड़ा। तब स्टेडियम में उनके हेलीकॉप्टर को देखने के लिए जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी।

अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ में दो दिग्गजों के आमने-सामने होने के कारण देशभर की नजरें यहां रहती थीं। राजनीति विज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. प्रभात उप्रेती ने भी इस सीट पर होने वाले चुनावों को करीब से देखा है।

डॉ. प्रभात ने बताया कि 1989 के चुनाव में लंबे समय बाद अल्मोड़ा स्टेडियम में हरीश रावत के समर्थन में सभा करने के लिए एनडी तिवारी लखनऊ से आ रहे थे। सुबह 11 बजे से जनता पहुंचने लगी थी और करीब एक बजे तिवारी का संबोधन तय था लेकिन दो बजे तक वह नहीं आए।

इस बारे में डॉ. प्रभात ने एनडी तिवारी के स्टाफ में मौजूद अपने एक साथी से संपर्क किया तो पता चला कि हाईकमान के निर्देश के कारण तिवारी को आना पड़ रहा है, लेकिन उनकी अपनी कोई मजबूत इच्छा नहीं है। इसी वजह से देर हो रही है। आखिर तीन बजे सभा से लोग उठकर जाने लगे। तभी अल्मोड़ा के आसमान में तिवारी का हेलीकॉप्टर नजर आया। तब पहाड़ी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर को लेकर विशेष आकर्षण था। हेलीकॉप्टर जमीन पर उतरते देख भीड़ ठहर गई। डॉ. प्रभात कहते हैं, उसके बाद भीड़ रुकी ही नहीं। जिसे भी पता चला कि स्टेडियम में हेलीकॉप्टर उतरा है, वह स्टेडियम की तरफ भागा और सभा में खूब भीड़ उमड़ी।

### हरीश रावत ने हुजूम देख मंच संभाला

जनसभा में लोगों को उमड़ता देख हरीश रावत ने मंच संभाला। उन्होंने एनडी तिवारी का आभार जताते हुए मतदाताओं को साधने के लिए भाषण भी दिया। बाद में एनडी तिवारी को भी उन्हें जिताने के लिए मंच से भाषण देना पड़ा।

## बायस्कोप | डायलॉग सुना ट्रेजडी किंग ने मांगा था समर्थन



ट्रेजडी किंग के नाम से मशहूर फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद आए थे। उन्होंने जीआईसी के मैदान में आयोजित जनसभा में कांग्रेस प्रत्याशी रीना कुमारी के लिए जनता से समर्थन मांगा था। इस जनसभा में उमड़ी भीड़ से गदगद अभिनेता दिलीप कुमार ने अपने कई प्रसिद्ध डायलॉग्स सुनाकर लोगों का दिल जीत लिया था।

## युवा मतदाताओं को साधने की चुनौती

मैदान के महारथी — अजय भट्ट

### सियासी सफरनामा

**1996** में पहली बार रानीखेत सीट से विधायक चुने गए

**2002** और 2012 में भी रानीखेत सीट से चुनाव जीता

**2012** से 2017 तक उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे



### उत्तराखंड सरकार में अहम पद संभाले

अजय भट्ट ने उत्तराखंड की अंतरिम सरकार में चिकित्सा, विधायी एवं संसदीय कार्य, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, आबकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री के रूप में काम किया। 2002 और 2012 के विधानसभा चुनावों में भी रानीखेत सीट से विधायक बने। 2012 से 2017 तक वह उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे। 2015 से 2020 तक उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे।

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के लोकसभा चुनाव में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट के सामने भाजपा को लगातार तीसरी बार जीत दिलाने की चुनौती है।

राज्य में अजय भट्ट की पहचान एक संघर्षशील नेता के रूप में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी। इस चुनाव में उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में मौजूद करीब 60 फीसदी युवा वोटरों को साधने के लिए सोशल मीडिया फोरम तैयार करने की रणनीति अपनाई है। वह युवाओं के बीच अधिक समय बिताने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं।

इस लोकसभा चुनाव में अजय भट्ट ने मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों में प्रचार और रैलियों का संतुलन बनाने के लिए दोनों जगह पर स्थानीय टीम को सक्रिय किया है। माना जा रहा है वह राममंदिर निर्माण के नाम पर लोगों से वोट मांग सकते हैं। साथ ही यूसीसी का मुद्दा भी भुनाने की कोशिश कर सकते हैं।

**कांग्रेस विधायकों में सेंध लगाना चुनौती :** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के मैदानी हिस्सों में कांग्रेस की मजबूत पकड़ मानी जाती है। प्रदेश में ऊधमसिंह नगर अकेला ऐसा जिला है जहां कांग्रेस के सबसे ज्यादा पांच विधायक हैं। इन विधायकों के क्षेत्र में सेंध लगाना भट्ट के लिए चुनौती होगी। हल्द्वानी में भी बड़ी संख्या में मतदाता हैं लेकिन यहां भी कांग्रेस विधायक होने के कारण खास मशक्कत करनी पड़ सकती है।

नैनीताल सीट पर 2014 से पहले हुए चुनावों में कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। कांग्रेस व पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के प्रभाव वाली इस सीट पर 1951 से अब तक हुए चुनावों में कांग्रेस 10 और भाजपा को चार बार जीत मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने 2014 के चुनाव में जीत दर्ज कर यहां भाजपा की वापसी कराई। 2019 के आम चुनाव में अजय भट्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी हरीश रावत को रिकॉर्ड तीन लाख 39 हजार 96 वोटों से हराया। इस सीट से पहली बार चुनाव जीतने के बाद भट्ट ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह बनाई।

**उत्तराखंड में पार्टी अध्यक्ष रहे :** एक मई 1961 को जन्मे अजय भट्ट ने भाजपा के छात्र संगठन एबीवीपी से राजनीति की शुरुआत की। एलएलबी की डिग्री रखने वाले अजय भट्ट 1980 में भाजपा के सक्रिय सदस्य बने। राम मंदिर आंदोलन के दौरान दो बार जेल भी गए। भट्ट पहली बार 1996 में रानीखेत विधानसभा सीट से अविभाज्य यूपी में विधायक बने। भट्ट ने 2017 के चुनावों में बतौर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा को चुनाव जिताकर सत्ता में वापसी कराई। हालांकि भट्ट खुद रानीखेत सीट से चुनाव हार गए।

## हेमंत सोरेन की भाभी भाजपा में शामिल

आयाराम-गयाराम



**नई दिल्ली, वि.सं.।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई की मौजूदगी में सीता सोरेन ने भाजपा में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की। इसके कुछ ही घंटों पहले सीता सोरेन ने झामुमो छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने दावा किया था कि झारखंड के सत्तारूढ़ दल में उनकी उपेक्षा की जा रही थी। उन्हें अलग-थलग किया जा रहा था। भाजपा झारखंड से उन्हें टिकट दे सकती है।

### पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह ने भी थामा पार्टी का दामन



अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू भी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। ऐसी संभावना है कि भाजपा उन्हें पंजाब के अमृतसर से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। वह पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होते हुए संधू ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और जे पी नड्डा को उनकी राजनीतिक पारी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विकास उनके गृहनगर अमृतसर तक भी पहुंचनी चाहिए।

## चुनावी प्रश्नोत्तरी

■ **क्या कोई व्यक्ति एक से अधिक स्थान पर मतदाता सूची में पंजीकरण करा सकता है?**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धाराओं 17 और 18 के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में पंजीकरण नहीं करा सकता है। अगर आवेदक का नाम दो जगह मतदाता सूची में है तो वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंड का पात्र होगा।

■ **मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियां होने पर सही विवरणों के साथ नया पहचान पत्र लेने की क्या प्रक्रिया है?**

कोई व्यक्ति मतदाता फोटो पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक करने के लिए प्रारूप-8 में आवेदन कर सकता है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आवश्यक सुधार के बाद उसी नंबर से एक नया मतदाता पहचान पत्र जारी करेगा।

## चुनावी चकल्लस

### माहौल भांपकर पाला बदल रहे कार्यकर्ता

भाजपा ने दिल्ली में सात में से छह सांसदों के टिकट काटकर नए चेहरे उतार दिए हैं। ऐसे में मौजूदा सांसदों के साथ घूमने वाले कार्यकर्ताओं के सामने दिक्कत खड़ी हो गई है। उन्हें अपने भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। इसलिए सांसदों के साथ सटे रहने वाले स्थानीय नेता अब धीरे-धीरे पाला बदलकर नए प्रत्याशियों से सट रहे हैं। कई कार्यकर्ता तो अपना इलाका छोड़कर दूसरे संसदीय क्षेत्रों में भी प्रतयाशी की मदद करने पहुंच गए हैं।

## सियासत 30s

### पवार के समर्थन में आए अजित पवार के भाई

**पुणे।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के छोटे भाई श्रीनिवास पवार अपने चाचा शरद पवार के समर्थन में आ गए हैं। श्रीनिवास ने अपने भाई अजित के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उसे अवसरवादी कहा है।सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में श्रीनिवास बारामती के पास कटेवाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपने भाई अजित को निशाने पर लिया। उन्होंने अपने भाई अजित पवार को अयोग्य और अवसरवादी करार दिया। उन्होंने भाई अजित को निशाने पर लेते हुए कहा कि शरद पवार ने अजित पवार को चार बार उप मुख्यमंत्री बनाया।

### 'महाराष्ट्र में कांग्रेस को समर्थन देगा वीबीए'

**मुंबई।** वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की सात सीटों पर कांग्रेस को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की। उन्होंने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर समर्थन की बात कही है। महाराष्ट्र में आगामी आम चुनाव में 48 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए पांच चरणों में मतदान होगा। खड़गे को लिखे पत्र में आंबेडकर ने उनसे एमवीए में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को आवंटित कोटा से 7 निर्वाचन क्षेत्रों के नाम सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया है।


www.livehindustan.com

चुनावी खबरें

चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।


## बसपा ने जालौन से सुरेशचंद्र को उतारा

**उरई।** बसपा ने जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा सीट से बिजली विभाग से रिटायर अधिशासी अभियंता सुरेश चंद्र गौतम को उम्मीदवार बनाया है। वह वामसेफ के समय से बहुजनों के लिए काम कर रहे हैं। बसपा में वह कई पदों पर रह चुके हैं।

मंगलवार को पार्टी सम्मेलन में बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार ने उनके प्रत्याशी होने की घोषणा की। सुरेशचंद्र गौतम ने 1983 में पहली बार कांशीराम के साथ जुड़कर मिशन के लिए काम की शुरुआत की।

## पशुपति पारस का मंत्री पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली/पटना, हिटी।** बिहार में एनडीए के सीट बंटवारे से नाराज होकर केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। अपना त्यागपत्र उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मंत्री को भेजा।

इस्तीफे के बाद भाजपा पर उन्होंने अपने तथा अपनी पार्टी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के साथ नाइंसाफी करने का आरोप लगाया। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर दो दिनों में फैसला लेने की बात कही है। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए पारस ने अपने त्यागपत्र का ऐलान किया। कहा कि बहुत ईमानदारी और वफादारी के साथ एनडीए की सेवा की है। पर उनके और पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रगुजार हैं। भविष्य की रणनीति के सवाल पर कहा कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जल्द अगले कदम की जानकारी देंगे।

### महागठबंधन के सहारे हाजीपुर में भतीजे को टक्कर देंगे



माना जा रहा है कि पशुपति पारस एनडीए से अलग होकर इंडिया गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इस बाबत राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से उनकी बात हो चुकी है, हालांकि फैसला तेजस्वी यादव से बातचीत के बाद ही होगी। वह हाजीपुर लोकसभा चुनाव में अपने भतीजा चिराग पासवान को टक्कर देंगे। वह पहले भी ऐलान कर चुके हैं कि हाजीपुर से चुनाव लड़ने से उन्होंने कोई रोक नहीं सकता है। गौरतलब हो कि इंडिया गठबंधन के बीच अभी सीट बंटवारे का ऐलान नहीं हुआ है।

## सीट बंटवारे को लेकर उपेंद्र कुशवाहा की नाराजगी दूर

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सिर्फ एक सीट मिलने से नाराज बताए जा रहे उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा ने मना लिया है। उनकी पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा लोकसभा की एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। बिहार में एक विधान परिषद की सीट भी उन्हें दी जाएगी।

भाजपा के महामंत्री और बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने मंगलवार को घर जाकर उनसे मुलाकात की। समझा जाता है कि इस दौरान उनकी नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया गया। इसके बाद कुशवाहा ने बैठक की जानकारी साझा की। कुशवाहा ने 'एक्स' पर लिखा, 'आज मेरे दिल्ली आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े से मुलाकात हुई। हमने बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा की। एक दिन पहले ही बिहार के लिए एनडीए ने सीटों का बंटवारा किया था।

## पश्चिमी यूपी में आज से चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो रही है। पहले चरण के लिए उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया बुधवार से ही शुरू होगी।

पश्चिमी यूपी और तराई की इन आठ लोकसभा सीटों पर बुधवार 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी और बुधवार 27 मार्च तक चलेगी। 25 मार्च को होली का त्योहार के दिन नामांकन दाखिल नहीं होंगे। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी व 30 मार्च तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। शुक्रवार 19 अप्रैल को इन आठ सीटों पर मतदान होगा। 2019 के पिछले आम चुनाव की बात करें तो इन आठ सीटों में भाजपा ने तीन सीटें कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत जीती थीं।

### इन सीटों पर होंगे नामांकन

सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत

रणनीति | विपक्ष की राजनीति में अब भी मुसलमान महत्वपूर्ण लेकिन टूट रहा वोटबैंक का मिथक, मुस्लिम बहुल सीटों को लेकर राजनीतिक दल अपने गुणाभाग में लगे

## लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतों के सहारे कितना होगा बेड़ा पार


**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** क्या देश के चुनावों में अभी भी मुस्लिम वोटबैंक पहले जैसा महत्वपूर्ण है? लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर से मुस्लिम बहुल सीटों को लेकर राजनीतिक दल अपने गुणाभाग में लगे हुए हैं। साथ में यह चर्चा भी हो रही है, कि क्या मुस्लिम वोटबैंक का मिथक टूट चुका है।

फिलहाल सौ से ज्यादा मुस्लिम बहुल सीटों पर राजनीतिक दल इस तरह से ताना बाना रच रहे हैं कि बाजी उनके हाथ में आ सके। इसमें भाजपा भी पीछे नहीं है।

भाजपा ने अपने अल्पसंख्यक मोर्चे के जरिए मुसलमानों को भी साधने की रणनीति बनाई है। पार्टी लोगों के बीच जाकर यह बता रही है कि किस तरह से भाजपा की मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी कल्याणकारी योजनाओं को सभी वर्गों तक पहुंचाया है। पार्टी का मानना है कि लाभार्थियों का जो नया वोटबैंक तैयार हुआ है, उसमें मतदाता के रूप में कुछ प्रतिशत ही सही मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हैं। उधर विपक्ष की रणनीति भी बताती है कि अब वे मुस्लिम बहुल सीटों पर भी केवल इस वोटबैंक के आधार पर सीटों का गणित तैयार नहीं कर रहे हैं। बल्कि यह सोच उभरी है कि मुद्दों के आधार पर और जातीय समीकरण साधकर अगर मतदाताओं के ध्रुवीकरण को रोका जा सकता है तो मुस्लिम स्वाभाविक रूप से भाजपा विरोधी मोर्चे से जुड़ेगा। लेकिन मुस्लिम केंद्रित रणनीति से ध्रुवीकरण का डर विपक्ष को सताने लगा है।

### इन 65 सीटों पर मुस्लिम वोटरों की तादाद 35% से अधिक

देशभर में 65 ऐसी लोकसभा सीट हैं जहां मुस्लिम वोटरों की तादाद 35% से ज्यादा है। इन सीटों में से सबसे ज्यादा यूपी में 14 सीट हैं।




### ये सीटें भी महत्वपूर्ण

इन 65 लोकसभा सीटों के अलावा देश में 35 से 40 ऐसी लोकसभा सीटें भी हैं, जहां मुस्लिम मतदाता पूरी तरह से निर्णायक भूमिका में भले ही न हो, लेकिन संख्या अच्छी खासी है। फिलहाल भाजपा की ऐसी सीटों पर जीत का रिकॉर्ड बताता है कि मुस्लिम बहुल सीट भी भाजपा विरोधी खेमे के लिए सुरक्षित नहीं रह गई है।




मोदी का विपक्ष पर प्रहार, कहा- इंडिया गठबंधन जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान कर रहा

# शक्ति का विनाश चाहने वाले खुद ही बर्बाद हो जाएंगे : प्रधानमंत्री

**निशाना**

**सलेम (तमिलनाडु), एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शक्ति वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर एक बार फिर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन वाले बार-बार जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। द्रमुक समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) विनाश करना चाहते हैं, लेकिन वे खुद ही बर्बाद हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां की रैली में कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को सिक्के के दो पहलू करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के खिलाफ इनका (इंडी गठबंधन) हर बयान सोचा समझा हुआ होता है। द्रमुक और कांग्रेस का इंडी गठबंधन और किसी धर्म का अपमान नहीं करता। किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन, हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते।

मोदी ने कहा, हमारे महाकाव्य इस बात का सबूत हैं कि जो लोग शक्ति का विनाश करना चाहते हैं, वे नष्ट हो जाते हैं। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाले चुनावों की तारीख का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मेरा तमिलनाडु भी 19 अप्रैल को यही करेगा। तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं।

प्रधानमंत्री ने एनडीए सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं को भी रेखांकित किया और कहा कि इन योजनाओं के केंद्र में नारी शक्ति है। द्रमुक के बारे में उन्होंने कहा कि यह सबको पता है कि जब दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता जीवित थीं तो पार्टी ने उनके साथ कैसा व्यवहार किया था।



तमिलनाडु के सलेम में मंगलवार को जनसभा के दौरान समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● प्रेट्र

## केरल में रोड शो से चुनावी बिगुल फूंका

**पलक्कड़ (केरल)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा केरल पर विशेष ध्यान दिए जाने के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के अपने उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मंगलवार को यहां एक विशाल रोड शो किया।

## मोदी से मिले शाह और नड्डा

**नई दिल्ली, (वि.सं)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, मुलाकात में बीजद, मनसे और जद(एस) और बिहार के सीट बंटवारे को लेकर चर्चा की गई है। नड्डा ने विभिन्न राज्यों के बारे में जानकारी दी।

# चुनाव के लिए एकजुट हों कार्यकर्ता : खड़गे

**आह्वान**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों का वही हश्र होगा, जो वर्ष 2004 के चुनाव में इंडिया शाइनिंग के नारे का हुआ था। इसके साथ उन्होंने पार्टी से सभी प्रमुख मुद्दों को गांव-गांव और घर-घर पहुंचाने का आग्रह करते हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में जुटने की अपील की।

चुनाव घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चुनाव में पार्टी जो वादे करने जा रही है, वह उन्हें पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि हम वादे करने से पहले गहराई से यह पड़ताल कर लेते हैं कि उनको पूरा भी कर पाएंगे या नहीं। कांग्रेस का घोषणा पत्र 1926 से देश के राजनीतिक इतिहास में भरोसे का दस्तावेज बना हुआ है। आजादी के बाद पहला घोषणा पत्र 1951 में जारी हुआ था।

**बैठक में 11 राज्यों की 85 सीट पर हुई चर्चा :** लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। मंगलवार शाम हुई इस बैठक में 11 राज्यों की करीब 85 सीट पर चर्चा हुई। पार्टी ने ज्यादातर उन सीट पर चर्चा की है, जिन पर पहले चरण में चुनाव है। पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीट पर चुनाव है। इस चरण के लिए 27 मार्च तक नामांकन किए जा सकते हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई।



नई दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी। ● एएनआई

### पांच न्याय, 25 गारंटी

**1 युवा न्याय**
- **भर्ती भरोसा :** केंद्र सरकार के कैलेंडर के अनुसार 30 लाख नई नौकरियां
- **पहली नौकरी पक्की :** हर शिक्षित युवा को एक साल के अप्रेंटिसशिप द्वारा एक लाख रुपये (8500 प्रतिमाह)
- **पेपर लीक से मुक्ति :** पेपर लीक को पूरी तरह रोकने के लिए नीति
- **टेक कंपनियों में सामाजिक सुरक्षा :** टेक कंपनियों में युवाओं को बेहतर कार्य की शर्तें
- **युवा रोशनी :** 5000 करोड़ रुपये का युवाओं के लिए स्टार्टअप कोष

**2 किसान न्याय**
- **सही दाम :** एमएसपी को कानूनी दर्जा, स्वामीनाथन फॉर्मूले के अनुसार
- **कर्जा माफी आयोग :** किसानों के कर्जा काफी को एक स्थायी आयोग
- **बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर :** फसलों का नुकसान होने पर 30 दिन के भीतर भुगतान
- **सही आयात-निर्यात नीति :** किसानों के लिए फायदेमंद और स्थिर नीति
- **जीएसटी मुक्त खेती :** कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामान पर जीएसटी हटेगा

**3 नारी न्याय**
- **महालक्ष्मी :** गरीब परिवार में एक महिला को सालाना एक लाख रुपये
- **आधी आबादी, पूरा हक :** नई भर्तियों में 50% महिला आरक्षण
- **शक्ति का सम्मान :** आशा, आंगनबाड़ी और मिड डे मील बनाने वाली महिलाओं के वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना
- **अधिकार मैत्री :** महिलाओं को अधिकारों की जानकारी देने को हर ग्राम पंचायत में अधिकार मैत्री
- **सावित्री बाई फुले हॉस्टल :** कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी

**4 श्रमिक न्याय**
- **स्वास्थ्य अधिकार :** अधिकार के तौर पर मुफ्त आवश्यक निदान, दवाएं, उपचार, सर्जरी और पुनर्वास उपचार
- **श्रम का सम्मान :** 400 रुपये रोज न्यूनतम मजदूरी, मनरेगा श्रमिकों के लिए भी
- **शहरी रोजगार गारंटी :** शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी अधिनियम
- **सामाजिक सुरक्षा :** श्रमिकों के लिए बीमा
- **सुरक्षित रोजगार :** ठेका व्यवस्था मुख्य सरकारी कार्यों में बंद होगा

**5 हिस्सेदारी न्याय**
- **गिनती करो :** सामाजिक, आर्थिक और जाति गणना
- **आरक्षण :** एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण पर 50% की सीमा हटेगी
- **एससी/एसटी सब प्लान की कानूनी गारंटी :** जनसंख्या हिस्सेदारी के तहत एससी/एसटी उप बजट
- **जल, जंगल और जमीन :** लंबित दावों का एक वर्ष के भीतर समाधान
- **अपनी धरती, अपना राज :** जहां एसटी सबसे ज्यादा वे अनुसूचित क्षेत्र घोषित होंगे

# मनसे भाजपा के करीब आई, बीजद पर फंसा पेच



नई दिल्ली में मंगलवार को गृहमंत्री अमित शाह से राज ठाकरे ने मुलाकात की। ● प्रेट्र

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन के दलों के साथ सीटों के बंटवारे और अपने उम्मीदवारों को तय करने में जुटा भाजपा नेतृत्व में मंगलवार को भी बैठकों का दौर जारी रहा। महाराष्ट्र के 'मनसे' के नेता राज ठाकरे ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की तो ओडिशा को लेकर भाजपा के नेताओं ने अलग से बैठक की।

पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक एक-दो दिन में होने की संभावना है। हालांकि पिछली बैठकों में जिन नाम पर मुहर लगी है और जिनकी घोषणा नहीं हुई है उनकी सूची पार्टी बीच में भी जारी कर सकती है।

**अंतिम रूप देने के काम में तेजी आई :** चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के काम में तेजी आई है। भाजपा नेताओं ने सोमवार रात 10 राज्यों के नेताओं के साथ उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने की कोशिश की है। इसमें ओडिशा भी शामिल रहा, जिसका पेच बीजद के साथ चल रही चर्चा के चलते अभी उलझा है। गठबंधन करने या न करने के बीच उलझे दोनों दल आखिरी फैसले पर नहीं पहुंच पाए हैं। हालांकि भाजपा के राज्य के नेताओं का अभी भी मानना है कि बिना गठबंधन के जाने में ज्यादा लाभ है।

**दो सीटों पर दावेदारी :** महाराष्ट्र को लेकर भी आगे की बातचीत रुक गई है, क्योंकि मनसे नेता राज ठाकरे ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की है। उधर, महाराष्ट्र में भी राजग के घटक दलों के नेताओं ने आपस में बैठक की है। मुंबई में बुधवार को राजग की बैठक होने की संभावना है, जिसमें मनसे पर फैसला किया जाएगा। मनसे ने नासिक और मुंबई दक्षिण की सीट पर अपने दावेदारी रखी है।

# ओवैसी मैदान में आए तो बदलेगा समीकरण

**झारखंड**

■ **नितेश ओझा**


**रांची।** झारखंड में इस बार लोकसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की आमने-सामने की लड़ाई में एमआईएमआईएम के आने से कई सीटों पर सियासी समीकरण बदल सकता है। एमआईएमआईएम राजमहल, गोड्डा, गिरिडीह, रांची, चतरा और हजारीबाग पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को प्रदेश की छह सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भेजा गया है। इसपर अंतिम फैसला अब शीर्ष नेतृत्व को लेना है। उन्होंने यह भी कहा कि राजमहल, गोड्डा, रांची और चतरा सीट पर एआईएमआईएम उम्मीदवार जरूर उतारेगी। रांची से पार्टी ने एसटी और चतरा से एससी उम्मीदवार देने का फैसला किया है।

### मुस्लिम वोटर वाली सीटों पर विशेष नजर

एआईएमआईएम ने जिन सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है, वहां मुसलमान वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इनमें सर्वाधिक मुस्लिम वोटर 33.3 प्रतिशत राजमहल संसदीय क्षेत्र में हैं। 2019 के आम चुनाव में यही एकमात्र सीट है, जिस पर महागठबंधन उम्मीदवार झामुमो के विजय हासंदा को 99,195 वोटों से जीत मिली थी। इस जीत में मुस्लिम वोटरों का अहम रोल रहा।

### झारखंड के इन छह जिलों में मुस्लिम वोटर




## हरियाणा में भाजपा का चुनाव प्रचार शुरू

**करनाल।** भाजपा ने हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। यहां 25 मई को मतदान होना है। भाजपा की ओर से कुल दस सीटों में से छह सीटों के उम्मीदवारों का ऐलान हुआ है जबकि चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा अभी शेष है।

मंगलवार को करनाल में भाजपा की ओर से चुनावी रैली का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को यहां से उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है। रैली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पहुंचना था, लेकिन किसी कारणवश वे नहीं आ सके। रैली में मनोहर लाल के अलावा प्रदेश के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व निवर्तमान सांसद संजय भाटिया समेत पार्टी के कई बड़े नेता उपस्थित हुए।

# तबादले पर तृणमूल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा अधिकारियों के तबादले और उन्हें हटाए जाने पर सवाल उठाया है। भाजपा पर निशाना साधते हुए पार्टी ने मंगलवार को कहा कि क्या मोदी की गारंटी वाले नारे का मतलब सत्तारूढ़ दल द्वारा संस्थानों पर कब्जा जमाना है?

तृणमूल की सागरिका घोष और बाबुल सुप्रियो ने अधिकारियों को हटाने के निर्वाचन आयोग के आदेश पर सवाल उठाए और कहा कि निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी दलों को समान अवसर मिले।

घोष ने कहा कि मोदी की गारंटी पूरी तरह खोखली है? और इसमें कुछ भी वास्तविक नहीं है। बाबुल सुप्रियो ने कहा कि जिस तरह से चुनाव हो रहे हैं, पुलिस महानिदेशक का तबादला किया गया, ये क्या दर्शाता है?

## यूपी : दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव गृह बने

**लखनऊ।** चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार ने दीपक कुमार को अपर मुख्य सचिव गृह बना दिया है। उनके पास वित्त और माध्यमिक शिक्षा का प्रभार यथावत बना रहेगा।

## उत्तराखंड : दिलीप नए गृह सचिव होंगे

**देहरादून।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद उत्तराखंड सरकार ने आईएएस अधिकारी दिलीप जावलकर को गृह विभाग का नया सचिव बनाने के आदेश कर दिए हैं।

**सियासत 30s**

## भाजपा विधायक केतन का इस्तीफा

**वडोदरा।** लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात में भाजपा के विधायक केतन इनामदार ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि आत्मसम्मान से बड़ा कुछ नहीं है। इनामदार ने यह भी कहा कि उनका कदम दबाव की रणनीति नहीं है और वह संसदीय चुनावों में वडोदरा सीट से भाजपा उम्मीदवार रंजन भट्ट की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे।

## कांग्रेस पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के भाजपा नेता जय राम ठाकुर ने मंगलवार को पार्टी के अन्य विधायकों के साथ राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कांग्रेस सरकार द्वारा आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन की शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

## केरल में चुनाव की तारीख बदलने का आग्रह

**तिरुवनंतपुरम।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निर्वाचन आयोग से केरल में मतदान की तारीख पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है, क्योंकि 26 अप्रैल को शुक्रवार है जो मुस्लिम समुदाय के लिए अहम दिन होता है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एमएम हसन और विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने आयोग को संयुक्त रूप से पत्र लिखा है।

**नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
पानीपत – 132106, (हरियाणा)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित मद के लिए दो भाग निविदा प्रणाली में जेम (GeM) पोर्टल पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | जेम (GeM) बिड नं. | मदों का विवरण | ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2024/B/4540815 Dated 15.03.2024 | कूलिंग वाटर ट्रीटमेंट पैकेज | 03.04.2024 को अप. 2.00 बजे तक |

विस्तृत विवरणों के लिए हमारी वेबसाइट http://www.nationalfertilizers.com/ को देखें। निविदाएं केवल जेम (GeM) पोर्टल http://gem.gov.in पर ऑनलाइन जमा की जाएगी। जेम (GeM) बिड के लिए आगे कोई भी संशोधन/सुधार/शुद्धिपत्र केवल जेम (GeM) पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा।

मुख्य प्रबंधक (सामग्री)

## योजना रुकवाने को आयोग पहुंची भाजपा

**शिमला, संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की महिलाओं को 1500 रुपये देने योजना पर रोक लगाने की शिकायत मंगलवार को भाजपा ने चुनाव आयोग से की है। वहीं माकपा ने कांग्रेस सरकार की इस योजना का समर्थन किया है।

प्रदेशभर में इन दिनों इस मासिक पेंशन योजना के फॉर्म भरने को मारामारी मची हुई है। इस बीच भाजपा इसकी शिकायत लेकर चुनाव आयोग के पास पहुंची है। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के फोटो फाड़ने का भी आरोप लगाया है। वहीं सीएम सुखविंदर सुक्खू ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि भाजपा काम रोको पार्टी बन चुकी है।

**रेल कोच फैक्ट्री**
**कपूरथला**

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से, पीसीई/आरसीएफ कार्यकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बंद होने की तिथि **10.04.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे। निविदा नं. 2: बंद होने की तिथि 12.04.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे।** बोलीदाता केवल बंद होने तिथि व समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत दस्ती प्रस्ताव अनुमत्य नहीं होंगे तथा कोई भी ऐसे दस्ती प्रस्ताव रद्द कर दिए जाएंगे। ठेकेदार आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध केवल ऑनलाइन भुगतान विधियों के माध्यम से ही निविदा दस्तावेज की कीमत तथा धरोहर राशि के रूप में इस निविदा के तहत भुगतान करने हेतु अनुमत्य हैं। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदों, एफडीआर आदि के जरिए दस्ती भुगतान अनुमत्य नहीं हैं। **निविदा सं. 1.** आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-92-23-24; **2.** आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-93-23-24; **कार्यों के नाम: 1.** आर.सी.एफ., कपूरथला में वर्ष 2024-25 के दौरान टोरो/टू टर्फ इक्विमेंट्स का वार्षिक रखरखाव। **2.** वारिस शाह हॉल आर.सी.एफ., कपूरथला में सुधार कार्य; **खुलने की तिथि: (1)** 10.04.2024 को पूर्वा. 11.05 बजे, **(2)** 12.04.2024 को पूर्वा. 11.05 बजे; **निविदा बंद होने की तिथि व समय: (1)** 10.04.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे, **(2)** 12.04.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे; **बोली शुरुआत की तिथि: (1)** 27.03.2024, **(2)** 29.03.2024; **विज्ञापित लागत: (1)** रु. 4,49,085.29, **(2)** रु. 2,08,62,272.08, **प्रस्ताव की वैधता: (1 से 2)** 60 दिन; **बोली देने की शैली: (1 से 2)** प्रत्येक अनुसूची हेतु एकल दर; **समापन की अवधि: (1)** 12 माह, **(2)** 04 माह; **धरोहर राशि: (1)** रु. 9,000.00, **(2)** रु. 2,54,400.00; **निविदा दस्तावेज की कीमत: (1 से 2)** रु. 0.00

पीसीई

**शुद्धिपत्र**

निविदा सं.: आरसीएफ-ईएल-टीएस-ईटी-101डी-2023-24 आरसीएफ/एचएसक्यू और टाइप-IV क्वार्टर्स (155 यूनिट्स) रेल कोच फैक्ट्री, हुसैनपुर (कपूरथला) की रिवायरिंग के कार्य हेतु, **खुलने की मौजूदा तिथि:** 29.03.2024 **संशोधित: खुलने की तिथि:** 04.04.2024। अन्य सभी नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

सीईएसई

नं.: 168-एम/2023-24 — दिनांक: 19.03.2024



हिन्दुस्तान
1936
सत्य · सार्थक · सदैव

## कुनबे की सियासत

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस के मंत्रिमंडल से इस्तीफे की खबर जिस समय आई, लगभग उसी वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक और शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा का दामन थामने की भी सूचना आई। ये दोनों खबरें बिहार-झारखंड में राजनीतिक नफे-नुकसान से ज्यादा सियासी खानदानों के अंतःपुर में महत्वाकांक्षाओं की भिड़ंत की ही मुनादी करती हैं। विडंबना यह है कि बड़े राजनीतिक दल भी ऐसे परिवारों के इर्द-गिर्द अपने लिए संभावनाएं तलाशने के आदी हो चले हैं। यही कारण है कि एक गठबंधन को छोड़ने के बाद ये दूसरे गठजोड़ में आसानी से वही मुकाम हासिल कर लेते हैं। पशुपति कुमार पारस को आज शिकायत है कि एनडीए में उनके साथ नाइंसाफी हुई है, मगर यह सवाल उन्हें खुद से पूछना चाहिए कि आखिर उनके साथी सांसद चिराग पासवान के यहां क्यों हाजिरी लगा रहे थे? दरअसल, वे जानते थे कि सत्ता-संघर्ष में पारस ने भले मंत्री पद हासिल कर लिया हो, मगर अवाम के बीच चिराग ही सक्रिय रहे हैं और उनकी सभाओं में उमड़ती भीड़ को एनडीए व भाजपा का नेतृत्व नजरंदाज नहीं कर सकेगा। तब तो और, जब बिहार में एनडीए के सामने अपनी सीटें बचाने की बड़ी चुनौती है! पिछले चुनाव में इस गठजोड़ के पास 40 में से 39 सीटें थीं।

झारखंड के सोरेन परिवार की कहानी इससे अलग नहीं है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद जब वहां मुख्यमंत्री पद की दौड़ में उनकी पत्नी कल्पना का नाम उछला, तभी यह खबर भी आई थी कि सीता सोरेन इसके खिलाफ हैं, तब शिबू-हेमंत सोरेन के भरोसेमंद सहयोगी व पार्टी के वरिष्ठ विधायक चंपई सोरेन के नाम पर सहमति बनी थी और परिवार में बगावत की आवाज दब गई थी, मगर अब सीता सोरेन ने झामुमो का दामन झटककर साफ कर दिया है कि वह महज कयासबाजी नहीं थी। बहरहाल, सीता के इस फैसले से हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और जेल पर सहानुभूति वोट बटोरने की झामुमो व इंडिया ब्लॉक को रणनीति को झटका लगेगा, क्योंकि स्वाभाविक ही सीता अब सोरेन परिवार में अपने साथ नाइंसाफी को मुद्दा बनाएंगी।

**पशुपति पारस हों, सीता सोरेन हों या राज ठाकरे, विरासत का लाभ सब लेना चाहते हैं, पर लोकतंत्र में सियासी वारिस चुनने का अधिकार तो जनता के पास है।**

भारतीय लोकतंत्र की यह कटु सच्चाई है कि मतदाताओं ने ही इन परिवारों को मान्यता दी है और यही कारण है कि जो राजनेता या राजनीतिक पार्टियां सार्वजनिक तौर पर परिवारवाद की आलोचना करती हैं, वे भी इनकी शरण में जाने से नहीं कतरातीं। मगर पशुपति पारस हों, सीता सोरेन हों या राज ठाकरे हों, वे परिवार की विरासत का लाभ तो उठाना चाहते हैं, मगर भूल जाते हैं कि राजनीतिक वारिस के चयन का अधिकार जनता ने राजनीतिक दलों को नहीं सौंपा है, बल्कि अपने पास रखा है, और वह सिर्फ खानदान का सदस्य होने मात्र से किसी को संसद या विधानसभा में बार-बार नहीं भेजती, उस सदस्य की निजी शख्सियत का भी समान रूप से आकलन करती है। आजादी के बाद राज्य-दर-राज्य जिन परिवारों ने अपनी मजबूत राजनीतिक पहचान बनाई है, उनके संघर्षशील सदस्य ही अपनी विरासत को आगे ले जा सके हैं, अन्यथा जनता द्वारा नकारे गए राजनीतिक परिवारों की संख्या भी कोई कम नहीं है। इसलिए मौजूदा दौर में परिवारवाद से ज्यादा चिंता की बात मौकापरस्त राजनीति है। इसमें सिर्फ सत्ता या कुरसी ही महत्वपूर्ण लक्ष्य है, सामाजिक-संस्थागत बदलाव की राजनीति लगातार पिछड़ती जा रही है, इसीलिए बगावतें भी मूल्यों को लेकर नहीं, पदों से प्रेरित होने लगी हैं।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 20 मार्च, 1949

### अटलांटिक संधि

अटलांटिक संधि के लिए कई महीनों से गुप्त बातचीत चल रही थी। आखिर संधि का मसविदा अधिकृत रूप से प्रकाशित कर दिया गया है। सात राष्ट्रों ने इस संधि पर हस्ताक्षर करने की स्वीकृति दी है। उनमें ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, बेल्जियम, हालैण्ड और लक्ष्मबर्ग शामिल हैं। इनके अलावा नार्वे, डेनमार्क, आइसलैंड, नीदरलैंड और इटली को उसमें सम्मिलित होने की इजाजत दी गई है। आशा की जाती है कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह में इस संधि पर हस्ताक्षर हो जायेंगे। उसकी अवधि बीस वर्ष निर्दिष्ट की गई है।

इस संधि की सबसे महत्वपूर्ण धारा वह है, जिसके अनुसार इस संधि पर हस्ताक्षर करने वाले देश यदि उनमें से किसी एक या अधिक पर सशस्त्र आक्रमण किया गया तो उसे सभी के विरुद्ध किया गया अक्रमण समझेंगे और अलग-अलग या मिलकर आक्रान्त देश अथवा देशों की सहायता करेंगे। इस सहायता में फौजी ताकत द्वारा सहायता भी शामिल होगी और उसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की सुरक्षा पुनः स्थापित करना और कायम रखना होगा। इसके अलावा इस संधि में उस पर हस्ताक्षर करने वाली किसी भी पार्टी की भौगोलिक एकता, राजनीतिक स्वतंत्रता अथवा सुरक्षा को खतरा पैदा होने पर आपसी परामर्श की व्यवस्था की गई है।

अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा कायम रखने की मुख्य जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र संघ पर है। अटलांटिक संधि पर हस्ताक्षर करने वाले देशों ने अप्रत्यक्ष रूप से यह मान लिया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ पर वे भरोसा नहीं रखते कि वह अपने उस दायित्व को पूरा कर सकेगा। निश्चय ही यह कहा गया है और आगे भी कहा जायेगा कि इस संधि पर हस्ताक्षर करने वाले देश संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्यों और सिद्धांतों पर पूरी श्रद्धा रखते हैं और उसकी सदस्यता से उत्पन्न होने वाली जिम्मेदारियों को निभायेंगे। किन्तु साधारण से साधारण व्यक्ति भी यह समझ सकेगा कि संयुक्त राष्ट्र संघ से अलग राष्ट्रों की जो भी गुटबन्दी होती है, वह संयुक्त राष्ट्र संघ को अन्ततः कमजोर ही बनायेगी। अमेरिका आज दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। उसकी सहायता का आश्वासन पाने वाले देश अपनी प्रजा के बारे में निश्चिन्तता अनुभव कर सकते हैं, किन्तु इस गठबंधन को दुनिया के कुछ अन्य देश संदेह और शक की दृष्टि से देखे बिना नहीं रह सकते।

# नकली दवाओं का हो असली इलाज

**बाजार में नकली या घटिया दवाओं की हिस्सेदारी 35 से 40 प्रतिशत तक बताई जाती है। यह गंभीर चिंता का विषय है। नकली दवा कारोबारियों पर तत्काल नकेल कसनी चाहिए।**



यहां स्कैन करें

चंद्रकांत लहारिया | वरिष्ठ चिकित्सक

शायद ही कोई सप्ताह ऐसा गुजरता हो, जब हम भारत में नकली या घटिया दवाओं के बारे में न सुनते हों। मार्च के पहले हफ्ते में तेलंगाना से नकली दवाओं की जब्ती की खबर आई थी। वे सिर्फ नकली दवाएं ही नहीं थीं, बल्कि जिस कंपनी का नाम सामने आया था, वह वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं थी। कहने की जरूरत नहीं कि दवा में कोई उपयोगी घटक नहीं था और वे केवल चॉक पाउडर और स्टार्च थे।

भारत में नकली या घटिया दवाओं का प्रचलन जन-स्वास्थ्य के लिहाज से एक गंभीर चुनौती है। हालांकि, सरकारें अक्सर इस चुनौती को कमतर आंकती हैं, लेकिन स्वतंत्र विशेषज्ञ और मीडिया रिपोर्टें बाजार में कुल दवाओं में नकली या घटिया दवाओं की हिस्सेदारी 35 से 40 प्रतिशत तक बताती हैं। मुमकिन है कि यह हिस्सेदारी इससे कम हो, लेकिन उतनी भी कम नहीं हो सकती, जैसा दावा सरकारी रिपोर्टें करती हैं। वास्तविक आंकड़ा कहीं बीच का हो सकता है। फिर भी, यह बड़ी चिंता का विषय है, क्योंकि यह सीधे मानव जीवन से जुड़ा मसला है। यही कारण है कि नकली दवाओं का मुद्दा कई दवा उद्योग संघों द्वारा नियमित रूप से उठाया जाता रहता है।

कभी-कभी मेरे मरीज यह शिकायत लेकर लौटते हैं कि दवा तो सही समय पर और सुझाए गए तरीके से ली थी, फिर क्यों नहीं हम ठीक हुए? मैंने यहां उन मरीजों का जिक्र किया है, जो जांच-रिपोर्टों में पुष्ट की गई बीमारी में स्टैंडर्ड यानी उच्चस्तरीय दिशा-निर्देशों के तहत सुझाई गई दवाएं खाने के बाद भी ठीक नहीं हुए थे। दवाओं के ब्रांड बदलने के बाद, जिनमें समान बायोलॉजिकल साल्ट थे, वे ठीक हो गए। इससे साफ जाहिर होता है कि उनके स्वस्थ न होने की वजह थी, दवाओं की निम्न गुणवत्ता!

कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों में तो नुकसान दोतरफा है। ऐसी बीमारियों की दवाएं महंगी आती हैं, इसलिए इसमें नकली दवाओं के प्रचलन का मतलब है कि मरीजों को न सिर्फ उनकी ऊंची कीमत चुकानी पड़ती है, बल्कि उनके बेअसर या कम असर होने के कारण उनकी जान पर भी बन आती है। ऐसी नकली दवाएं बड़े व छोटे शहर, दोनों जगह आम हैं। कोविड-19 महामारी ने कई दवा कंपनियों को जन्म दिया, लेकिन ज्यादातर विशेषज्ञों का मानना है कि महामारी के दौरान और उसके बाद नकली दवाओं की चुनौती बढ़ गई है। नकली और कम गुणवत्ता वाली दवाओं के आने के पीछे कुछ लोग ऑनलाइन बाजार को भी जिम्मेदार मानते हैं, जहां से कभी-कभी कम गुणवत्ता-नियंत्रण और जांच के साथ दवाएं उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंचा दी जाती हैं।



नकली रोगाणुरोधी दवाएं अनिवार्य रूप से बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई हैं। एक तरफ, नकली दवाएं बीमारी पर सीमित प्रभाव डालती हैं, तो दूसरी तरफ, लोगों की बिना डॉक्टरी सलाह के और अपर्याप्त अवधि तक दवा खाने की आदत भी परेशानी का सबब बन जाती है। नकली दवाओं के पीछे नियमों का पूरा पालन न होना, दवा निरीक्षकों का कम संख्या-बल और दवाओं की शुद्धता की जांच करने के लिए प्रयोगशाला जैसी सुविधाओं की कमी भी जिम्मेदार है।

भारत को विश्व की फार्मेसी कहा जाता है। उत्पादन के मामले में हमारा दवा उद्योग दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। हम विश्व-स्तरीय टीकों का उत्पादन करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुकूल हैं। लिहाजा, नकली व कम गुणवत्ता वाली दवाओं से जल्द निपटना अनिवार्य है। इससे पार पाना सरकारों, नीति-निर्माताओं, फार्मा उद्योग व नागरिकों, सभी के हित में है। देखा जाए, तो मरीजों के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाएं सुनिश्चित करना सरकार का नैतिक दायित्व भी है। हमें इस क्षेत्र में पर्याप्त जागरूकता पैदा करनी ही होगी।

भारत में फार्मा लाइसेंस राज्य का विषय है। इसका मतलब है कि केंद्र सरकार का इस पर सीमित नियंत्रण होता है। चूंकि, देश भर में लगभग आठ लाख फार्मेसियों की निगरानी के लिए दवा निरीक्षकों की भारी कमी है, इसलिए औषधि निरीक्षकों की भूमिका आंशिक रूप से नागरिकों को भी सौंपी जानी चाहिए, क्योंकि आम नागरिक ही इन दवाओं से ज्यादा प्रभावित होते हैं। यदि कोई नागरिक किसी दवा का परीक्षण कराना चाहता है, तो उसकी पहुंच आसान होनी चाहिए। कई देशों में नकली उत्पादों के बारे में सार्वजनिक शिकायत प्रणाली है। जनता ऐसी शिकायतें ऑनलाइन कर सकती है, जिन पर एजेंसियां तत्काल काम करती हैं। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। हमें गुणवत्तापूर्ण दवाओं की सुनिश्चितता तय करने के लिए एक आंदोलन खड़ा करना होगा, जहां नागरिक दवाओं का परीक्षण खुद करा सकें। जब तक नागरिक आंदोलन खड़ा नहीं किया जाएगा और आसान एवं रियायती परीक्षण की सुविधा नहीं दी जाएगी, दवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना मुश्किल है।


इसके साथ ही, दवा निर्माण कंपनियों में नकल-रोधी उपाय और गुणवत्ता नियंत्रण को भी सार्थक बनाना होगा। उपलब्ध प्रौद्योगिकी का उपयोग गुणवत्ता नियंत्रण और आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए, ताकि नकली दवाओं की आमद रोकी जा सके। मरीजों के लिए यह जांचने की व्यवस्था होनी चाहिए कि दवा असली है या नकली? क्यूआर कोड को क्रमबद्ध करने और 'ट्रेस ऐंड ट्रैक' प्रौद्योगिकी को प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। नकली दवाओं से अमीर या गरीब, देश का सभी वर्ग प्रभावित होता है। फिर, भारत दवाओं का एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र भी है, लिहाजा बाजार में बेची जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारे हित में ही है।

विश्व के एक बड़े हिस्से की गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक पहुंच नहीं है। अपना देश भी अपवाद नहीं है। हमें जरूरतमंदों तक गुणवत्तापूर्ण दवाएं पहुंचाने की चाक-चौबंद व्यवस्था करनी होगी। आपूर्ति शृंखला में हानिकारक दवाओं की आमद रोकने के लिए 'क्लोज्ड लुप मेडिकेशन मैनेजमेंट सिस्टम' (सीएलएमएमएस) बनाने हेतु उद्योग और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करना होगा। आपूर्ति शृंखला में यदि यह इस्तेमाल होता है, तो हानिकारक दवाओं का पता आसानी से लग सकता है और हम त्वरित प्रतिक्रिया में सक्षम हो सकते हैं।

जाहिर है, हमें समय रहते इन तमाम चुनौतियों को देखना और समझना होगा, अन्यथा नकली दवाओं का कारोबार देश की प्रतिष्ठा और आम जन के स्वास्थ्य को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## काश ! फिर हर घर में सजने लगे गौरैया का घोंसला



यहां स्कैन करें

बृज लाल | राज्यसभा सांसद व पूर्व आईपीएस

घर को अपनी चीं..चीं से चहकाने वाली गौरैया अब कम दिखाई देती है। इस छोटे आकार वाली खूबसूरत पक्षी का कभी इंसानों के घरों में बसेरा हुआ करता था। घरों की छत पर, कभी आंगन में फुदकने वाली गौरैया की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इस पक्षी के संरक्षण के लिए हर वर्ष 20 मार्च को विश्व स्तर पर विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है।

मैंने अपना बचपन जिला बस्ती (अब सिद्धार्थनगर) के गांव गुजरौलिया खालसा में बिताया है। मेरा मकान खपरैल का था, जिसका कुछ हिस्सा फूस का था। गौरैया को घोंसला बनाने की जरूरत नहीं होती थी। फूस और खपरैल के मकानों में उसे रहने के लिए पर्याप्त जगह मिल जाती थी। वह घास के कुछ तिनके बीनकर लाती थी और आरामदायक बसेरा बना लेती थी। नेस्टिंग सीजन में गौरैया जोड़ा बनाती है और तीन से पांच अंडे देती है। दो हफ्ते में अंडों से बच्चे निकल आते हैं।

गौरैया एक सामाजिक चिड़िया है, जो झुंड में रहना पसंद करती है और हमेशा इंसान के आसपास ही रहती है, जिससे वह अपने को सुरक्षित रख सके। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल रहते थे। अधिक तापमान में गौरैया के लिए रहना बड़ा मुश्किल होता है। पहले घरों के आस-पास काफी पेड़-पौधे होते थे, जिसके कारण गौरैया को भोजन के लिए कीड़े भी मिल जाते थे। वयस्क गौरैया घास के बीज, घर का बचा-खुचा खाना खाकर गुजारा कर लेती थी, परंतु अपने बच्चों के लिए उसे नरम चारे की ही जरूरत होती है। कीटनाशकों के अधिक प्रयोग के कारण गौरैया के आहार भी जहरीले हो चले हैं और रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चुके हैं, जिससे गौरैया के भोजन का संकट खड़ा हो चुका है। गौरैया मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। वह घर के आसपास हानिकारक कीड़ों, मच्छरों के लार्वा खाकर हमें विभिन्न बीमारियों से बचाती है। वह फसल, फल-फूलों पर भोजन की तलाश में फुदकती रहती है, जिससे स्वतः परागण हो जाता है और अच्छी फसल की कारक बन जाती है।

**गौरैया झुंड में रहना पसंद करती है और हमेशा इंसान के आसपास रहती है, जिससे अपने को सुरक्षित रख सके। गौरैया दिवस पर विशेष :**

वर्ष 1958 में चीनी तानाशाह माओत्सेतुंग ने एक मुहिम शुरू की, जिसमें 4 जीव-जंतुओं को मारने का हुक्मनामा जारी हुआ। 4 जीवों में चूहे, मच्छर और मक्खियों का तो कुछ नहीं बिगड़ा, पर गौरैया पूरे चीन से लगभग समाप्त हो गई। माओ का मानना था कि एक गौरैया साल में चार किलो अनाज खा जाती है, जिससे चीनियों को भुखमरी का शिकार होना पड़ता है। गौरैया को ढूंढ़ा जाने लगा और जहां भी बैठी दिखती, चीनी लोग ड्रम, टिन, थालियां बजाते हुए उसकी तरफ दौड़ पड़ते थे। लोग गौरैया का पीछा करते रहते थे, जब तक कि वह थककर गिर न जाए। या तो वह खुद ही दम तोड़ देती या उसे बेरहमी से मार डाला जाता था। वहां गौरैया के खात्मे के बाद टिड्डियों और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों की संख्या तेजी से बढ़ी। किसानों की फसलें चौपट हो गईं। चीन में भयंकर अकाल पड़ा, जिससे 1.5 करोड़ चीनी भूख से मारे गए, तब माओ को गौरैया की अहमियत समझ में आई। चीन ने रूस से करोड़ों की संख्या में गौरैया आयात करके पुनः बसाया। अपने देश में भी अब गौरैया को बचाने के लिए अभियान चलाना चाहिए। मैंने लखनऊ में गौरैया संरक्षण के लिए प्रयास किए हैं और परिणाम बहुत सुखद है। मैं 2012 में अपना मकान बनवा रहा था। मकान पूरा बना भी नहीं था कि मुझे गौरैया का एक जोड़ा दिखाई पड़ा। मैंने तुरंत बाजार से एक मिट्टी का गुल्लक मंगाया और एक छेद बनाकर टांग दिया। बस क्या था, गौरैया के जोड़े ने इसे बसेरा बना लिया। गौरैया ने तिनके लाकर घोंसले में रखे और अंडे दिए। थोड़े दिन में चूजे निकल आए।

मैंने प्लाईवुड के घोंसले बनवाए और बरामदे में टांग दिए। अब मेरे यहां 45 घोंसले हैं। इनके लिए हमेशा बाजरा, काकुन, टूटे चावल और रोटी के महीन टुकड़े रखे जाते हैं और पानी की व्यवस्था की जाती है। मैंने घर के सामने ग्रीन बेल्ट में काफी पेड़ लगाए, जिससे गौरैया के लिए अनुकूल वातावरण मिल गया और उनकी संख्या 100 के पार हो गई है। अब मेरा घर गौरैया कॉलोनी बन चुका है और हमारा परिवार गौरैया के साथ रहता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

## भक्त को संशय नहीं होता

*भागवत* में लिखा है कि सुदामा जी जब भगवान के यहां से चले, तो भगवान ने कुछ नहीं दिया। सम्मान तो किया, किंतु दिया कुछ नहीं। दूसरा कोई होता, तो नाराज हो जाता कि अब आपके यहां नहीं आऊंगा। आप क्या मित्र हो, मैं गरीब ब्राह्मण हूं, और मुझे कुछ नहीं दिया। मगर जैसे द्वारिकाधीश हैं कृष्ण, तो सुदामा भी द्वारिकाधीश हैं, भले महल नहीं है। शास्त्रों ने लिखा है कि ईश्वर को जानने वाला ईश्वर हो जाता है *ब्रह्मविद्ब्रह्मैव भवति।*

सुदामा ब्रह्म को पहचानने वाले संत हैं, वह ब्रह्म के समान हो गए। उन्हें वही आनंद चित्त की अवस्था प्राप्त है, वही श्रद्धा की अवस्था प्राप्त है, जो भगवान श्रीकृष्ण को प्राप्त है। तो सुदामा जी ने मांगा नहीं कुछ भी, आज का कोई होता, तो हंगामा ही कर देता। खरी-खोटी सुनाता। अनशन पर बैठ जाता। सुदामा जी ने भी विचार किया कि भगवान ने कुछ दिया नहीं... कहीं ऐसा तो नहीं कि भगवान गरीब हो गए हैं? वैसे, भगवान तो कभी गरीब नहीं हो सकते। संपूर्णता में जिनको सब कुछ प्राप्त है, उन्हें ही भगवान कहते हैं। भग माने संपूर्ण ऐश्वर्य। धर्म संपूर्ण, वैराग्य संपूर्ण, ज्ञान संपूर्ण। भगवान की गरीबी कैसे आएगी, वह तो समग्र धर्मशाली, धनशाली हैं? ऐसा तो नहीं कि कंजूस हो गए भगवान? फिर सुदामा जी ने सोचा कि ऐसा क्यों सोचें, भगवान तो परम उदार हैं, कल्याणकारी गुणों के समुद्र हैं। प्रेम, लगाव, शक्ति के समुद्र हैं। भगवान कभी पाप नहीं करते।

जितने दुर्भाव हमारे मन में आते हैं, उनका मूल कारण पाप ही है। चाहे क्रोध हो, लोभ हो, द्वेष हो, सबके मूल में बैठा है पाप। भगवान कैसे अनुदार हो जाएंगे, वह तो परमोदार हैं? सुदामा जी ने समाधान निकाला, अद्भुत भगवान की कृपा है, भगवान ने हमारे परित्याग को, हमारा जो समष्टि के लिए समर्पित जीवन है, रोम-रोम से, बाहर से भीतर से जो हमारा समुदाय की सेवा के लिए जीवन है, उससे कहीं हम अलग न हो जाएं। कहीं हम भोगी न हो जाएं, कहीं हम संतुष्ट न हो जाएं, कहीं हमारा भजन न छूट जाए, इसलिए भगवान ने नहीं दिया। कहीं हमारी विशिष्टता लुप्त न हो जाए, कहीं हम समाज के लिए जीना छोड़कर अपने लिए ही न जीने लगें, इसीलिए भगवान ने हमें कोई भौतिक संसाधन नहीं दिया।

**सुदामा जी को कृष्ण ने चलते समय कुछ नहीं दिया, तो वह सोचते हैं, कहीं हम भोगी न हो जाएं, कहीं हम संतुष्ट न हो जाएं, कहीं हमारा भजन न छूट जाए, इसलिए भगवान ने कुछ नहीं दिया।**

यह विचारों की महान अवस्था है, इससे बड़ा व्यवहार क्या होगा! सुदामा जी ने कितना बड़ा समाधान किया। अब तो लोग ऋण लेकर व्यक्तिगत संपत्ति बना लेते हैं, फिर दिवालिया घोषित हो जाते हैं। बड़े-बड़े शहरों में हजारों लोग पूर्ण संपत्तिवान होकर भी अपना दिवाला निकाल रहे हैं। ऐसे लोगों को कब और कैसे सुकून मिलेगा? कैसे शांति मिलेगी? कभी नहीं मिलेगी।

यहां तो द्वारिकाधीश ने अद्भुत प्रेम की वर्षा करके, समर्पण की धारा बहा दी है।

रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य

**द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत**



**मनुष्य अपनी नियति अथवा भाग्य का निर्माण स्वयं कर सकता है और यह निर्माण कार्य वर्तमान में ही संभव है, अतीत में नहीं। वर्तमान में किया गया सत्कर्म ही अच्छे भविष्य का स्वरूप निर्धारित करता है।**

## स्थानीय टैक्सियों पर भारी कैब सेवाएं


पिछले एक दशक के दौरान तीसरी दुनिया के देशों में ओला, उबर जैसी कैब एग्रीगेटर सेवाएं तेजी से फैली हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि परिवहन के स्थानीय साधन, जैसे टैक्सी, टेंपो, बस आदि का धंधा करीब-करीब खत्म होता जा रहा है। कैब एग्रीगेटर एप से बुक की जाती हैं, जिससे मुसाफिरों को घर बैठे ही टैक्सी सेवाएं मिल जाती हैं। मगर ऑस्ट्रेलिया के टैक्सी चालकों को यह मंजूर नहीं था कि बाहर की कोई सेवा-प्रदाता कंपनी उनकी हकतलफी करे। इसी कारण उन्होंने उबर पर मुकदमा कर दिया था। इस मुकदमे में कहा गया था कि साल 2012 में उबर के ऑस्ट्रेलिया में आने के बाद स्थानीय टैक्सी उद्योग को भारी नुकसान हुआ है और लाइसेंस प्राप्त टैक्सी ड्राइवर सड़क पर आ गए हैं। कई ड्राइवरों के जीविकोपार्जन का मुख्य जरिया ही उनसे छिन गया। समाचार है कि आठ हजार से ज्यादा टैक्सी ड्राइवरों और टैक्सी मालिकों ने साल 2019 में एप आधारित एग्रीगेटर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने का मन बनाया, जिसका उबर ने भी कानूनी जवाब दिया। मगर अब अदालत ने फैसला सुनाते हुए उबर को ऑस्ट्रेलिया में टैक्सी ड्राइवरों को बतौर हर्जाना 178 मिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी करीब 15 अरब रुपये देने का निर्देश दिया है। इस निर्देश को ऑस्ट्रेलिया के कानूनी इतिहास में पांचवां सबसे बड़ा फैसला बताया जा रहा है।

स्पष्ट है, इससे वहां के स्थानीय टैक्सी उद्योग को फिर से सांसें मिल जाएंगी। यह सबक है उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए, जो स्थानीय सेवाओं को लीलने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती हैं। आदर्श स्थिति तो यही होती कि उबर कंपनी स्थानीय ड्राइवरों की समस्याओं को समझती और समय-पूर्व उचित कदम उठाती, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया, जिस कारण यह मामला ऑस्ट्रेलिया की अदालत में पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि उबर की शुरुआत साल 2009 में हुई और इसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में है। यह कंपनी अभी दुनिया के 70 देशों और 10,000 से अधिक शहरों में अपनी सेवाएं दे रही है। अभी जिस तरह से ऑस्ट्रेलिया में इसे मुंह की खानी पड़ी है, उससे यह आशंका बनी है कि कहीं यह फैसला अन्य देशों को भी मुआवजा लेने के लिए प्रेरित न करे? अगर ऐसा होता है, तो आने वाले दिनों में हम कई देशों की अदालतों में उबर जैसी एप आधारित कैब सेवाओं के खिलाफ कानूनी मुकदमे देख सकते हैं। इससे विदेशी कंपनियों की सेहत पर स्वाभाविक नुकसान पहुंचेगा। मगर सच यह भी है कि हर राष्ट्र अपना हित सबसे ऊपर ही रखता है।

जंग बहादुर सिंह, टिप्पणीकार

**अनुलोम-विलोम**

**कैब सेवा**



## खत्म हुई टैक्सी ड्राइवरों की मनमानी

यह सही है कि स्थानीय व्यापार को विदेशी कंपनियां निगल रही हैं। मगर इसका एकमात्र कारण सरकारी नीतियां नहीं हैं, बल्कि हमें अपने गिरेबान में भी झांकना चाहिए। अपने असम प्रवास के दौरान मैंने कई बार ऑटो, टैक्सी वालों को कुछ स्थानों पर आवागमन के लिए बुक करने का प्रयास किया, लेकिन हर बार उन्होंने जो किराया मांगा, वह नितांत अतार्किक और स्थानीय प्रचलित दर से चार-पांच गुना अधिक था। फिर, कोई पर्यटक भला ओला या उबर क्यों न बुक करेगा? यही परेशानी होटल के कमरे, बस आदि बुक करने में आती है। ग्राहकों या सेवा लेने वालों का विश्वास टूटता है, तो व्यापारी या मेहनतकशों पर दोहरी मार पड़ती है। उसे अपने व्यवसाय का नुकसान तो होता ही है, अपने जीविकोपार्जन के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों का पिछलग्गू भी बनना पड़ता है। सेवाएं भी कंपनी के नियमों के अनुसार देनी पड़ती हैं, और मुफ्त में मोटा कमीशन भी बिना कोई काम किए इन कंपनियों को देना पड़ता है। इस ओर उनकी दृष्टि जानी चाहिए। अपने ग्राहकों का विश्वास जीतिए, अन्यथा विदेशी कंपनियां ही व्यापार करेंगी, जिसमें लागत व श्रम तो आपका होगा, पर मुनाफा उनका।

मनोज भारत, टिप्पणीकार

### मनमानी पर लगाम

एप वाली टैक्सी सेवाएं हम मध्यमवर्गीय लोगों के अनुकूल हैं। घर बैठे इनको बुक किया जा सकता है, किराये में पारदर्शिता होती है, और सेवाएं पसंद न आने पर शिकायत निपटारे का उचित मंच मिलता है। आखिर और क्या चाहिए हमें? जब से ये सेवाएं आई हैं, टैक्सी और ऑटो वालों की मनमानी खत्म हो गई है। यहां तक कि अब इनकी मोटरसाइकिल सेवाएं भी शुरू हो चुकी हैं, जिसमें पांच-छह किलोमीटर की दूरी भी बहुत कम पैसे देकर नापी जा सकती है। जबकि पहले, टैक्सी या ऑटो स्टैंड पर वाजिब किराये के लिए मोलभाव करने पड़ते थे। पिछले दिनों की पटना यात्रा का जिक्र कर रहा हूं। पटना एयरपोर्ट से बाहर आने पर जब मैंने एक टैक्सी ड्राइवर से अपने गंतव्य तक पहुंचाने का किराया पूछा, तो उसने मुंह खोलते ही 300 रुपये मांग डाले, जबकि वह दूरी करीब चार-पांच किलोमीटर की थी। मैंने तुरंत उबर टैक्सी बुक की, और महज 140 रुपये में। जब मैंने गाड़ी बुक कर ली, तब वह पहले 200 रुपये और बाद में 160 रुपये में चलने की चिरौरी करने लगा। अगर वह यही पैसे पहले बोलता, तो संभव है कि मैं उसके साथ चल पड़ता। मगर महत्वाकांक्षा उस पर भारी पड़ गई। यही कहानी कमोबेश सभी जगहों की है। विदेशी कंपनियों ने इन ड्राइवरों की मनमानी खत्म कर दी है।

नरसिंह नाथ, टिप्पणीकार

# मिजाज के साथ बदलता गया मतदान

**भारत के 543 लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता 19 अप्रैल से 1 जून के बीच सात चरणों में वोट डालेंगे। मतलब, देश में 44 दिनों तक मतदान काल चलेगा और सात दिन मतदान होगा। साल 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव के बाद यह अब तक का सबसे लंबा मतदान काल होगा, पहले चुनाव के लिए मतदान करने में देश को 120 दिन लगे थे। तब से अब तक देश में बहुत कुछ बदला है। पेश है शुजा असरार और तनय सुकुमार की डाटा आधारित रिपोर्ट...**

भारत को चुनाव का इंतजार था और चुनाव दहलीज पर आ पहुंचा है। पहले दौर का मतदान 19 अप्रैल को होना है और अब उसके लिए एक महीने का समय भी शेष नहीं है। 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। 26 अप्रैल को 89 सीट के लिए, 7 मई को 94 सीट, 13 मई को 96 सीट, 20 मई को 49 सीट, 25 मई को 57 सीट और 1 जून को 57 सीट पर मतदान होगा। मतलब, देश में मतदान का समय 44 दिन तक जारी रहेगा। इस दौरान जमकर चुनाव प्रचार होगा और राजनीतिक दलों को अधिक से अधिक धन व समय खर्च करते हुए मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक खींच लाना होगा।

इन दिनों दो लोकसभा चुनावों को विशेष रूप से याद किया जा रहा है। देश का पहला चुनाव, जब मतदान में 120 दिन लगे थे और साल 1980 का लोकसभा चुनाव जब मतदान का समय महज चार दिन रहा था। आज मतदान के 120 दिन के बारे में सोचकर जितना आश्चर्य होता है, उससे कहीं ज्यादा आश्चर्य 4 दिन में संपन्न मतदान के बारे में विचार से होता है। खैर, इस बार चुनाव 2024 में यह अनुमान लगाया जा रहा था कि चुनाव जल्दी होंगे और कम चरणों में होंगे, पर चुनाव आयोग ने बिना कोई जोखिम लिए मतदान को सात चरणों में बांट दिया है। सुरक्षा और इंतजाम के स्तर पर चुनाव आयोग किसी भी तरह की कमी नहीं छोड़ना चाहता है, अतः उसने संवेदनशीलता के हिसाब से पूरे विस्तार से चुनाव कराने का फैसला लिया है। भारत के 543 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान कराना कतई आसान काम नहीं है।

चुनाव कराने का खर्च भी देश में लगातार बढ़ रहा है। पहले लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार को करीब 10 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े थे, पर अब लगता है कि वर्तमान चुनाव में 4,000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होने वाले हैं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में केंद्र सरकार के 3,870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस खर्च में मतदाता पहचान पत्र बनाने से लेकर मतदान की इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को चुनाव के बाद ठिकाने लगाने या उनकी सफाई करने तक का खर्च शामिल है।

चुनावी खर्च में राजनीतिक दलों के भी तमाम खर्चों को अगर जोड़ लिया जाए, तो भारत में लोकसभा चुनाव के साथ करीब 60,000 करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था जुड़ी हुई है। विभिन्न एजेंसियों के अनुमान के अनुसार, पिछले लोकसभा चुनाव में देश में 55,000 करोड़ रुपये के लगभग खर्च हो गए थे। पिछली सदी के चुनाव में इतना खर्च नहीं होता था। हम देखते हैं कि आर्थिक उदारीकरण और तरक्की के समय में चुनाव खर्च भी खूब बढ़ रहा है। हालांकि, यह एक ऐसा खर्च है, जिसमें कमी करने की कहीं चर्चा तक नहीं है।

सीएमएस इंडिया के एक अनुमान के अनुसार, पिछले दशकों में भारत का चुनाव संबंधी खर्च कुछ ज्यादा ही तेजी से बढ़ा है। इस बार भीषण गर्मी में मतदान का प्रतिशत ज्यादा फोकस में रहेगा, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय मतदाता चुनाव में अपनी भागीदारी बढ़ा रहे हैं। दक्षिण और उत्तर-पूर्व के कई राज्यों ने 2019 में 70 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा पार कर लिया है। विशेष रूप से महिला मतदाताओं का मतदान लगातार बढ़ रहा है।

हाल के चुनावों में एक महत्वपूर्ण बदलाव सीट शेयर और सबसे बड़ी पार्टी के वोट शेयर के बीच बढ़ता अंतर भी है। मतलब, चुनाव जीतने वाली सबसे बड़ी पार्टी को बहुत सम्मानजनक वोट प्रतिशत हासिल नहीं हो रहा है। वैसे भी अपने देश में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए कुल मतदान का पचास प्रतिशत हासिल करना कतई आसान नहीं है। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में शीर्ष पार्टी ने 56 प्रतिशत सीटें जीतीं, जबकि उसका वोट शेयर केवल 37 प्रतिशत रहा था। साफ है कि जैसे-जैसे मतदाता विकसित हुए हैं, वैसे-वैसे चुनावी समर का मैदान भी विकसित होता चला गया है।

इसकी एक वजह यह भी है कि चुनाव लड़ने वाली राजनीतिक पार्टियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। देश के पहले चुनाव के समय देश में दलों की संख्या पचास भी नहीं थी, पर अब दलों की संख्या 600 के आंकड़े को पार कर चुकी है। हालांकि, आज के समय में बमुश्किल पच्चीस पार्टियां ही कम से कम एक लोकसभा सीट जीत पा रही हैं, ज्यादातर दल केवल प्रत्याशियों की संख्या बढ़ाने या वोटिंग मशीनों के लिए चुनौती पैदा करने का काम कर रहे हैं।

वैसे, पार्टियों की बढ़ती संख्या का असर व्यापक हुआ है। जैसे प्रत्याशियों की बढ़ती भीड़ में ताकतवर निर्दलीयों की संख्या में कमी आई है। यह गौर करने की बात है कि एक समय देश में तीस-चालीस निर्दलीय भी चुनाव जीतकर सांसद बन जाते थे, पर अब दस निर्दलीय भी चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। साल 1991 के चुनाव में तो पांच निर्दलीय भी चुनाव नहीं जीत पाए थे। पिछले चुनाव में निर्दलीयों की स्थिति कुछ सुधरी है, पर अभी भी उनके लिए चुनाव जीतना टेढ़ी खीर है। शायद यह भारतीय राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

एक चिंता की बात यह भी है कि महिला प्रत्याशियों की संख्या दस प्रतिशत का आंकड़ा भी नहीं पार कर पा रही है। पिछले चुनाव में कुल सांसदों में महिला भागीदारी 14.4 प्रतिशत थी। मतलब, राजनीतिक पार्टियों को महिलाओं पर ज्यादा भरोसा करना चाहिए। महिलाओं को विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का इरादा है, पर चुनाव मैदान में 10 प्रतिशत भी महिला प्रत्याशी नहीं हैं। इस चुनाव में दलों से उम्मीद है।

वैसे महिलाएं मतदान करने के मामले में पुरुषों के समान स्तर पर पहुंच गई हैं। कई जगह महिलाएं मतदान में पुरुषों से भी आगे हैं। मतदान के प्रति उनमें अब किसी तरह का संकोच या भय नहीं है। देश को आजादी मिलने के बाद से महिलाओं के मतदान में दोगुनी वृद्धि हुई है। मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ गई है, पर विधायिका में उनकी भागीदारी सांसद या विधायक के रूप में तेजी से नहीं सुधर रही है। मतदान में अब दिव्यांगों और थर्ड जेंडर की बढ़ती भागीदारी प्रशंसनीय है। मतदान करने वाले युवाओं की भी संख्या बढ़ रही है। पिछले चुनाव में 18 और 19 साल के 1.50 करोड़ मतदाता थे और इस बार इस वर्ग के मतदाताओं की संख्या 1.85 करोड़ है।

विशेषज्ञों को इस बार भारी मतदान की उम्मीद है, पर लोगों को मतदान केंद्र तक लाना और सही ढंग से मतदान कराना महंगा काम है। केंद्र सरकार के खर्च को अगर देखें, बजट दस्तावेजों के अनुसार, 2019-20 और 2024-25 के बीच केवल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर केंद्र द्वारा कुल अपेक्षित खर्च 7,103 करोड़ रुपये है। इसके अलावा भी लोकसभा चुनाव में अरबों रुपये खर्च होंगे, पर यह चुनाव लोकतंत्र में केवल नई सरकार या नई लोकसभा ही नहीं, रोजगार के अवसर भी लाता है।


mint



## लोकसभा चुनाव

हमारे लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है यह चुनाव। देश में 17 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और 18वें चुनाव की घोषणा हो चुकी है। कोई शक नहीं कि अब नए-पुराने आंकड़ों का ही सबसे ज्यादा महत्व है। आंकड़ों की रोशनी में ही चुनाव और देश के मिजाज को समझने में मदद मिल सकती है।

मतदाताओं पर एक नजर : देश भर में 96.9 करोड़ लोग लोकसभा चुनाव 2024 में करेंगे मतदान




### विशेष मतदाता समूह (आंकड़े लाख में)

| | 18 से 19 आयु वर्ग | दिव्यांग मतदाता | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|
| 2019 | 150 | 46 | 0.4 |
| 2024 | 185 | 88 | 0.5 |

इस बार ऐसे लोग भी बहुत हैं, जिनका नाम चुनाव मतदाता सूची से विभिन्न कारणों से हटा दिया गया है।

कुल ऐसे मतदाता 1.66 करोड़

| मतदाता, जिनका निधन हो गया | स्थानांतरण हो गया या अनुपस्थित | फर्जी मतदाता |
|---|---|---|
| 68 लाख | 75 लाख | 22 लाख |

नोट – ये सारे आंकड़े 8 फरवरी 2024 को तैयार हुई मतदाता सूची के अनुसार




चुनाव के दिनों की गणना मुख्य चुनाव समय सारिणी के अनुसार की गई है। कुछ सीटों के चुनाव में किन्हीं कारणों से ज्यादा समय भी लगा है।


### पुरुषों के समान ही महिला मतदान

पहले देश में महिलाएं मतदान के लिए घर से कम निकलती थीं। साल 1962 के चुनाव में 45 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने भी मतदान नहीं किया था, हालांकि, तब मतदान करने वाले पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 60 से थोड़ा ही कम था। पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत समान हो गया है, 70 प्रतिशत की ओर अग्रसर है।

**14.4** प्रतिशत ही थीं कुल लोकसभा सांसदों में महिला सांसद।

**9** प्रतिशत ही थीं कुल प्रत्याशियों में महिलाएं। 2019 में।

### लोकसभा चुनाव 2019 में राज्यों में मतदान प्रतिशत




### शीर्ष दल को भी नहीं मिल रहे 40 % वोट

चुनाव में शीर्ष पर रहने वाली पार्टी का सीट शेयर और वोट शेयर पेश है –




बीच में गठबंधन का ऐसा समय आया था, जब शीर्ष दल बहुत कम सीटें जीत पा रहे थे।

### चुनाव मैदान में ढेरों पार्टियां आजमाती हैं भाग्य, पर बहुत कम हैं जीतने वाली पार्टियां

राजनीतिक पार्टियों की संख्या में चुनाव दर चुनाव बढ़त का क्रम देखा जा रहा है –




स्रोत : भारतीय चुनाव आयोग, त्रिवेदी सेंटर फॉर पॉलिटिकल डाटा, सीएमएस मीडिया, बजट डॉक्युमेंट्स, मिंट रिसर्च एंड एनालिसिस, पारस जैन, मिंट।

### बढ़ता चुनावी खर्च

**10,000** करोड़ रुपये के करीब खर्च हुए थे साल 1999 के लोकसभा चुनाव में, विभिन्न आकलनों के अनुसार।

**20,000** करोड़ रुपये के करीब खर्च हुए थे साल 2009 के लोकसभा चुनाव में, विभिन्न आकलनों के अनुसार।

**55,000** करोड़ रुपये के करीब खर्च हुए थे पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में, विभिन्न आकलनों अनुमानों के अनुसार।

### चुनाव में बढ़ता चला जा रहा है केंद्र सरकार का व्यय

मतदाता सूची बनाने से लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों तक चुनाव का खर्च बढ़ता जा रहा है। पहले कुछ करोड़ रुपयों में ही चुनाव हो जाता था, पर अब हजारों करोड़ रुपये खर्च होने लगे हैं। चुनाव में अनेक विभागों की भागीदारी होती है और चुनाव के लिए केंद्र सरकार को बहुत खर्च करना पड़ता है। नीचे दिए गए सभी आंकड़े करोड़ रुपये में हैं।

| | |
|---|---|
| 1951-52 | 10 |
| 1957 | 6 |
| 1962 | 7 |
| 1967 | 11 |
| 1971 | 12 |
| 1977 | 23 |
| 1980 | 55 |
| 1984-85 | 82 |
| 1989 | 154 |
| 1991-92 | 359 |
| 1996 | 597 |
| 1998 | 666 |
| 1999 | 948 |
| 2004** | 1016 |
| 2009 | 1114 |
| 2014 | 3870 |

** इसमें तब हुए विधानसभा चुनाव का खर्च शामिल है। खर्च में चुनाव कार्यालय, मतदाता सूची, चुनाव कराने व फोटो पहचान पत्र का खर्च शामिल है।

## रोजनामचा

**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** पटन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष :** मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** वाणी में मधुरता रहेगी। परंतु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क :** प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुटुंब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। कुटुंब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है।

**सिंह :** मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कन्या :** मन प्रसन्न तो रहेगा। परंतु धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। संयत रहें। कारोबार में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परंतु संयत रहें। अति-उत्साही होने से बचें। संयत रहें। शैक्षिक और शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। पुराने मित्र से भेंट संभव।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार होगा। भागदौड़ अधिक।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में विस्तार हो सकता है। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कुंभ :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। परंतु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। माता-पिता का सान्निध्य मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। नौकरी में विदेश जाने के योग बन रहे हैं। खर्च बढ़ेंगे।

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी


20 मार्च, बुधवार, 30 फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 07, चैत्र मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 09, रमजान सन् 1445, फाल्गुन शुक्ल एकादशी (विक्रमी संवत्) रात्रि 02.23 मिनट तक। पुष्य नक्षत्र रात्रि 10.38 मिनट तक तदनंतर आश्लेषा नक्षत्र, वणिज करण। चंद्रमा कर्क राशि में (दिन-रात)। **सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। वसंत ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा दोपहर 01.23 से रात्रि 02.23 मिनट तक। आमलकी एकादशी व्रत। गण्डमूल रात्रि 10.38 मिनट से।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

हमने तीन साल पहले नया घर बनवाया था, तब से पैसे की बहुत तंगी है। कृपया कोई उपाय बताएं।
–रमा देवी, सोनीपत

- आपने घर बनवाने में एक बड़ी गलती कर दी है। आपको बारिश के पानी को ईशान कोण से निकालना चाहिए था। परंतु आपने वो पानी अग्नि कोण से निकाला है, जो की आपकी समस्याओं का मुख्य कारण है। आपने अग्नि कोण में निर्माण में एक्सटेंशन भी करवाया है, जो गलत है। आप बारिश के पानी की निकासी ईशान कोण से करवाएं। अग्नि कोण के एक्सटेंशन को तांबे की स्ट्रिप तथा डिटेचिंग स्ट्रिप से अलग करें। ये काम किसी अनुभवी विशेषज्ञ की देखरेख में करें।

### वर्ग पहेली : 7548



**बाएं से दाएं**
1. श्रावण शुक्ला पूर्णिमा को होने वाला एक त्योहार; राखी (5)
6. पराजय स्वीकार करना; हारना (2,3)
7. ऊंचा उठाकर छोड़ देना; दे मारना; पछाड़ देना (3,2)
10. अनुसंधान करना; गिनती करना; संभावित व्यय का अनुमान लगाना (4,3)
14. अपकर्ष करने वाला; गिराने वाला; नीचे खींचने वाला; निरादर करने वाला (5)
16. वाक्य के अंत का सूचक चिह्न; समाप्ति (2,3)
17. नशा छाना; नशे का प्रभाव बढ़ना (2,3)

**ऊपर से नीचे**
1. मुक्ता; मोती (4)
2. ऋण के बदले में रखी गई वस्तु; गिरवी (3)
3. बहती हुई धार के नीचे शरीर को स्वच्छ करना; स्नान करना (3)
4. कमाने का भाव; कमाने की क्रिया; अर्जित द्रव्य; आय (3)
5. आश्विन महीने का अंधेरा पक्ष; श्राद्ध (4)
8. देवताओं का निवास; देवागार; मंदिर (4)
9. भ्रमित होना; चक्कर खाना; घूम जाना (4)
11. अच्छी तरह से; जिसमें कोई कमी न हो; जो पूरी तरह से भरा हुआ हो; भली-भांति (4)
12. कसकर बांधना; तनाव के कारण अंग संचालन न हो पाना (4)
13. अनेक प्रकार का; कई तरह का; विचित्र (3)
14. चैन; आराम; शांति (3)
15. छाल; आवरण; जिरह बख्तर (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7547 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 चि | 2 प | क | 3 ना | ■ | 4 गि | ■ | 5 चा |
| 6 ठा | ■ | त्र | ■ | 7 ता | र | न | हा | र |
| 8 ट | ल | वा | ना | ■ | ■ | ना | ■ | दि |
| बा | ■ | ह | ■ | 9 ल | ■ | ■ | 10 पा | न |
| ट | ■ | 11 क | र | वं | च | 12 क | ■ | की |
| 13 से | वा | ■ | ■ | ग | ■ | मी | ■ | चां |
| र | ■ | 14 आ | ■ | ■ | 15 अ | प | वा | द |
| 16 ह | ता | श | हो | 17 ना | ■ | ड़ | ■ | नी |
| ना | ■ | य | ■ | 18 प | द | ना | म | ■ |

### सुडोकू : 7532

* मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | | 3 | | 5 | | | 4 |
| 4 | | | 6 | | 8 | | | 3 |
| | | 2 | | | | 4 | | |
| | | | 2 | 8 | 1 | | | |
| | | 6 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 8 | | 2 | | | 7 |
| 6 | | | 1 | | 9 | | | 2 |
| | 1 | | | 7 | | | 3 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7531

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 | 6 | 3 |

एडीआर के संस्थापक सदस्यों में शामिल प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री के मुताबिक, जनता क्षमता के हिसाब से ही कुछ रकम बतौर चंदा दे

# जनता के चुनावी चंदे से ही भ्रष्टाचार रुकेगा

चुनावी बांड पर फैसला

■ प्रभात कुमार

नई दिल्ली। राजनीतिक दलों का भ्रष्टाचार तभी रुकेगा जब जनता अपनी पसंद के उम्मीदवारों को वोट देने के साथ-साथ अपनी क्षमता के हिसाब से कुछ रकम बतौर चंदा दे। यह मानना है एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) के संस्थापक सदस्यों में शामिल प्रो. त्रिलोचन शास्त्री का।

त्रिलोचन शास्त्री ने कहा कि चुनावी बॉन्ड के आंकड़े सार्वजनिक होने से साफ हो गया है कि राजनीतिक दलों ने उन कंपनियों से भी चंदा लिया है, जो गंभीर आर्थिक अपराध यानी भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जांच का सामना कर रहा था या है। यह योजना राजनीति में काला धन और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही।

शास्त्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ द्वारा चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द किए जाने के बाद राजनीतिक दलों के पास अब चंदा लेने का पुराने पुराने तरीके यानी चेक, कूपन बिक्री, नकदी सहित अन्य माध्यम से चंदा लेने का विकल्प मौजूद हैं। भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु में उन्होंने कहा कि दलों ने चुनावी बॉन्ड के साथ पुराने तरीके से भी बड़े पैमाने पर चंदा लिया है। उन्होंने कहा कि योजना लागू होने के दौरान भी राजनीतिक दलों को मिलने वाले कुल चंदे का एक बड़ा हिस्सा दान के पुराने तरीके से आया। इस दौरान राजनीतिक दलों को 55 फीसदी चंदा पुराने तरीके से मिला, जबकि बॉन्ड के जरिये सिर्फ 45 फीसदी। राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए शुरू की गई चुनावी बॉन्ड योजना के लागू होने के बाद 2019 में हुई 17वीं लोकसभा चुनाव के दौरान अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर नकदी जब्त किए गए थे, जो दर्शाता है कि बॉन्ड योजना राजनीति में काले धन पर रोक लगाने में विफल रही है।

**मतदाता वोट के साथ चंदा भी दे :** उन्होंने कहा कि मतदाता / जनता को वोट के साथ पसंद के उम्मीदवार या दल को अपनी क्षमता के अनुसार 50, 100, या 200 रुपये दान देना चाहिए।

### कंपनियों के लिए दान देने की सीमा तय हो

कंपनियों के पास दलों को असीमित चंदा देने का अधिकार नहीं होने चाहिए। उनके लिए एक सीमा तय होनी चाहिए कि वह इससे ज्यादा किसी दल को चंदा नहीं दे सकते। यदि ऐसा नहीं किया गया तो चुनाव में कंपनियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और वह अपने हिसाब से अपने फायदे के लिए नीति का निर्माण कराएगी। देश में कई ऐसी कंपनियां है, जिनके पास लाखों करोड़ है, यदि दान देने की सीमा तय नहीं हुई तो वे फायदे के लिए राजनीति को प्रभावित करेंगे।

### सभी को मिले समान अवसर

चुनाव में सबको समान अवसर मिलना चाहिए। यह तभी संभव है, जब खर्च की सीमा तय हो। उन्होंने कहा कि हालांकि खर्च की सीमा तय है, लेकिन इसका पालन नहीं हो पाता है। सभी दल और उम्मीदवार तय सीमा से अधिक खर्च करते हैं, लेकिन कानून को लागू करने वाली एजेंसियां कार्रवाई नहीं करती है। इन एजेंसियों को पता नहीं है, सभी को राजनीतिक दलों के काले धन का पता है, लेकिन वे कार्रवाई नहीं करती है।


## आंकड़े खोलेंगे तीन-चौथाई राशि के दानदाताओं का राज

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े कुछ आंकड़े उपलब्ध कराए हैं। इसमें अभी तक कुल 16518 करोड़ के चुनावी बॉन्ड खरीदे गए। शीर्ष कोर्ट ने 21 मार्च तक सीरियल नंबर और खातों का पूरा विवरण देने का निर्देश दिया।

**75** फीसदी राशि के दानदाताओं के बारे में जानकारी मिल जाएगी बांड के आंकड़ों के जारी होने से

### छोटे दलों का महत्व बढ़ा

चुनाव आयोग की ओर से 14 और 17 मार्च को डाटा जारी किया गया। इससे पता चलता है कि सिर्फ 2020-21 को छोड़कर हर साल पार्टियों को मिलने वाला चंदा बढ़ा है। इसमें भाजपा बॉन्ड के जरिये सबसे बड़ी दानकर्ता पार्टी रही। हालांकि, अन्य दलों के संबंध में दान के रूप में भाजपा महत्व समय के साथ कम होता गया। यानी 2019-20 को छोड़कर अन्य वर्षों में दान राशि कम होती गई, जबकि टीएमसी, बीआरएस जैसे अन्य दलों का महत्व बढ़ता गया।





### 50 फीसदी से ज्यादा राशि भाजपा के पास

जारी आंकड़ों के अनुसार, 2018 में योजना शुरू होने के बाद से भाजपा चुनावी बॉन्ड फंड की सबसे बड़ी प्राप्तकर्ता पार्टी रही। उसे भुनाई गई कुल राशि का 50 प्रतिशत (8,252) प्राप्त हुआ। वहीं कांग्रेस को 12 फीसदी, टीएमसी को 10 फीसदी, बीआरएस को 9 फीसदी और बीजद को 6 फीसदी राशि मिली। इन बॉन्ड को 1 मार्च, 2018 से 11 अप्रैल, 2019 के बीच 4,363 करोड़ में खरीदा गया, जबकि 12 अप्रैल, 2019 से 11 जनवरी, 2024 के बीच 12156 करोड़ की खरीदारी हुई।

### सिर्फ पांच पार्टियों के दानदाताओं का पूरा डाटा मौजूद

आयोग ने 17 मार्च को जारी आंकड़े में बताया कि चंदा देने वालों ने किस दल को कितना दान दिया। इसमें सिर्फ 801 करोड़ रुपये (4.9 फीसदी) पार्टियों द्वारा भुनाई गई राशि का उल्लेख है। आंकड़ों के अनुसार, पांच पार्टियों ने अपने चंदा देने वाली कंपनी का पूरा विवरण दिया है। इसमें डीएमके, एआईडीएमके, जेडीएस, केडीएनसी और एमजीपी शामिल हैं। वहीं सात से अधिक पार्टियों में चंदा देने वाला कुछ ही विवरण मिला हालांकि, अभी भी 95 फीसदी से अधिक बॉन्ड राशि में दाताओं का विवरण जानना बाकी है।




**इन पार्टियों के दानदाताओं की जानकारी**

| डीएमके | |
|---|---|
| कंपनी | राशि (करोड़) |
| फ्यूचर गेमिंग एंड होटल लिमिटेड | 509 |
| मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड | 105 |
| ऑल इंडिया सीमेंट | 10 |
| अन्य | 32.5 |
| **जेडी(एस)** | |
| मेघा इंजीनियरिंग | 50 |
| एम्बेसी ग्रुप ऑफ कंपनीज | 22 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 5 |
| अन्य | 12.8 |

| एआईएडीएमके | |
|---|---|
| चेन्नई सुपर किंग्स | 5 |
| लक्ष्मी मशीन वर्कस | 1 |
| गोपाल श्रीनिवासन | 0.05 |
| कुल | 6.05 |

**एमजीपी-जेकेएनसी**

इन दोनों पार्टियों ने लगभग 1 करोड़ रुपये का बॉन्ड भुनाया

**17** मार्च को जारी आंकड़े आयोग ने बताया कि चंदा देने वालों ने किस दल को कितना दान दिया।

Hindustan Times

## पार्टियों ने निर्वाचन आयोग को रोचक जवाब दिए

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉन्ड को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलो से विवरण भेजने का अनुरोध किया था। इसके बाद जो जवाब आए हैं, वे रोचक हैं।

एक दल ने बताया कि उनका अध्यक्ष ही हर तीन माह बाद स्वयं 500 रुपये पार्टी को दान कर देता था। वहीं एक दल ने तो अपनी मान्यता रद्द करने का अनुरोध कर दिया। निर्वाचन आयोग को दिए जवाब में कुछ दलों ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कोई दान नहीं मिलने की बात कही, जबकि अन्य ने मांगी गई जानकारी प्रदान करने में असमर्थता जाहिर की।

**अध्यक्ष तीन माह बाद स्वयं 500 रुपये करते हैं दान :** मक्कल नाला कषगम ने कहा कि उसके अध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से हर तीन महीने में पार्टी के खाते में पैसा जमा करते हैं। पार्टी ने कहा, पार्टी अध्यक्ष एस सत्यमूर्ति संबंधित बैंक में पार्टी खाते में तीन महीने में एक बार अपने 500 रुपये जमा करा रहे हैं।

**चुनावों में कोई वोट नहीं मिला:** महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी ने एक नई पार्टी के रूप में अपनी स्थिति का हवाला दिया और दावा किया कि उसे चुनावों में कोई वोट नहीं मिला है।

**पहचान नहीं मिल पाने पर निराशा: किसान :** मजदूर पार्टी ने उसे पहचान नहीं मिल पाने पर निराशा व्यक्त की। पार्टी ने उद्योगपतियों या पूंजीपतियों से कोई समर्थन नहीं मिलने का दावा किया और कहा कि इसलिए उसे कोई चुनावी बॉन्ड नहीं मिला।

## 'धन का खुलासा करे भाजपा'

यवतमाल, एजेंसी। शिवसेना-यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने इस योजना के जरिये पार्टी को प्राप्त हुए धन के विवरण का खुलासा करने की चुनौती दी।

ठाकरे, महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के उमरखेड में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा को चुनावी बॉन्ड योजना के तहत प्राप्त धन की घोषणा करनी चाहिए। मेरी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) धन के विवरण की घोषणा करेगी। शिवसेना (यूबीटी) को भी चुनावी बॉन्ड प्राप्त हुए हैं लेकिन ये धन ईडी के डराने-धमकाने या किसी का समर्थन करने की एवज में प्राप्त नहीं हुए।

## देश 30s



बेंगलुरु में मंगलवार को विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के लोग।

### बेंगलुरु में भाजपा का सड़क पर प्रदर्शन

बेंगलुरु। अजान के दौरान अपनी दुकान में कथित तौर पर हनुमान चालीसा बजाने पर व्यापारी पर हमले के विरोध में मंगलवार को भाजपा ने प्रदर्शन किया। नागरथपेट में तनाव की स्थिति बनी हुई है। मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार सहित कई को पुलिस ने एहतियातन हिरासत में लिया। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण मार्च निकालने का आह्वान किया था, इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

### भारत और अमेरिकी नौसेनाओं ने किया अभ्यास

विशाखापत्तनम। भारत और अमरीकी नौसेनाओं ने मंगलवार को पूर्वी समुद्री तट पर द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) सैन्य अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ 24 का आयोजन किया। सैन्य अभ्यास का उद्देश्य एचएडीआर अभियानों के संचालन के लिए अंत:पारस्परिकता विकसित करना और दोनों देशों की सेनाओं के बीच मानक परिचालन प्रक्रियाओं में सुधार लाना है।

### कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम और अन्य को तलब किया

नई दिल्ली। चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को अदालत ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी किए। अदालत ने कार्ति समेत अन्य को पांच अप्रैल को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल की अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया।

### संघ नेता की हत्या में पीएफआई सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या मामले में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्य को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार किया। मंगलवार को अधिकारियों ने बताया कि शफीक काफी समय से फरार था, जिसके बाद एजेंसी ने ट्रैक करके कोल्लम जिले से पकड़ा। पलक्कड़ जिले में 16 अप्रैल, 2022 को श्रीनिवासन की हत्या हुई थी।

### दंतेवाड़ा में मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार सुबह सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक महिला सहित दो नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ किरंदुल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेल और गमपुर गांवों के पास हुई। घटना के दौरान इस क्षेत्र के जंगल में सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने यह जानकारी दी।

# अपना बिजनेस

ट्राई के सिम कार्ड के नए नियम एक जुलाई 2024 से लागू होंगे

## नया सिम कार्ड लेने के बाद तुरंत पोर्ट नहीं कर सकेंगे

सख्ती

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राई ने सिम कार्ड को लेकर नए नियम को जारी कर दिए हैं। यह नियम एक जुलाई 2024 से देशभर में लागू हो जाएंगे। इन नियमों में बदलाव करने से साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है।

नए नियमों के तहत, अगर मोबाइल ग्राहक ने हाल ही में अपना सिम कार्ड स्वैप किया है, तो वो अपना मोबाइल नंबर पोर्ट नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि सिम की अदला-बदली की सिम स्वैपिंग कहा जाता है। सिम स्वैपिंग सिम कार्ड खो जाने या फिर उसके टूट जाने पर होती है।

अगर तुरंत सिम स्वैप किया है तो उसे पोर्ट कराने के लिए सात दिन इंतजार करना होगा। यह कदम धोखाधड़ी रोकने के लिए उठाया गया है। इससे फ्रॉड करने वालों को सिम स्वैपिंग के तुरंत बाद कनेक्शन को पोर्ट करने से रोकने को उठाया गया है।

### क्या होती है सिम कार्ड की स्वैपिंग?



जब भी सिम काम नहीं करता है या फिर फोन खो जाता है तो सिम स्वैपिंग होती करवानी पड़ती है। हम पुराने सिम के बदले नया सिम लेते हैं, लेकिन नंबर वही होता है। साइबर ठग कंपनी को फोन कर यकीन दिलाते हैं कि नंबर उनका ही है, इसके लिए वो आपके आधार कार्ड की डीटेल का इस्तेमाल करते हैं। इसके बाद आपका सिम बंद कराकर तुरंत नया सिम एक्टिवेट करवाते हैं और फिर सारे ओटीपी उसी नंबर पर जाते हैं। आपको जब तक पता चलता है तब तक बैंक अकाउंट खाली हो चुका होता है।

### एक्स पर दी सूचना

ट्राई ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट में कहा कि सिम स्वैप करने के सात दिन तक यूजर्स किसी दूसरी कंपनी में पोर्ट नहीं कर सकेंगे। साइबर फ्रॉड के अक्सर ऐसे मामले आते हैं जिनमें स्कैमर्स सिम स्वैपिंग जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। सिम स्वैपिंग करने से एक व्यक्ति के सभी फोन कॉल्स और मैसेज, ओटीपी दूसरे फोन में जाने लगते हैं। बता दें कि मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की सुविधा पहली बार 2009 में दी गई थी।

### ट्राई की ग्राहक हित में एक और सिफारिश

ट्राई ने दूरसंचार विभाग को एक नई सर्विस शुरू करने की शिफारिश की है, जिसमें मोबाइल यूजर के हैंडसेट पर आने वाली हर कॉल का नाम डिस्प्ले हो, फिर चाहे वो नाम कॉन्टैक्ट लिस्ट में सेव हो या नहीं। इससे फ्रॉड की घटनाओं पर लगाम लगाया जा सकता है। लेकिन इससे प्राइवेसी को लेकर सवाल उठाए गए हैं। यह सेवा बिल्कुल ट्रूकॉलर जैसी होगी लेकिन इसमें सटीकता की संभावना ज्यादा रहेगी।

## शेयर निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डूबी

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। सेंसेक्स 736.37 अंक टूटकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक टूटकर 71,933.35 अंक पर आ गया था।

शेयर बाजार में गिरावट से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,86,777 करोड़ रुपये घटकर 3,73,92,545 करोड़ रुपये रह गया।

## अडानी ग्रीन ने रिश्वतखोरी की जांच की बात स्वीकारी

- कंपनी ने तीसरे पक्ष से संबंध नकारा
- बाजारों ने इन कंपनियों से मांगी थी टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी समूह की अधिकांश कंपनियों ने अमेरिका में रिश्वतखोरी के आरोप की जांच को लेकर नोटिस मिलने से इनकार किया है लेकिन समूह की ही नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी ने इस जांच से अवगत होने की बात कही है।

अडानी ग्रीन एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि एक असंबद्ध तीसरे पक्ष द्वारा अमेरिकी भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की जांच से वह परिचित है। हालांकि, कंपनी ने कथित तीसरे पक्ष के साथ कोई संबंध होने से इनकार किया है।

शेयर बाजारों ने अडानी समूह की कंपनियों से मीडिया रिपोर्ट पर टिप्पणी करने को कहा था। इस संदर्भ में समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों ने शेयर बाजारों को अलग-अलग जवाब भेजा है। उन्होंने इस रिपोर्ट को गलत बताते हुए कहा है कि उन्हें रिश्वतखोरी के आरोप पर अमेरिकी न्याय विभाग का कोई नोटिस नहीं मिला है।

## मुद्रास्फीति लक्ष्य पाने में खाद्य कीमतें बाधा

मुंबई, एजेंसी। मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन स्टेट ऑफ इकनॉमी में मंगलवार को यह बात कही गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा, भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है। आरबीआई के लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और आरबीआई के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

### भारत की आठ प्रतिशत की वृद्धि दर कायम रहेगी

भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है।

## बाजार 30s

**शेयर बाजार**

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 72012 -736.37 | 21817 -238.25 |

### 29-31 मार्च तक आयकर दफ्तर खुले रहेंगे

नई दिल्ली। आयकरदाताओं की सुविधा और लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए देशभर के सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2024 को खुले रहेंगे। यह निर्देश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 119 के तहत प्रदत केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रशासनिक सुविधा के लिए जारी किया गया है।

### एनएचआईटी ने 16,000 करोड़ रुपये जुटाए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना न्यास (एनएचआईटी) ने कहा कि उसने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से लगभग 900 किलोमीटर सड़क का अधिग्रहण करने के लिए इक्विटी और ऋण के माध्यम से 16,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। यह एनएचएआई द्वारा संपत्ति का सबसे बड़ा मौद्रीकरण है। एनएचआईटी, एनएचएआई का प्रायोजित निवेश न्यास है।

### सोना 110 रुपये तेज, चांदी 500 रुपये टूटी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 110 रुपये की तेजी के साथ 66,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

## आरबीआई के रडार पर आया क्रेडिट कार्ड कारोबार

विशेष

नई दिल्ली, एजेंसी। इन दिनों आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड उद्योग की जांच तेज कर दी है। हाल ही में आरबीआई ने ग्राहकों के डाटा साझा करने को लेकर फेडरल बैंक और साउथ इंडियन बैंक को नए सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने से रुकने के लिए कहा है।

**बढ़ती जा रही चिंता :** आरबीआई के अनुसार, बैंकों का क्रेडिट कार्ड में एक्सपोजर आक्रामक रूप से बढ़ा है, जो जनवरी से पिछली दो वार्षिक अवधियों में से प्रत्येक में 31% बढ़ गया है। यह 2022-23 की अवधि में नौ खुदरा ऋण क्षेत्रों में सबसे अधिक और 2023-24 की अवधि में दूसरा सबसे अधिक था। बढ़ती धोखाधड़ी को लेकर आरबीआई भी चिंतित है।

**उल्लंघन की आशंका :** 2019 के बाद से बकाया क्रेडिट कार्डों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। जबकि प्रति कार्ड औसत मासिक लेनदेन की संख्या जनवरी 2019 और जनवरी 2024 के बीच स्थिर रही है। जनवरी 2024 में प्रति कार्ड लगभग तीन लेन-देन पर, औसत मूल्य 47% बढ़ गया है।

**निगरानी सख्त की :** उदाहरण के लिए, इस महीने की शुरुआत में आरबीआई ने ग्राहकों को अपना पसंदीदा नेटवर्क चुनने की छूट देने को कहा था। हाल के वर्षों में रिजर्व बैंक फिनटेक और प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रति सतर्क रुख अपना रहा है।

mint

### 2019 के बाद से औसत कार्ड लेन-देन मूल्य 47% बढ़ गया




स्रोत : भारतीय रिजर्व बैंक

**2019** के बाद से बकाया क्रेडिट कार्डों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई

**55%** कार्ड सिर्फ तीन बैंक अकेले जारी करते हैं कुल जारी किए गए कार्डों में

**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
सं.: आरएस (पोल)/58/0501/5/2024 नई दिल्ली, दिनांक 19/03/2024
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (आर.एस.), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करते हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सं. | 2024 460 आरआर टीसी |
| 2 | कार्य का नाम:- नए, ठोस तथा गैर-प्रत्यावर्त्य स्टील ड्रमों में पैक्ड 210/208 लीटर शुद्ध मैसर्स आईओसीएल का गियर केस ऑयल, सर्वो सिनगियर 460 आरआर अथवा मैसर्स एक्सोन मोबिल का मोबिल एस एच सी 634. | |
| 3 | अनुमानित मात्रा लीटर में | 270632 लीटर |
| 4 | बयाना | 20 लाख रु. |
| 5 | ई-निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 09.04.2024 को 14.30 बजे |
| 6 | पूर्ण ब्यौरों और आगे के शुद्धिपत्र के लिए तथा ई-निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |
| 7 | आबंटन शीर्ष | अनुदान 01 |

881/2024
(स. के. वर्मा)
निदेशक, रेल भंडार (एम),
रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली,
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एस सी आई
SCI
Navratna Company (ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 & ISO 45001:2018 Certified)
**भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
शिपिंग हाउस, 245 मैडम कामा रोड, मुंबई-400021 (भारत)
दूरभाष संख्या: +91-22- 22853556 / 22772182
Email: amit.vatkar@sci.co.in/dirtos.sect@sci.co.in
**सेकंडहैंड हाई स्पीड क्राफ्ट का अधिग्रहण**
शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 15 से 20 साल तक पुराने सेकंडहैंड हाई स्पीड क्राफ्ट जिसकी क्षमता लगभग 150 यात्रियों की हो, को अधिग्रहित करने में रुचि रखता है।
बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.shipindia.com या www.eprocure.gov.in पर जाएं।
भाग लेने वाले बोलीदाताओं को अपने प्रस्ताव 3 अप्रैल, 2024 को 1700 बजे (आईएसटी) तक उपरोक्त उल्लिखित पते पर निदेशक (टी एंड ओएस) को प्रस्तुत करने होंगे।
कार्गो मंजिल तक पहुँचाए, जीवन को राह दिखाए

एस सी आई
SCI
Navratna Company (ISO 9001:2015, ISO 14001:2015 & ISO 45001:2018 Certified)
**भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
शिपिंग हाउस, 245 मैडम कामा रोड, मुंबई-400021 (भारत)
दूरभाष संख्या: +91-22- 22853556 / 22772182
Email: amit.vatkar@sci.co.in/dirtos.sect@sci.co.in
**सेकंडहैंड कंटेनर जहाज का अधिग्रहण**
शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड 15 साल तक पुराने सेकंडहैंड कंटेनर जहाज जो 9000 से 12000 टीईयू तक की क्षमता का हो, को अधिग्रहित करने में रुचि रखता है।
बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.shipindia.com या www.eprocure.gov.in पर जाएं।
भाग लेने वाले बोलीदाताओं को अपने प्रस्ताव 5 अप्रैल, 2024 को 1700 बजे (आईएसटी) तक उपरोक्त उल्लिखित पते पर निदेशक (टी एंड ओएस) को प्रस्तुत करने होंगे।
कार्गो मंजिल तक पहुँचाए, जीवन को राह दिखाए

# ‘ओए गुरु’...कमेंट्री बॉक्स में एक बार फिर गूंजेगी सिद्धूवाणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी शायरी और जुमलेबाजी से किसी भी महफिल या कमेंट्री को दिलचस्प बनाने वाले और ‘गुरु’ उर्फ नवजोत सिंह सिद्धू राजनीति को पीछे छोड़कर एक बार फिर क्रिकेट कमेंट्री बॉक्स में वापसी कर रहे हैं। दिग्गज क्रिकेटर सिद्धू आईपीएल के जरिए करीब एक दशक बाद दर्शकों को अपने निराले अंदाज में मैचों का आंखों देखा हाल सुनाने के लिए तैयार हैं।

### रगों में दौड़ती है कमेंट्री

60 वर्षीय सिद्धू ने कहा, कमेंट्री मेरी रगों में दौड़ती है। यह मेरी पहचान बन चुकी है, जैसे हमारे महान गुरु ने हमें पगड़ी दी। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मेरा शौक ही मेरा पेशा बना। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में वैसे ही उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

### प्रत्येक दिन के 25 लाख

सिद्धू ने कहा, शुरू में मैं कमेंट्री को लेकर आश्वस्त नहीं था। मगर विश्व कप में 10-15 दिन में ही सिद्धूवाणी के चर्चे हो गए। मैं सबसे अलग रास्ते पर था। उन्होंने कहा, एक पूरे टूर्नामेंट के लिए 60 से 70 लाख रुपए लेने से शुरू कर आईपीएल तक मैं प्रत्येक दिन के 25 लाख रुपए ले रहा था। संतुष्टि पैसे की नहीं थी,इस बात को लेकर थी कि समय बीत जाएगा।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट

स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डाली - सरदार ऑफ कमेंट्री बॉक्स इज बैक। सिद्धू ने भी इस पोस्ट को शेयर किया है। हालांकि यह जानकारी सामने नहीं आई है कि वह आईपीएल में किस भाषा में कमेंट्री करेंगे।

> मेरे पिताजी मुझे तीन अखबार देते थे। मैं जब स्कूल से लौटता था तो सभी पढ़ने होते थे। मुझे आधे घंटे के समाचार हिंदी और अंग्रेजी में सुनने होते थे, कुछ देर उर्दू के भी। फिर जब मैंने कमेंट्री शुरू की तो लगा कि यह कितनी आसान है क्योंकि मुझे शब्दों के बारे में सोचना नहीं पड़ता था, वे अपने आप अंदर से निकलते थे।
> –नवजोत सिंह सिद्धू



### 2014-15 के बाद अब...

सिद्धू ने कहा, मैं दिमागी तौर पर मजबूत हूं, इसलिए किसी भी स्थिति को संभाल सकता हूं। क्रिकेट में, मैं लगभग 20 बार वापसी कर चुका हूं। कमेंट्री में पहली बार वापसी कर रहा हूं। मैंने वर्ष 1999 से 2014-15 तक नियमित रूप से कमेंट्री की थी।

### पिता के लिए क्रिकेटर बने

नवजोत सिंह सिद्धू के पिता सरदार भगवंत सिंह क्रिकेटर थे। वह चाहते थे कि उनका बेटा भी उनकी तरह खिलाड़ी बने। अपने पिता की इस इच्छा को पूरी करने के लिए सिद्धू क्रिकेट में आए। 1983 से 1999 तक टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने कुल 51 टेस्ट और 136 वनडे मैच खेले।

■ लगभग सभी फ्रेंचाइजी के एक या दो खिलाड़ी हट चुके हैं ■ टीम के सही संतुलन पर करनी पड़ रही माथापच्ची

# चोटिल खिलाड़ियों ने बढ़ाई टीमों की चिंता

IPL 2024
02 दिन शेष

**नई दिल्ली।** दे दनादन की शुरुआत के लिए अब सिर्फ दो दिन बचे हैं। मगर कई बड़े खिलाड़ियों की चोट ने टीमों की चिंता भी बढ़ा रखी है। वहीं कुछ खिलाड़ियों ने निजी कारणों व वर्कलोड के चलते भी खुद को आईपीएल से बाहर रखने का फैसला किया है।

कई खिलाड़ी अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण इस लीग के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल के तुरंत बाद वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप का आगाज होगा। लगभग सभी देशों के खिलाड़ी लीग से अपनी तैयारियों को पुख्ता करना चाहेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहेंगे की खिलाड़ी चोट से बचे रहे।

**दो टीमों का कोई खिलाड़ी नहीं हटा :** लीग की दस फ्रेंचाइजी में से सिर्फ दो टीमों रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और किंग्स इलेवन पंजाब का कोई भी खिलाड़ी किसी भी कारण से हटा नहीं है। बाकी सभी टीमों के एक या दो खिलाड़ी या तो चोट या फिर अन्य कारणों से लीग से हट चुके हैं या फिर शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

**विस्फोटक ब्रूक भी नहीं :** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक अपनी दादी के निधन के चलते लीग से हट गए। इससे दिल्ली कैपिटल्स को 24 साल के इस विस्फोटक बल्लेबाज की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी चोट के कारण नहीं खेलेंगे। उनकी जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को लिया है। लुंगी पिछली बार लीग में 2021 में खेले थे। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना का भी आईपीएल के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध है। वह भी चोटिल हैं।

### सूर्यकुमार का शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अब तक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने फिट घोषित नहीं किया है। इससे वह 24 मार्च को गुजरात के खिलाफ शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। अन्य शुरुआती मैचों में भी उनका खेलना संदिग्ध है। उनका मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया। सूर्य ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक कूट संदेश पोस्ट किया जिसमें दिल टूटने वाली इमोजी बनी हुई थी। दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज सूर्यकुमार स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के बाद उबरने और रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए में थे। उन्होंने पिछले साल टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाए थे।

**ये भी नहीं :** जेसन बेहरेनडोर्फ और दिलशान मदुशंका।

**605** रन पिछले सत्र में 181.14 की स्ट्राइक रेट से बनाए थे सूर्यकुमार यादव ने

**03** हजार 249 रन 139 मैच में 143.32 की स्ट्राइक रेट से एक शतक समेत बनाए हैं



सूर्यकुमार यादव

### कॉन्वे के चौके-छक्के नहीं दिखेंगे



न्यूजीलैंड के ओपनर डेवोन कॉन्वे भी पीली जर्सी में चौके-छक्कों की बरसात लगाते नहीं दिखेंगे। धौनी की चेन्नई सुपरकिंग्स को इससे बड़ा झटका लगा है। उन्होंने पिछले सत्र में टीम को पांचवीं बार चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले जबकि ओवरऑल तीसरे नंबर पर थे। वह बाएं अंगूठे में सर्जरी के चलते करीब आठ सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे।

**672** रन बनाए थे पिछले सत्र में छह अर्धशतकों से 51.69 की औसत से

**924** रन दो सत्र में 23 मैचों में 141.28 की स्ट्राइक रेट से कॉन्वे ने बनाए

### मोहम्मद शमी की स्विंग का मजा भी नहीं मिलेगा



**सर्वाधिक 28 विकेट शमी ने पिछले साल 8.03 की इकोनॉमी से झटके थे। अब तक 127 विकेट वह 110 मैच में ले चुके हैं**

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। शमी वनडे विश्व कप के बाद से ही मैदान से दूर हैं।

### मिंज बाहर, वेड बाद में जुड़ पाएंगे

झारखंड के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज भी नहीं खेलेंगे। वह मार्च में दुर्घटना का शिकार हो गए थे जिससे अभी पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेड शुरुआती मैचों में नहीं होंगे।

### तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा लगातार दूसरे साल नहीं



राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा लगातार दूसरे साल चोट के चले लीग में नहीं दिखेंगे। फरवरी में उनकी क्वाड्रिसेप्स टेंडन की सर्जरी हुई। उन्हें रणजी ट्रॉफी के दौरान चोट लग गई थी। राजस्थान ने उन्हें 10 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### जेसन रॉय निजी कारणों से हटे

इंग्लैंड के जेसन राय निजी कारणों से हट गए हैं। हालांकि उनकी जगह कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनके हमवतन फिल साल्ट को शामिल किया है। वहीं इंग्लैंड के गस एटकिंसन वर्कलोड के चलते नहीं खेलेंगे। उनके स्थान पर दुष्मंता चमीरा को लिया गया है।

## ससेक्स के लिए खेलेंगे उनादकट

**होव।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स की तरफ से अंतिम पांच मैच में खेलेंगे। चार टेस्ट खेलने वाले 32 वर्षीय उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स के लिए चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिविजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी।

वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलेंगे। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल विंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनकी अगुआई में रणजी ट्रॉफी जीती थी।

## ‘रोहित ने कभी कोई गलती नहीं की’

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को कहा की हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह जब मुंबई इंडियंस की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका पूरा समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी से की और कहा कि मुंबई के क्रिकेटर ने कभी कोई गलती नहीं की। हालांकि चेन्नई के कप्तान ने आईपीएल में अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां कीं।

उन्होंने कहा, तनावपूर्ण पल में कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं पर रोहित शर्मा ने 10 वर्ष में कभी कोई गलती नहीं की।

## महिला टी-20 में इंग्लैंड को बढ़त

**डुनेडिन।** कप्तान हीदर नाइट की 63 रन की अर्धशतकीय पारी के बाद कसी हुई गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पहले टी-20 में न्यूजीलैंड को 27 रन से हरा दिया। मंगलवार को इस जीत से मेजबान टीम ने तीन मैचों की सीरीज 1-0 से बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

इंग्लैंड ने 20 ओवर में चार विकेट पर 160 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में कप्तान सूजी बेट्स के 65 रन और ब्रूक हैलिडे के 27 रन के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

# हैदराबाद के सामने फर्श से अर्श तक पहुंचने की चुनौती

सनराइजर्स हैदराबाद पिछले सत्र में सबसे नीचे रही थी। टीम ने 14 में से सिर्फ चार मैच में जीते थे। इस बार प्रबंधन ने विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस पर बड़ा दांव लगाया है। जाहिर है उनके भरोसे टीम नए सिरे से खड़ा होने की कोशिश करेगी। देखना रोचक होगा कि हैदराबाद का यह पासा कितना सही पड़ता है।

### सबसे बड़ी उम्मीद

कप्तान पैट कमिंस को हैदराबाद में 20 करोड़ में खरीदा जो आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी बोली है। आईपीएल में लगातार तीन सीजन निराशा के बाद कमिंस को कमान सौंपी गई है। कमिंस पहली बार आईपीएल में टीम की कप्तानी करेंगे।

### नया कौन



■ **वानिंदु हसरंगा :** हैदराबाद को मात्र 1.5 करोड़ खर्च करने पड़े जो उसके लिए शानदार सौदा हो सकता है।
■ **वाशिंगटन सुंदर :** ऑफ स्पिन ऑलराउंडर ने आईपीएल के 58 मुकाबलों में 378 रन बनाए और 36 विकेट लिए।
■ **शाहबाज अहमद :** बाएं हाथ के स्पिनर टीम के लिए तीसरे स्पिन ऑलराउंडर की भूमिका में रहेंगे।
■ **डेनिएल विटोरी :** मुख्य कोच के रूप में लारा की जगह ली है। तीन सीजन में वह तीसरे हेड कोच होंगे।

### सनराइजर्स को दूसरे खिताब का इंतजार

**2016** में हैदराबाद डेविड वॉर्नर की कप्तानी में चैंपियन बना था

**2018** में टीम उपविजेता रही जो सभी सत्रों में उसका दूसरा सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा

**2021** और 2023 में हैदराबाद सबसे नीचे रही जो उसका सबसे खराब प्रदर्शन है

### मजबूती


ट्रेविस हेड, हेनरिच क्लासेन, ग्लेन फिलिप्स, मारक्रम जैसे विस्फोटक बल्लेबाज शामिल।

### कमजोरी

निरंतरता की कमी। मयंक, अभिषेक और राहुल त्रिपाठी जैसे बल्लेबाजों की फॉर्म पर सवाल।

### टीम

■ **बल्लेबाज :** अब्दुल समद, ऐडन मारक्रम, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, हेनरिच क्लासेन, उपेंद्र सिंह यादव, ट्रेविस हेड
■ **हरफनमौला :** अभिषेक शर्मा, मार्को यानसेन, वाशिंगटन सुंदर, सनवीर सिंह, वानिंदु हसरंगा
■ **गेंदबाज :** पैट कमिंस, आकाश सिंह, शाहबाज अहमद, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारुकी, झाथावेद सुब्रमण्यम, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, उमरान मलिक, मयंक मार्कंडेय



कप्तान पैट कमिंस

# श्रेयसी, गनेमत के पास टिकट का आखिरी मौका

**मिशन ओलंपिक**

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन निशानेबाज श्रेयसी सिंह, विश्व कप विजेता गनेमत सेखों और मेराज अहमद के पास पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने का आखिरी मौका है। तीनों को दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए 12 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

**चार कोटे दांव पर :** दोहा में चार कोटा दांव पर होंगे। तीन टीम की घोषणा की गई जिसमें पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर जबकि मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और गनेमत और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल हैं। पुरुषों की ट्रैप में जोरावर संधू, महिलाओं में नीरू, स्कीट में अंगद बाजवा और अरीबा खान के पास मौका होगा।

## बिलियर्ड्स हॉल ऑफ फेम में पंकज

**नई दिल्ली।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने चमकदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्हें चीन के शंगराओ सिटी में विश्व बिलियर्ड्स संग्रहालय में ‘हॉल ऑफ फेम’ में शामिल किया गया है।

पिछले साल नवंबर में 38 साल के हुए भारतीय स्टार आडवाणी ने हमवतन सौरव कोठारी को हराकर 26वां अंतरराष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ खिताब जीता था। आडवाणी ने कहा, मैं कड़ी मेहनत जारी रखूंगा और हर किसी को गौरवान्वित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया का पहला टेस्ट पर्थ में

**क्रिकेट डायरी**

**मेलबर्न, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज पर्थ में पहले मुकाबले के साथ शुरू होगी। दूसरा मैच एडिलेड, तीसरा ब्रिस्बेन, चौथा मेलबर्न और पांचवां सिडनी में खेला जाएगा। एडिलेड में खेले जाने वाला दूसरा मैच दिन-रात्रि होगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अभी तक अगले सत्र का कार्यक्रम जारी नहीं किया है लेकिन वह इस महीने के आखिर तक अंतिम घोषणा की जा सकती है। टेस्ट सीरीज की शुरुआत नवंबर में हो सकती है। यह 1991-92 के बाद पहला मौका होगा जबकि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। इससे पहले 1991-92 में भारतीय टीम को 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

### अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज स्थगित

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज स्थगित कर दी है। तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों के स्कूल, कॉलेज जाने पर रोक लगा दी। उसने महिला सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का आगामी सीरीज स्थगित करने का मतलब है कि उसने अफगानिस्तान को लेकर कड़ा रवैया जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भी रद्द कर दिया था। उसने यूएई में होने वाली वनडे सीरीज भी स्थगित कर दी थी।


**नई तकनीक** | इंडियन प्रीमियर लीग में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस सत्र से लागू करेगा नई प्रणाली, अंपायरों को इसकी जानकारी देने के लिए आयोजित की गई वर्कशॉप

# तेज और सटीक फैसलों के लिए अब लागू होगा स्मार्ट रीप्ले सिस्टम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस साल आईपीएल में स्मार्ट रीप्ले सिस्टम (एसआरएस) लागू करने को तैयार है। इससे जल्दी और सटीक फैसले लेने में आसानी होगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड हंड्रेड -लीग में पहले इसका ट्रायल कर चुका है।

**सीधे फीड मिलेगा :** इस प्रणाली में, अंपायर को दो हॉक-आई ऑपरेटरों से सीधे फीड मिलेगा जो एक ही कमरे में साथ-साथ बैठे होंगे। वे मैदान पर मौजूद आठ हाई स्पीड कैमरों में मिले चित्र उन्हें उपलब्ध कराएंगे। इससे अंपायरों को पहले की तुलना में ज्यादा तस्वीरें (विजुअल) देखकर फैसले लेने में अपेक्षाकृत ज्यादा आसानी होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, टीवी ब्रॉडकास्ट निर्देशक इस प्रणाली में थर्ड अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच किसी भी तरह से शामिल नहीं होगा जो पहले दोनों के बीच सेतु की भूमिका निभाता था।




### टीमें अन्य चीजों का रेफरल भी ले सकेंगी

नई प्रणाली (एसआरएस) में स्टंपिंग, रन आउट, कैच और ओवर-थ्रो के लिए भी रेफरल लिया जाएगा। स्टंपिंग के रेफरल में टीवी अंपायर हॉक-आई ऑपरेटर से स्क्रीन को स्पिल्ट (दो हिस्सों में बांटना) करने को कहेगा। इस नई तकनीक से, स्टंपिंग पर टीवी अंपायर की तीनों कोणों से तस्वीर दोनों कैमरों से दिखाई देगी। इस दौरान अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटर के बीच की बातचीत भी लाइव प्रसारित करने की योजना है ताकि दर्शकों को फैसले को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिले।

स्टंप कैमरा लगभग 50 फ्रेम प्रति सेकंड की कम गति पर गेंदों को रिकॉर्ड करता है, जबकि हॉक-आई कैमरे लगभग 300 फ्रेम प्रति सेकंड पर रिकॉर्ड करते हैं। इसका मतलब है कि अब अंपायरों के लिए अपने निर्णय को आधार बनाने के लिए अधिक सटीक फुटेज मिलेंगे जिससे कोई शंका नहीं रहेगी।

**दो दिन की वर्कशॉप :** ईएसपीएन के अनुसार, बीसीसीआई ने इस बारे में विस्तार से अंपायरों को समझाने के लिए मुंबई में रविवार और सोमवार को दो दिन की वर्कशॉप आयोजित की थी। माना जा रहा है कि इसमें चुनिंदा 15 अंपायर ही शामिल किए गए थे। इनमें देश और बाहर मैचों में जाने वाले, दोनों अंपायर थे जो लीग में स्मार्ट रीप्ले सिस्टम पर काम करने का भार संभालेंगे।

**आठ हॉक-आई कैमरे :** हर मैच में आठ हॉक-आई कैमरे मौजूद रहेंगे। दो स्क्वॉयर लेग के दोनों ओर तथा दो पिच के दोनों ओर सीधे बाउंड्री के साथ। आईपीएल 2023 से पहले हॉक-आई कैमरों का इस्तेमाल बॉल ट्रैकिंग और अल्ट्रा ऐज का पता लगाने के लिए मुख्य रूप से किया जाता था। कैच के रेफरल में भी यह सिस्टम बेहतर तरीके से एकदम करीब की तस्वीरें बहुत सफाई से दिखा सकेगा। इसमें टीवी अंपायर किसी भी कोण की तस्वीर को काफी जूम कर सकेगा।

**खेल 30s**

## नागल मियामी में पदार्पण मुकाबला जीते



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में शानदार शुरुआत की। उन्होंने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को लगातार सेटों में हरा दिया। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गजब का धैर्य और जज्बा दिखाया तथा क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6, 6-2 से पराजित किया। इस जीत से नागल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। इस भारतीय खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

## कार्तिकेय चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में

**रुइचांग (चीन)।** भारत के कार्तिकेय गुलशन कुमार चाइना मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के रिकी टैंग को हराया। वहीं सनीथ दयानंद शिमोगा मुख्य ड्रॉ पहुंच गए। कार्तिकेय ने रिकी टैंग को 21-18, 21-8 से हराया। दूसरे दौर में वह इंडोनेशियाई शेसर हिरेन रुस्तावितो से खेलेंगे। शिमोगा ने पहले आयरलैंड के लुका झोउ को 19-21, 21-9, 21-12 से हराया। फिर मलेशिया के केन वेई कीन चोक को 21-11, 21-10 से पराजित किया। अब शिमोगा थाईलैंड के पैनिटचाफोन टीरारात्साकुल से खेलेंगे। दूसरे वरीय आयुष शेट्टी को पहले दौर में बाई मिली।

## लक्ष्य सेन पांच स्थान ऊपर 13वें नंबर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन से मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में पांच पायदान की छलांग से 13वें नंबर पर पहुंच गए। लक्ष्य बर्मिंघम में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। अप्रैल के अंत में दुनिया के शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक में जगह बनाएंगे। एचएस प्रणय पेरिस की दौड़ में नौवें नंबर पर हैं। लक्ष्य के भी कट में पहुंचने की उम्मीद है। महिला एकल में पीवी सिंधु 11वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी शीर्ष पर है। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो 20वें स्थान पर काबिज हैं।

## शरत कमल ने 54 पायदान की छलांग लगाई

**दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल मंगलवार को विश्व रैंकिंग में 54 पायदान की छलांग लगा 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। 41 वर्षीय शरत की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 30 है। वह जुलाई अगस्त में ओलंपिक से पहले शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। हरमीत देसाई रैंकिंग में 65वें स्थान से दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। भारत ने टीम स्पर्धा में क्वालीफिकेशन पहले ही हासिल कर लिया है। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ 16 मई को विश्व रैंकिंग के आधार पर दो एकल खिलाड़ियों को चयन करेगा।

## हिम्मत संभालेंगे दिल्ली कबड्डी टीम की कमान

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में होने वाली 70वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए दिल्ली पुरुष टीम की कमान हिम्मत को दी गई है। चार दिवसीय चैंपियनशिप 21 से 24 मार्च तक खेली जाएगी। दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के महासचिव रामबीर सिंह के अनुसार 12 सदस्यीय टीम कोच सुरेश और मैनेजर विजय होंगे।
**टीम :** हिम्मत (कप्तान), विनीत, गौरव, विपिन, प्रिंस, अमित, सचिन जागड़ा, शुभम, जतिन खत्री, मिंकू, अजय और सुरेंद्र।

### सोशल मीडिया से

डब्ल्यूपीएल की ट्रॉफी जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की महिला टीम का मंगलवार को घरेलू मैदान पर भव्य स्वागत किया गया। स्मृति मंधाना की टीम को बेंगलुरु की पूरी पुरुष टीम ने गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इसकी फोटो सोशल मीडिया खासकर एक्स पर खूब वायरल हो रही हैं। मंधाना ट्रॉफी लेकर सबसे आगे चल रही हैं जबकि टीम की अन्य सदस्य उनके पीछे। विराट कोहली सहित पूरी टीम तालियों के साथ मैदान पर उनका स्वागत कर रही है।



# नंदगांव की हुरियारिनों ने लाठियों से सिखाया सबक

**उल्लास**



**नंदगांव (मथुरा)।** बरसाने की लठमार होली के बाद मंगलवार को नंदगांव में भी लठामार होली खेली गई। अबीर-गुलाल के घुमड़ते बादलों के बीच उमंग और उल्लास से भरे श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। यहां नंदबाबा मंदिर से लेकर रंगीली चौक तक टेसू के फूलों से बने रंगों की जमकर बरसात हुई। करीब एक घंटे रंगीली चौक हुरियारिनों की लाठियों की तड़तड़ाहट से गूंजता रहा। रसिया गायन पर ऐसा नृत्य हुआ, जिसने थमने का नाम ही नहीं लिया। अबीर-गुलाल में सब कुछ समा गया।

नंदगांव में मंगलवार को लठामार होली के दौरान हुरियारों-हुरियारिनों को देखने उमड़े लोग। ● हिन्दुस्तान

## असम-मेघालय के बीच हाई स्पीड कॉरिडोर बनेगा

**नई दिल्ली, वि. सं.।** केंद्र सरकार असम-मेघालय के बीच 160 किलोमीटर हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने की तैयारी कर रही है। इस परियोजना पर सरकार 15000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कॉरिडोर बनने से दोनों राज्यों के बीच सफर कम समय में पूरा होगा। वहीं, अर्थिक गतिविधियों के बढ़ने से क्षेत्रीय निवासियों के जीवन में सुधार होगा।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाइलाकांदी (असम) से उमियाम (मेघालय) के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-6 के समूचे खंड को हाई स्पीड कॉरिडोर में बदलने की तैयारी है। इस पर करीब 15,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जल्द ही डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




### हत्यारोपी की दुकान में गुस्साई भीड़ ने की तोड़फोड़, पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में मार गिराया

# बदायूं में दो मासूमों की हत्या के बाद बवाल

**उत्तर प्रदेश**



बदायूं में मंगलवार को मासूम बच्चों की नृशंस हत्या के बाद पुलिस अधिकारियों से नाराजगी जताते परिवार व इलाके के लोग।

**बदायूं, संवाददाता।** बदायूं के सिविल लाइंस की बाबा कॉलोनी में मंगलवार शाम एक नाई ने घर में घुसकर तीसरी मंजिल पर खेल रहे दो बच्चों की छुरी से गला रेतकर हत्या कर दी। दोनों बच्चे सगे भाई थे। आरोपी ने मझले भाई पर भी हमला किया लेकिन वह बचकर भाग निकला। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने इलाके में कई हेयर कटिंग सैलून में तोड़फोड़ कर चौकी के सामने आगजनी कर दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की घेराबंदी की तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को मार गिराया।

बाबा कॉलोनी निवासी विनोद ठाकुर जल जीवन मिशन योजना में संस्थागत ठेकेदार है। घर में उनकी मां मुन्नी देवी, पत्नी संगीता, 12 वर्षीय बेटा आयुष, 10 वर्षीय पीयूष और 06 वर्षीय आहान थे। तीनों बच्चे तीसरी मंजिल पर खेल रहे थे और महिलाएं घर में थीं। घर के सामने ही मझिया रोड पर जाबिद व उसके भाई साजिद का सैलून है। शाम पांच बजे दोनों भाइयों ने दुकान बंद की और फिर साजिद विनोद के घर पहुंच गया। साजिद ने विनोद की पत्नी संगीता से चाय मांगी। संगीता चाय बनाने रसोईघर में चली गई। इसी बीच साजिद तीसरी मंजिल पर पहुंच गया और आयुष व आहान को दबोच लिया और दोनों बच्चों की छुरी से गला रेतकर हत्या कर दी। शरीर के अन्य अंगों पर भी छुरी से प्रहार किए।

इसी बीच आयुष और आहान का मझला भाई पीयूष भी पहुंच गया लेकिन साजिद के हमले में उसकी अंगुली जख्मी हो गई लेकिन वह शोर मचाता हुआ नीचे भागा। आरोपी साजिद भी उसके पीछे नीचे आया और सड़क पर खड़ा हो गया। साजिद का मुंह खून से सना हुआ था। बच्चों की दादी मुन्नी देवी व मां संगीता छत पर पहुंचीं और बच्चों के शव देखकर बदहवास हो गईं। कुछ देर में वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### छत पर दोनों बच्चों की पड़ी थी लाश

छत पर दोनों बच्चों की खून से लथपथ लाशें पड़ी थीं। जैसे ही लोगों के बीच इस घटना की खबर फैली क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण हो गया। लोगों ने आसपास स्थित हेयर कटिंग के कई सैलून में तोड़फोड़ कर दी। घटना के मुख्य आरोपी साजिद को पुलिस ने पकड़ लिया लेकिन वह भाग निकला। पुलिस टीम ने शेखूपुर के जंगल में घेराबंदी कर ली। घिरा देख साजिद ने फायरिंग की तो पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में उसे मार गिराया।

### कॉलोनी बनी छावनी

वारदात के बाद मौके पर डीएम, एसएसपी समेत कई थानों का फोर्स और अर्धसैनिक बल मौके पर पहुंच गया। देर रात एडीजी पीसी मीना, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल और आईजी डॉ. राकेश सिंह ने भी घटनास्थल का जायजा लेकर परिजनों को कार्रवाई का अश्वासन दिया। आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को लेकर मंडी चौकी क्षेत्र से लेकर बाबा कॉलोनी का इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

## महिला के फांसी लगाने पर सास और ससुर को जिंदा फूंका

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाने के पास सोमवार देर रात एक महिला अंशिका के फांसी लगाने के बाद उसके मायकेवालों ने बवाल काटा। पति अंशु केसरवानी की फर्नीचर की दुकान और मकान में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। मकान में फंसे महिला की सास शोभा देवी और ससुर राजेंद्र जिंदा जल गए।

पुलिस ने आधी रात मोहल्ले के लोगों की मदद से बचाव अभियान चलाकर पांच लोगों की जान बचा ली। फायर ब्रिगेड ने मंगलवार सुबह आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। इस दर्दनाक घटना में दुकानदार का पालतू कुत्ता भी जिंदा जल गया। महिला के पिता ने सास-ससुर, चार ननद समेत नौ के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है तो दूसरी ओर से दोहरे हत्याकांड में 12 नामजद व 70 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## देश-विदेश 30s



आंध्र प्रदेश के अडांकी में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर वायु सेना के लड़ाकू और परिवहन विमानों की आपातकालीन लैंडिंग कराई। ● एनएआई

### अफगानिस्तान में संयम रखें पाक: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर पाकिस्तान के हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों में तनाव चरम पर है। अमेरिका ने पाक से आतंकरोधी अभियान का लेकर संयम बरतने का आग्रह किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने को कहा कि अमेरिका तालिबान शासन से भी आग्रह करता है कि वह यह सुनिश्चित करे कि उसकी धरती का इस्तेमाल आतंकी हमले करने के लिए न किया जाए।

### विनय कुमार रूस में भारत के नए राजदूत बने

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक विनय कुमार को रूस में देश का अगला राजदूत नियुक्त किया है। वर्तमान में म्यांमार में भारत के राजदूत विनय भारतीय विदेश सेवा के 1992 बैच के अधिकारी हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि विनय कुमार के जल्द कार्यभार संभालने की उम्मीद है। कुमार पहले दिल्ली में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्हें 2021 के अंत में म्यांमार में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था।

### यूक्रेन पर रूस के हमले जारी रहेंगे: पुतिन

**मॉस्को।** रूस की सत्ता पर एक बार फिर काबिज होने बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने इरादे साफ कर दिए। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन पर आक्रमण से पीछे नहीं हटेंगे, हमले जारी रहेंगे। यूक्रेन के लंबी दूरी के और सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक बफर जोन बनाया जाएगा। पुतिन ने कहा, हम जरूरी होने पर यूक्रेनी सरकार द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों पर कुछ सुरक्षित क्षेत्र बनाने पर विचार करेंगे। इसमें दुश्मन का घुसना मुश्किल होगा।

### इमरान खान को अदालत से राहत मिली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मार्च 2022 में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े दो मामलों में मंगलवार को बरी कर दिया। जिला एवं सत्र न्यायालय की न्यायिक मजिस्ट्रेट शाइस्ता कुंडी ने खान की याचिकाएं स्वीकार कर लीं और उन्हें इस्लामाबाद के लोही भेड़ और सहला पुलिस थाने में दर्ज मामलों से बरी कर दिया।

### इजरायली अभियान से बढ़ेंगी मुश्किलें : बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राफा में इजरायल की संभावित सैन्य कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर हमला किया जाता है तो मुश्कलें बढ़ेंगी। बाइडन ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के से फोन पर वार्ता कर चर्चा की। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने बताया कि राफा में हमास आतंकियों को निशाना बनाने के लिए वैकल्पिक तरीके पर चर्चा करने को इजराइली अधिकारियों का एक दल वाशिंगटन आएगा।

### हांगकांग में नया सुरक्षा कानून पारित

**हांगकांग।** हांगकांग की विधायिका ने मंगलवार को एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित किया जो सरकार को असहमति खत्म करने की अधिक शक्ति प्रदान करता है। इसे 2019 में लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों के कारण हुई व्यापक राजनीतिक कार्रवाई के नवीनतम कदम के रूप में देखा जा रहा है। विधायिका ने मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षा कानून पारित किया। यह चार साल पहले चीन द्वारा लागू एक ऐसे ही कानून से भी कठोर है।

### 'उत्तर कोरिया ज्यादा हथियारों का निर्माण करेगा'

**सियोल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह शासक किम जोंग उन ने परमाणु हथियार ले जाने वाली उस रॉकेट प्रणाली का परीक्षण किया जो सीधे तौर पर दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के लिए तैयार की गई है। इस मौके पर किम ने कहा, हम और हथियारों का निर्माण करेंगे। इससे पहले दक्षिण कोरिया और जापान की सेनाओं ने कहा था कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तटीय क्षेत्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं।

# जवाब न देने पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई

**पतंजलि मामला**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक योगगुरु स्वामी रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से निजी रूप से सुप्रीम कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।

जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कंपनी और बालकृष्ण को पहले जारी किए गए नोटिस का जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने पिछली सुनवाई 27 फरवरी को इस मामले में पतंजलि आयुर्वेद और इसके प्रबंध निदेशक को अवमानना का नोटिस जारी किया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद ने पिछले साल नवंबर में इस अदालत में हलफनामा दाखिल कर यह आश्वासन दिया गया था कि वह अपने उत्पादों को लेकर कोई भ्रामक विज्ञापन नहीं देगा। कोर्ट में हलफनामा दाखिल करने के बाद भी कंपनी लगातार अपने उत्पादों को लेकर भ्रामक विज्ञापन दे रहा है, जो पहली नजर में उसके समक्ष दिए गए हलफनामा का उल्लंघन है। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंधन निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने के लिए कहा था कि क्यों न उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।



### अधिवक्ता बोले, जल्द ही दाखिल करेंगे जवाब

इस मामले में मंगलवार को सुनवाई शुरू होते ही पीठ को बताया कि पतंजलि आयुर्वेद और प्रबंध निदेशक की ओर से कोई भी जवाब दाखिल नहीं किया गया। जस्टिस कोहली ने पतंजलि की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पूछा कि जवाब कहां है। इस पर उन्होंने कहा कि जवाब दाखिल नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही दाखिल कर दिया जाएगा। इसके बाद जस्टिस कोहली ने फटकार लगाते हुए कहा कि यह हमारे लिए काफी अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने इसे बहुत गंभीरता से लिया है, यदि आप जवाब दाखिल नहीं कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि इसके बाद पारित आदेश और परिणाम होंगे। जस्टिस कोहली ने वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी से जवाब दाखिल नहीं करने का कारण भी पूछा, क्योंकि एक सप्ताह के बजाय दो सप्ताह की लंबी समयसीमा दी गई थी।

### बीते साल अदालत ने आगाह भी किया था

शीर्ष अदालत ने पिछले साल पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा सह-स्थापित और हर्बल उत्पादों में कारोबार करने वाली कंपनी को कई बीमारियों के इलाज के लिए अपनी दवाओं के बारे में जारी विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के खिलाफ अगाह भी किया था। सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के दवाओं के खिलाफ योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा लगातार बयान दिए जाने का आरोप लगाया गया है।

# अरुणाचल प्रदेश पर चीनी दावों को भारत ने नकारा

- विदेश मंत्रालय ने कहा निराधार तर्क दोहराने से दावों को वैधता नहीं मिलती
- अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा बना रहेगा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की बेतुकी टिप्पणियों को खारिज करते हुए भारत ने कहा कि निराधार तर्क दोहराने और ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा भारत के अरुणाचल प्रदेश पर बेतुके दावों को आगे बढ़ाते हुए की गई टिप्पणियों पर ध्यान दिया है। इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा बना रहेगा। राज्य के लोगों को हमारे विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लाभ मिलता रहेगा।

**चीन इससे पहले भी कर चुका है दावे :** यह कोई पहली बार नहीं है, जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर बेतुके दावे किए हों। पिछले दिनों उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर भी आपत्ति जताई थी। इसके बाद भारत ने सख्त लहजे में बयान जारी किया था। अब चीन ने अरुणाचल प्रदेश को तिब्बत का हिस्सा बताते हुए नया राग अलापा है, जिसे विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया।

# शरद पवार गुट को नाम, चुनाव चिह्न की अनुमति

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार गुट को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने दल का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और चुनाव चिह्न के रूप 'तुरही बजाता आदमी' का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी।

जस्टिस सूर्यकांत और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार ओर से दाखिल याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है। याचिका में भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा अजीत पवार गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने और चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किए जाने के फैसले चुनौती दी है।

पीठ ने भारतीय निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा अजीत पवार गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) घोषित करने के लिए विधायी बहुमत परीक्षण को आधार बनाने के औचित्य पर सवाल उठाया। शीर्ष अदालत ने चिंता जताते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग का यह दृष्टिकोण दलबदल को प्रोत्साहित कर सकता है। इस टिप्पणी के साथ ही, शीर्ष अदालत ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता आगामी संसदीय और राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के उद्देश्य से 'तुरही बजाता आदमी' चुनाव चिह्न के साथ 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' नाम का इस्तेमाल करने का हकदार होंगे। पीठ ने भारतीय निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को शरद पवार गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार व चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया।

### अखबारों में सार्वजनिक नोटिस जारी करें

शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार गुट को अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को आदेश दिया है कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग मामले में फैसले के आधार पर होगा।

### शरद का नाम, तस्वीर का प्रयोग न करे अजीत गुट

पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की ओर से दाखिल उस हलफनामे को रिकॉर्ड में शामिल कर लिया जिसमें कहा गया था कि उनका गुट किसी भी बैनर, पोस्टर या उनकी ओर से प्रकाशित चुनाव सामग्री आदि पर शरद पवार के नाम या तस्वीर का उपयोग नहीं किया जाएगा।

## एच1बी वीजा का 22 मार्च तक पंजीकरण

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में विदेशी कामगारों के लिए वित्त वर्ष 2025 के वास्ते वाले एच-1बी वीजा के लिए प्रारंभिक पंजीकरण 22 मार्च को खत्म हो जाएगा।

अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवाओं ने बताया कि इस अवधि के दौरान संभावित आवेदकों तथा कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए प्रत्येक लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने के लिए उसके एक ऑनलाइन खाते का उपयोग करना होगा।

# सॉलिसिटर जनरल ने वक्त मांगा

**सीएए मामला**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सीएए मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता है। मेहता ने पीठ को बताया कि सीएए की वैधता को चुनौती देने के लिए करीब 237 याचिकाएं दाखिल हैं और इस कानून को लागू करने पर रोक लगाने के लिए 20 अर्जियां दाखिल की गई हैं। उन्होंने पीठ से कहा कि हमें जवाब दाखिल करना है, इसलिए वक्त दिया जाए।

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने पीठ से कहा कि 'बस आपके आधिपत्य के विवेक को संतुष्ट करने के लिए कि याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है, अपना जवाब दाखिल करना चाहते हैं क्योंकि याचिकाकर्ताओं में से कोई भी प्रभावित पक्ष नहीं है।

दूसरी तरफ याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने पीठ से कहा कि केंद्र सरकार को यह बयान देना चाहिए कि सुनवाई लंबित रहने तक किसी को भी नागरिकता नहीं दी जाएगी।

### नागरिकता प्रक्रिया शुरू नहीं होनी चाहिए

याचिकाकर्ताओं की ओर से एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ से कहा कि समस्या यह है कि अगर नागरिकता की कोई प्रक्रिया शुरू होती है और किसी को नागरिकता मिल जाती है, तो कई कारणों से इसे उलटना असंभव होगा और ये याचिकाएं निरर्थक हो जाएंगी। यह दलील देते हुए सिब्बल ने कहा कि ऐसे में इस कानून के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू नहीं होनी चाहिए।


**मजबूत रिश्ते** | ऊर्जा क्षेत्र के लिहाज से महत्तवपूर्ण, तीन हजार मेगावाट की बिजली परियोजनाएं निर्माणाधीन

# भूटान भारत के लिए व्यापारिक रूप से भी अहम

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारत के लिए भूटान रणनीतिक रूप से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिहाज से भी अहम है। भूटान में जल विद्युत उत्पादन की अपार संभावनाए हैं।

भूटान अभी भारत के लिए 2136 मेगावाट बिजली पैदा कर रहा है। करीब तीन हजार मेगावाट की बिजली परियोजनाएं वहां निर्माणाधीन हैं। इस क्षेत्र में अभी निवेश के और मौके बने हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21-22 मार्च को होने वाली भूटान यात्रा रणनीतिक संबंधों के साथ-साथ व्यापारिक संबंधों को भी मजबूत बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगी। इस दौरान ऊर्जा समेत कई क्षेत्रों में निवेश को लेकर भी बातचीत होने के आसार हैं। भारत की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने में भविष्य में भूटान की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। दोनों देशों ने पनबिजली क्षेत्र में सहयोग को लेकर 2006 में द्विपक्षीय समझौता किया था। इसके सार्थक नतीजे रहे हैं। भूटान सरकार के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत का वहां से बिजली आयात 2448 करोड़ रुपये था। भूटान सरकार के लिए यह राजस्व का एक महत्वपूर्ण जरिया है। अभी वहां पर 1200, 1050 की दो परियोजनाओं समेत कई योजनाएं निर्माणाधीन हैं।

### व्यापार 1606 मिलियन डॉलर का



विदेश मंत्रालय के अनुसार 2014 के बाद से भूटान के साथ भारत का व्यापार (बिजली को छोड़कर) 2014-15 में 484 मिलियन डॉलर से तीन गुना होकर 2022-23 में 1606 मिलियन डॉलर हो गया है, जो भूटान के कुल व्यापार का 73 फीसदी है। भूटान सरकार के मुताबिक 2022 में भूटान और भारत का द्विपक्षीय व्यापार 11178 करोड़ रुपये था, जिसमें से निर्यात 8509 करोड़ रुपये और आयात 2669 करोड़ रुपये था।

# श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी के निर्देश जारी

**दुनिया में चुनाव**

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने अपने मंत्रिमंडल को इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश ऐसे समय दिया गया है, जब नकदी संकट से जूझ रहा देश अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से उबरने का प्रयास कर रहा है।

अगले राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा निर्वाचन आयोग को सितंबर तक करनी है और नवंबर के मध्य तक मतदान संपन्न कराना है। संसद का कार्यकाल अगस्त 2025 में पूरा होगा, लेकिन राष्ट्रपति के पास असेंबली को भंग करके चुनाव किसी भी समय आयोजित करने की शक्ति है। 74 वर्षीय राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने संविधान का हवाला देते हुए कहा कि पहले राष्ट्रपति चुनाव होना चाहिए।

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08




# दुनिया के दस सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में भारत के नौ

**रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** दुनिया के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में भारत के नौ शहर हैं। इनमें बेगूसराय पहले, गुवाहाटी दूसरे जबकि दिल्ली तीसरे स्थान पर है। स्विस संगठन आईक्यू एयर की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

ग्रीनपीस इंडिया के अभियान प्रबंधक अविनाश चंचल कहते हैं, भारत जिन पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, वे इसकी विशाल आबादी के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर रही हैं। वाहन वायु प्रदूषण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### आईक्यू एयर ने यहां से जुटाया डाटा



आईक्यू एयर ने रिपोर्ट को बनाने के लिए उपयोग किया गया डाला 30 हजार से अधिक नियामक वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों, अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों, विश्वविद्यालयों और शैक्षिक सुविधाओं, संगठन, निजी कंपनियां, नागरिक वैज्ञानिक, गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी की ओर से संचालित कम लागत वाले वायु गुणवत्ता सेंसर के वैश्विक वितरण से जुटाया।

### क्या होता है पीएम 2.5

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 प्रदूषक कणों की उस श्रेणी को संदर्भित करता है, जिसका आकार 2.5 माइक्रोन के करीब का होता है। मुख्य रूप से जंगल की आग, बिजली संयंत्रों और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण इसका स्तर बढ़ता है। पीएम 2.5 के बढ़ने के कारण धुंध छाने और साफ न दिखाई देने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। यह कण आसानी से सांस के माध्यम से लोगों के शरीर में प्रवेश करती है, इससे गले में खराश, जलन और फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

**पीएम 10 की अपेक्षा ज्यादा खतरनाक**

हवा में पीएम 2.5 की मात्रा 60 और पीएम 10 की मात्रा 100 होने पर ही हवा को सांस लेने के लिए सुरक्षित माना जाता है। गैसोलीन, तेल, डीजल ईंधन या लकड़ी के दहन से पीएम 2.5 का अधिक उत्पादन होता है। अपने छोटे आकार के कारण, पार्टिकुलेट मैटर फेफड़ों में गहराई से खींचा जा सकता है और पीएम 10 की तुलना में अधिक हानिकारक हो सकता है।

### 10 सर्वाधिक प्रदूषित देश और उनमें पीएम 2.5 का स्तर

| | |
|---|---|
| बांग्लादेश | 79.9 |
| पाकिस्तान | 73.7 |
| भारत | 54.4 |
| तजाकिस्तान | 49.0 |
| बुर्किनो फासो | 46.6 |
| इराक | 43.8 |
| यूएई | 43.0 |
| नेपाल | 42.4 |
| मिस्र | 42.4 |
| कांगो | 40.8 |

(आंकड़े आईक्यू एयर के अनुसार)

### भारत समेत दुनिया के शीर्ष 10 प्रदूषित शहर

| | |
|---|---|
| बेगूसराय | 118.9 |
| गुवाहाटी | 105.4 |
| दिल्ली | 102.1 |
| मुल्लांपुर | 100.4 |
| लाहौर | 99.5 |
| नई दिल्ली | 92.7 |
| सीवान | 90.6 |
| सहरसा | 89.4 |
| गोसाईगांव | 89.3 |
| कटिहार | 88.8 |

(ये आंकड़े पीएम 2.5 के हैं)

**बीमारियों का खतरा** : पीएम 2.5 के बढ़ने के कारण धुंध छाने और साफ न दिखाई देने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

**ऐसे करें बचाव** विशेषज्ञों की मानें तो पीएम 2.5 से बचने के लिए लोग घर से बाहर जाएं तो अच्छे और कसे हुए मास्क पहने। साथ ही आंखों पर चशमा लगाएं।

# ग्लोबल वार्मिंग को लेकर दुनिया नहीं हो रही गंभीर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विक्टोरिया विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक एंड्रयू वीवर ने कहा कि हर साल जलवायु परिवर्तन की रिपोर्ट भयावह होती जा रही है। इसके बावजूद दुनिया इसे गंभीरता से नहीं ले रही।

वहीं, एरिजोना विश्वविद्यालय की जलवायु वैज्ञानिक कैथी जैकब्स ने कहा, रिकॉर्ड तोड़ घटनाओं की यह सूची परेशान करने वाली है। हालांकि, पिछले साल हुई प्राकृतिक घटनाओं को देखते हुए यह आश्चर्य की बात नहीं है।



"डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट दुनियाभर के नेताओं के लिए जलवायु कार्रवाई को तेज करने के लिए एक संकेत है। भारत जलवायु के प्रभावों के संपर्क में आने वाले बड़ी आबादी वाले देशों में से एक है। 21 मार्च से कोपेनहेगन में जलवायु परिवर्तन को लेकर होने जा रही बैठक में मानवता के अस्तित्व को सुरक्षित करने पर चर्चा होनी चाहिए।

– **आरती खोसला,** निदेशक, क्लाइमेट ट्रेंड्स


## दुनियाभर में खाद्य असुरक्षा से दांत खराब होने और मसूड़ों में सूजन की समस्या अधिक

# चिंताजनक : पौष्टिक भोजन की कमी से बढ़ रही मुंह की बीमारियां

**वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे**

**लंदन, एजेंसी।** पौष्टिक और पर्याप्त भोजन नहीं मिलने से मुंह की बीमारियां बढ़ रही हैं। इनमें दांत खराब होना, छाले पड़ना, जीभ के रोग और मुंह का कैंसर भी शामिल हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। बुधवार को 'वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे' है।

अध्ययन के मुताबिक, पिछले साल जून में ब्रिटिश सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री (बीएसपीडी) ने ऑनलाइन माध्यम से लोगों से सवाल किए। इनमें उनसे मुंह संबंधित बीमारियों और भोजन संबंधी सवाल किए गए। ब्रिटेन के लीवरपूल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने इस डाटा का अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि खाद्य असुरक्षा यानी पौष्टिक और पर्याप्त भोजन नहीं मिलना मुंह की बीमारियों के लिए जिम्मेदार है। अध्ययन में ब्रिटेन के लोगों को शामिल किया गया। करीब 17 फीसदी परिवार मुंह की बीमारियों की चपेट में पाए गए। इसमें बताया गया है कि पांच साल से कम 29.3 फीसदी बच्चों में कैविटी की समस्या है। इतना ही नहीं, वर्ष 2021 से 2022 तक ब्रिटेन में 19 साल तक के 26,741 लोगों के खराब दांत को निकाला गया। इसमें पांच करोड़ यूरो खर्च हुआ। 80 फीसदी मामलों में खराब खानपान और खाद्य असुरक्षा के मामले सामने आए।



**350** करोड़ लोग मुंह से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं दुनियाभर में

### इसलिए मनाया जाता है यह खास दिवस

हर साल 20 मार्च को ओरल हेल्थ डे मनाया जाता है। इस दिन लोगों को मुंह के स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि दांतों और मसूड़ों की देखभाल न करने से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने की संभावना बना रहता है।

### जरूरी पोषण नहीं मिल रहा

पौष्टिक और पर्याप्त भोजन नहीं मिलने से मुंह की बीमारियां हो रही हैं। विकसित देशों में जंक फूड प्रचलन में है। वहीं, अफ्रीका और एशिया के कई देशों में पौष्टिक भोजन की कमी से लोगों को जरूरी पोषण नहीं मिल पा रहा। कैल्शियम, विटामिन बी-12, विटामिन-सी की कमी से दांतों को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता। इससे दांतों की समस्याएं बढ़ती हैं।

### भारत समेत दुनिया का हाल

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सड़ते दांत, सूजे मसूड़े और मुंह का कैंसर यह कुछ मुंह की ऐसी बीमारियां है, जिनसे भारत समेत दुनिया की 45 फीसदी से ज्यादा आबादी पीड़ित है। यानी दुनियाभर में करीब 350 करोड़ लोग इन बीमारियों से ग्रस्त हैं। इनमें से करीब 75 फीसदी प्रभावित आबादी निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रह रही है।

### जंक फूड से बुरी तरह प्रभावित हो रहे दांत

दुनियाभर में जंक फूड प्रचलन में है। इसका सेहत से साथ दांतों पर बुरा असर पड़ रहा है। इससे दांतों में सड़न और पायरिया जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने बताया, जंक फूड में नमक व शक्कर की मात्रा अधिक होती है, जिससे यह आसानी से दांतों पर चिपक जाता है।

# शोध : मछलियां तापमान बढ़ने से नए इलाके खोज रहीं

**येरूशलम, एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन से मछलियों का आवास प्रभावित हो रहा है। समुद्र का बढ़ता तापमान उन्हें अपने इलाके छोड़ने के लिए मजबूर कर रहा है। मछलियां समुद्र में ठंडे क्षेत्रों की ओर लंबी यात्राएं कर रही हैं।

विज्ञान पत्रिका 'नेचर इकॉलोजी एंड इवोल्यूशन' में प्रकाशित अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। इसके मुताबिक, समुद्र में नए इलाके खोजने के कारण मछलियों की संख्या में गिरावट आई है। कई प्रजातियों के खत्म हो जाने का डर भी है। इजरायल के तेल अवीव विश्वविद्यालय में हुए अध्ययन के मुताबिक, अटलांटिक और प्रशांत महासागरों में पाई जाने मछलियों की 146 प्रजातियों के 2,572 समूहों का अध्ययन किया गया। कुछ क्षेत्रों में ऐसी मछलियां देखी गई हैं, जो वहां के वातावरण से मेल नहीं खातीं या उन्हें पहली बार वहां देखा गया। प्रमुख शोधार्थी बेलमेकर ने बताया, गर्म हो रहे प्रशांत क्षेत्र की मछलियां उत्तर की ओर सफर कर रही हैं। जितनी तेजी से मछलियां ध्रुवों की ओर बढ़ती हैं, उतनी ही तेजी से उनकी संख्या में गिरावट आती है। नए परिवेश में तालमेल बिठाना कठिन हो रहा है।

**तकनीक 30s**

### स्टेटस में जल्द शेयर कर पाएंगे लंबे वीडियो

व्हाट्सऐप स्टेट्स जल्द अपग्रेड होने वाला है। इससे यूजर लंबे वीडियो आसानी से पोस्ट कर सकेंगे। वेबीटाइंफो के रिपोर्ट के मुताबिक, लोग 30 सेकंड की बजाय एक मिनट का वीडियो शेयर कर पाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, व्हाट्सऐप ने यूजर की मांग को ध्यान में रखकर स्टेटस लिमिट बढ़ाने का फैसला लिया है। एक मिनट की अवधि के साथ यूजर बिना एडिट किए पूरी वीडियो शेयर कर पाएंगे। फिलहाल, इसकी टेस्टिंग चल रही है।


### यूट्यूब पर गाने की खोज करना और आसान होगा

कंपनी ने यूट्यूब म्यूजिक के लिए एक नया फीचर तैयार किया है। इसके जरिए यूट्यूब म्यूजिक पर किसी गाने को गुनगुनाकर भी सर्च कर पाएंगे। यानि लिरिक्स को लिखकर या वॉयस सर्च में बोलकर सर्च करने की जरूरत नहीं होगी। अगर यूजर को गाने की धुन याद है, तो गुनगुनाकर सर्च कर सकते हैं। इसके लिए यूजर को यूट्यूब म्यूजिक ऐप में जाना होगा और सर्च बार पर क्लिक करना होगा। इसके बाद दो विकल्प वॉयस और सॉन्ग के मिलेंगे।

# 'घोस्ट पार्टिकल' खोजने को लैब तैयार

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के काइपिंग शहर में जमीन से 700 मीटर नीचे दुनिया की सबसे बड़ी भूमिगत प्रयोगशाला बनकर तैयार हो गई है। 35 मीटर व्यास वाली गोलाकार प्रयोगशाला का कार्य 'घोस्ट पार्टिकल' की खोज करना है। जियांगमेन न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी इस साल के अंत तक खोज में जुट जाएगी।

वैज्ञानिकों ने बताया, ब्रह्मांड में जो घोस्ट पार्टिकल हैं, उनमें से ज्यादातर का निर्माण बिग बैंक के वक्त हुआ। यानी तब जब हमारा ब्रह्मांड बना था। घोस्ट पार्टिकल का अध्ययन ब्रह्मांड और पृथ्वी के निर्माण के रहस्य से पर्दा उठ सकता है। घोस्ट पार्टिकल ऐसे हैं, जो भौतिक विज्ञान के हर नियम को चुनौती देते हैं। आज तक वैज्ञानिक इस रहस्य को सुलझा नहीं पाए हैं कि आखिर ये पार्टिकल किस तरह का व्यवहार करते हैं। घोस्ट पार्टिकल इलेक्ट्रॉन हैं। पर इनका भार न के बराबर होता है। यह इतने बारीक होते हैं कि इन्हें देखना बहुत मुश्किल है। हर सेकंड हमारे शरीर से दस ट्रिलियन घोस्ट पार्टिकल गुजरते हैं।



### अमेरिका और जापान भी बना रहे

अमेरिका और जापान में भी ऐसी ही प्रयोगशाला का निर्माण हो रहा है। अमेरिका की प्रयोगशाला वर्ष 2031 से काम करना शुरू करेगी, जबकि जापान ने इसके लिए वर्ष 2027 तय किया है।

# अभिनेत्री विलिस ऑटिज्म से पीड़ित

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका की दिग्गज अभिनेत्री तल्लुल्लाह विलिस ऑडिज्म से पीड़ित हैं। उन्होंने खुद इसका खुलासा किया है।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्हें पिछले साल इस बीमारी के बारे में पता चला था। ऑटिज्म बीमारी ऐसी मनोदशा है जिसमें सामान्य सामाजिक संबंधों को विकसित करने में कठिनाई होती है। विलिस ने कहा, दरअसल यह पहली बार है जब मैंने सार्वजनिक रूप से सभी को अपनी बीमारी के बारे में बताया है। इसने मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल दी है। उन्होंने इसका एक वीडियो भी जारी किया है।

# स्पेसएक्स ने एक साथ लॉन्च किए 22 स्टारलिंक उपग्रह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** स्पेसएक्स ने मंगलवार को 22 स्टारलिंक सैटेलाइट्स का नया बैच लॉन्च किया। कैलिफोर्निया के वेंडनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से फाल्कन-9 रॉकेट की मदद से उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाया गया।

बूस्टर के वापस धरती पर लौटने के बाद रॉकेट के ऊपरी हिस्से ने अपना काम जारी रखा और 22 स्टारलिंक उपग्रह को पृथ्वी की निचली कक्षा में पहुंचाया। एलन मस्क की कंपनी इस साल अब तक 26 बैच लॉन्च कर चुकी है। कंपनी के अभी 5500 सैटेलाइट्स अंतरिक्ष में हैं। कंपनी के मुताबिक, इससे दुनियाभर में इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी। स्पेसएक्स ने अमेरिका की टी-मोबाइल के साथ भी साझेदारी की है। दोनों मिलकर स्मार्टफोन में सैटेलाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी पेश करना चाहती हैं। कंपनी को लगता है कि अगले कुछ साल में यह संभव हो जाएगा। स्पेसएक्स ने हाल ही में दुनिया के सबसे भारी रॉकेट स्टारशिप को भी टेस्ट किया है। यह तीसरा लॉन्च टेस्ट था, जो लगभग कामयाब रहा। रॉकेट ने ना सिर्फ उड़ान भरी, बल्कि पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश भी किया। हालांकि, पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश के दौरान स्टारशिप का संपर्क टूट गया था। इसके बाद जल्द ही चौथे परीक्षण की तैयारी कर दी गई है।









वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।